संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, सोमवार, 06 नवंबर 2023 ₹ 1 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 297 पृष्ठः 12 RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com **हरियाणा संस्करण** दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



भारतीय पारी में विराट कोहली ने 121 बॉल पर नाबाद 101 रनों की शतकीय पारी खेली। उन्होंने सचिन तेंदुलकर के वनडे में सबसे ज्यादा शतक के वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी कर ली।

## जडेजा के 'पंजे' ने निकाला साउथ अफ्रीका का दम, भारतीय टीम ने 243 रनों से रौंदा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/अयोध्या**
विश्व कप 2023 के 37वें मुकाबले में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 243 रन से हरा दिया है। कोलकाता के ईडन गार्डन्स में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 326 रन बनाए थे। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम सिर्फ 83 रन बना सकी और भारत ने इस टूनार्मेंट में अजेय रहते हुए एक और आसान जीत हासिल की। भारत लगातार आठ जीत के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है और अब यह भी तय हो गया कि भारत शीर्ष पर ही रहेगा। वहीं, दक्षिण अफ्रीका को दूसरी हार का सामना करना पड़ा है। हालांकि, यह टीम भी पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है, लेकिन यह हार दक्षिण अफ्रीका के मनोबल के

**अजेय...**

8 37वें मुकाबले में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 243 रन से हराया
8 कोहली का वनडे में 49वां शतक

लिए बेहद नुकसानदेह होगी। इस मैच में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट खोकर 326 रन बनाए। भारत के लिए सबसे ज्यादा नाबाद 101 रन विराट कोहली ने बनाए। उन्होंने वनडे में 49वां शतक लगाया और सचिन के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की। श्रेयस अय्यर ने 77 और कप्तान रोहित ने 40 रन का योगदान दिया। दक्षिण अफ्रीका के लिए



एडेन मार्करम को छोड़ सभी गेंदबाजों ने एक-एक विकेट लिया। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम सिर्फ 83 रन बना सकी। सबसे ज्यादा 14 रन मार्को यानसेन ने बनाए। उनके अलावा डुसेन ने 13 रन और बावुमा-मिलर ने 11-11 रन बनाए। इनके अलावा कोई भी अफ्रीकी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर पाया। भारत के लिए रवींद्र जडेजा ने पांच विकेट लिए। मोहम्मद शमी और कुलदीप यादव को दो-दो विकेट मिले। मोहम्मद सिराज ने एक विकेट लिया।

**वनडे इतिहास में साउथ अफ्रीका की सबसे बड़ी हारः** भारत ने साउथ अफ्रीका को 243 रन के अंतर से हराया, ये साउथ अफ्रीका की वनडे क्रिकेट में सबसे बड़ी हार रही। इससे पहले 2002 में टीम को पाकिस्तान ने 182 रन से हराया था। इससे पहले साउथ अफ्रीका के खिलाफ टीम इंडिया की सबसे बड़ी जीत 2010 में आई थी, तब टीम को 153 रन से जीत मिली थी। वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका की सबसे बड़ी हार भी इससे पहले भारत के खिलाफ ही थी। 2015 में मेलबर्न के मैदान पर टीम ने 130 रन से मुकाबला जीता था।

**वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका का सबसे छोटा स्कोरः** साउथ अफ्रीका टीम वर्ल्ड कप में पहली बार 100 रन से कम के स्कोर पर ऑलआउट हुई है। इससे पहले 2007 में टीम को ऑस्ट्रेलिया ने 149 रन पर ऑलआउट किया था। वनडे में टीम ने अपने दूसरे सबसे छोटे स्कोर की बराबरी की। टीम 83 रन पर तीसरी बार ऑलआउट हुई है, इससे पहले टीम को 2 बार इंग्लैंड ने भी 83 रन पर ढेर किया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम 1993 में 69 रन भी सिमट गई थी, ये उनका इतिहास में सबसे छोटा स्कोर है।

**विराट बर्थडे पर वर्ल्ड कप सेंचुरी जमाने वाले पहले भारतीयः** भारतीय पारी में विराट कोहली ने 121 बॉल पर नाबाद 101 रनों की शतकीय पारी खेली। उन्होंने सचिन तेंदुलकर के वनडे में सबसे ज्यादा शतक के वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। कोहली बर्थडे पर वर्ल्ड कप सेंचुरी जमाने वाले भारत के पहले और दुनिया के तीसरे बल्लेबाज बने।

**फास्ट न्यूज**

### इजराइल-हमास संघर्ष पर विदेश मंत्री ने की अपने ईरानी समकक्ष से बात

**नई दिल्ली:** इजराइल और हमास संघर्ष के बीच विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने रविवार को अपने ईरानी समकक्ष अमीर-अब्दुल्लाहियन से टेलीफोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा की। डॉ. जयशंकर ने एक्स पर बातचीत की जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि ईरानी विदेश मंत्री से पश्चिम एशिया की गंभीर स्थिति और अंतरराष्ट्रीय समुदाय की चिंता पर चर्चा की। उन्होंने तनाव को रोकने और मानवीय सहायता प्रदान करने के महत्व से अवगत कराया। साथ ही भविष्य में इन परिस्थितियों को लेकर संपर्क में बने रहने पर सहमति व्यक्त की। उल्लेखनीय है कि हमास के आतंकी हमले के बाद इजराइल गाजा पट्टी पर हमले कर रहा है। इसके चलते वहां मानवीय संकट पैदा हो गया है। अमेरिका ने इजराइल से युद्ध विराम की अपील की है, जिसे इजराइल ने यह कहते हुए ठुकरा दिया कि हमास जब तक हमारे सारे बंधकों को नहीं छोड़ देता, अस्थाई संघर्ष विराम नहीं हो सकता।

### अब प्रदूषण को कम करने के लिए दमकल विभाग मैदान में उतरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जानलेवा प्रदूषण को कम करने के लिए अब दमकल विभाग की टीम भी तैयार हो गई है। दमकल विभाग दिल्ली के अलग-अलग 15 हॉटस्पॉट पर गाड़ियों की तैनाती करके वहां पर पेड़ों पर सड़कों पर पानी की बौछार कर रही है। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि जो 15 हॉटस्पॉट चिह्नित किए गए हैं। वह यमुनापार, दक्षिणी दिल्ली, द्वारका, पश्चिमी दिल्ली और बाहरी दिल्ली इलाके में चिह्नित किए गए हैं। उसके आधार पर सुबह छह बजे से ही गाड़ियों की तैनाती कर दी गई है। दमकल की गाड़ी वहां पहुंचती है और उन जगहों पर पेड़ों पर पानी का छिड़काव कर रही है। निदेशकन ने बताया कि दमकल की गाड़िया उन्हीं स्टेशन से भेजी जा रही है जहां आग की कॉल नहीं आई है।

### नेपाल के भूकंप पीड़ितों के लिए भारत ने भेजी राहत सामग्री

**काठमांडू।** नेपाल के जाजरकोट और रूकुम पश्चिम के भूकंप प्रभावित लोगों की मदद के लिए भारत सरकार ने 11 टन सामान भेजा है। राहत सामग्री लेकर भारतीय वायुसेना का विशेष विमान रविवार को नेपालगंज विमानस्थल पर पहुंचा। भारत सरकार की तरफ से भेजी गई राहत सामग्री नेपाल में भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने उपप्रधानमंत्री पूर्ण बहादुर खड़का को सौंपी। राहत सामग्री ग्रहण करते हुए खड़का ने भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संकट के समय भारत की तरफ से भेजी गई यह राहत सामग्री भूकंप पीड़ितों के लिए काफी मददगार साबित होगी। भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने कहा कि आज भारत की तरफ से आवश्यक राहत सामग्रियों की पहली खेप आई है।

## 'गरीब ही सबसे बड़ी जाति'

= मध्य प्रदेश को अपनी पार्टी का एटीएम बनाना चाहती है कांग्रेसः नरेन्द्र मोदी

**साधा निशाना**

8 जब कांग्रेस केंद्र में थी तो करोड़ों का घोटाला करती थी। कांग्रेस हर राज्य को लालच से देखती है

**टीम एक्शन इंडिया/खंडवा**
भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने मध्य प्रदेश को बीमारू राज्य बना दिया था। भाजपा ने मेहनत करके मप्र को गड्ढे से निकाला है। इस कार्य के लिए भाजपा की तीन-तीन पीढ़ियां खप गईं। मध्य प्रदेश को गलत हाथों में नहीं जाने देना है। कांग्रेस यहां सरकार बनाने के लिए क्यों छटपटा रही है? इनका इरादा साफ है, कांग्रेस मध्य प्रदेश को अपनी पार्टी का एटीएम बनाना चाहती है। लोकसभा चुनाव के लिए पूरे मध्य प्रदेश से लूट करनी है। जब कांग्रेस केंद्र में थी तो करोड़ों का घोटाला करती थी। केंद्र से बाहर कांग्रेस हर राज्य को बड़े लालच से देखती है। जिस राज्य में कांग्रेस की सरकार बनी वहां स्पर्धा चलती है, कौन ज्यादा लूटेगा। कांग्रेस यानी विकास की गाड़ी को रिवर्स गेयर में डाल देना। इतने दिन सत्ता में न रहकर कांग्रेस की भूख और बढ़ गई है। प्रधानमंत्री मोदी रविवार शाम को खंडवा जिले के छैगांवमाखन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बाबा ओमकारेश्वर और मां नर्मदा की कृपा पात्र निमाड़ की इस पावन धरा को मैं श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। खंडवा सिर्फ एक स्थान नहीं है। बल्कि आस्था, अध्यात्म, इतिहास और आधुनिकता की संगम स्थली है। यहां जब भी मुझे आने का मौका मिला है, जब भी इस पवित्र धरती पर आया हूं तब ऐसा लगता है कि मैं तीर्थ यात्रा पर आया हूं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नौजवानों की दुश्मन है। हर माता-पिता से अनुरोध है कि वह अपने बच्चों को बताएं कि कैसे कांग्रेस ने लूट मचाई थी। नौजवानों को खुद के 25 साल का भविष्य निर्धारित करने के लिए वोट डालना है। आप अपना भविष्य ऐसे हाथों में मत दीजिये जो हाथ बदनामी से भरे हुए हैं। कांग्रेस ने हमेशा अपने नेताओं के विकास की सोची है।



**'तीसरी बार केंद्र में फिर भाजपा की सरकार बनेगी'**


**पीएम ने** कहा कि कांग्रेस ने इतने सालों तक देश में शासन किया, 2014 से पहले कांग्रेस का की परचम था। कांग्रेस ने 100 से अधिक जिलों को पिछड़े जिले की कैटेगिरी में डाला था। हम सबका साथ, सबका विकास किया। मैं खंडवा को कैसे छोड़ देता। मैंने अफसरों से कहा और फिर पिछड़ा जिला खंडवा एस्पिरेशनल जिले में जोड़ा गया। आकांशी जिलों में कैसे काम होता है ये हमें दिख रहा है। जो बुरा हाल था उससे बाहर लाया हूं। अब नई ऊंचाइयों तक भी लेकर जाऊंगा। एशिया का पहला 600 मेगावाट का फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट खंडवा के गौरव में एक और अध्याय के रूप में जुड़ा है। खंडवा की संतान किशोर कुमार के नाम पर संस्थान भी बना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह तय है कि तीसरी बार केंद्र में फिर भाजपा की सरकार बनेगी। तीव्र गति से विकास होता रहे, इसके लिए मुझे मध्य प्रदेश में भी ब्रेक लगाने वाले नहीं चाहिए। मुझे तेज तर्रार भाजपा की सरकार चाहिए।

**अगले पांच साल तक मुफ्त राशन की गारंटी देंगेः मोदी**

**मध्यप्रदेश** के सिवनी में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी पार्टी के लिए चुनाव प्रचार करने पहुंचे हैं। जहां उन्होंने एक जनसभा को संबोधित कर कहा कि मैं गरीबी से बाहर आ गया हूं। मुझे किताबों में पढ़ने की जरूरत नहीं है कि गरीबी क्या होती है। मैं गरीबों का दर्द महसूस कर सकता हूं। इसलिए, आपके बेटे, आपके भाई ने मन में एक बड़ा निर्णय लिया है कि जब दिसंबर में गरीब कल्याण अन्न योजना पूरी हो जाएगी तो हम अगले पांच साल तक मुफ्त राशन की गारंटी देंगे। पीएम ने कहा कि 2014 से पहले कांग्रेस का एक घोटाला लाखों-करोड़ों रुपये का होता था। लेकिन बीजेपी में ये गरीब की भलाई में खर्च होता है। हमारे आदिवासी भाई-बहनों के यहां लखन कुंवर की पूजा-अर्चना कर खेती शुरू करने की परंपरा है। लेकिन बीते दशकों में कांग्रेस ने भारत की आजादी का पूरा श्रेय एक ही परिवार को दिया। कांग्रेस के लिए उससे बड़ा कुछ है ही नहीं।

## दिल्ली-एनसीआर की हवा हुई दमघोंटू, ग्रैप-4 के प्रतिबंध लागू

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण की स्थिति गंभीर हो गयी है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने वायु गुणवत्ता स्तर में और गिरावट को रोकने के लिए तत्काल प्रभाव से पूरे एनसीआर में ग्रैप-4 के तहत 8-सूत्रीय कार्य योजना लागू की है। दिल्ली में सभी तरह की कंस्ट्रक्शन और डिमोलिशन की गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। दिल्ली और एनसीआर के राज्यों के स्कूलों में प्राथमिक के अलावा



माध्यमिक और शिक्षा विद्यालयों को भी ऑनलाइन क्लासेस लगाने की छूट रहेगी। संबंधित राज्य इस संबंध में निर्णय ले सकते हैं। केंद्र सरकार अपने कर्मचारियों को घर से काम करने की सुविधा दे सकती है। इसके अलावा राज्य सरकारी गैर जरूरी गतिविधियों और आवाजाही पर भी रोक लगा सकती है।

**प्रतिबंध**

8 निर्माण गतिविधियों पर प्रतिबंध, शैक्षणिक संस्थाओं व अन्य गतिविधियों पर राज्य लगा सकते हैं रोक

### इजरायल-गाजाः अस्पताल पर हमले में कई लोगों की मौत

**गाजा/अम्मानः** गाजा पट्टी के मुख्य युद्ध क्षेत्र स्थित संयुक्त राष्ट्र के आश्रय गृह और अस्पताल पर शनिवार को इजरायली सेना के हवाई हमले में कई लोग मारे गए है। हमास शासित गाजा पट्टी में इजराइल द्वारा हमले और आम नागरिकों की मौतों की बढ़ती संख्या से अंतरराष्ट्रीय नाराजगी बढ़ती जा रही है।

वहीं अरब नेताओं ने सार्वजनिक रूप से अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन पर गाजा में तत्काल युद्धविराम सुनिश्चित करने के लिए दबाव डाला है।

## तीनों सेनाओं के लिए संयुक्त थिएटर कमांड का 'ब्लूप्रिंट' तैयार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आखिरकार** लम्बे इंतजार के बाद भारतीय सशस्त्र बलों के लिए संयुक्त थिएटर कमांड की रूपरेखा तैयार हो गई है। रक्षामंत्री की अध्यक्षता में राष्ट्रीय रक्षा समिति के प्रस्तावों को अंतिम रूप देने के बाद अब भारत सरकार की मंजूरी का इंतजार है। चीन-पाकिस्तान के लिए एक-एक और समुद्री खतरे के लिए अलग से एक कमांड होगी। एक एयर कमांड होगी, जिसमें तीनों सेनाओं की वायु संपत्तियां एक साथ काम करेंगी। मिलिट्री थिएटर के नीचे सभी सेनाएं एक की तरह काम करेंगी। इस तरह कुल पांच थिएटर कमांड के हवाले पूरे देश की जमीनी, समुद्री और हवाई सुरक्षा की जिम्मेदारी होगी। दुनिया में बदलते युद्ध के पारंपरिक तौर-तरीके और 'मॉडर्न वार' को देखते हुए चीन एवं अमेरिका की तर्ज पर तीनों सेनाओं का पुनर्गठन करके थिएटर कमांड बनाने की प्रक्रिया देश के पहले सीडीएस दिवंगत जनरल बिपिन रावत ने शुरू की थी, लेकिन हेलीकॉप्टर दुर्घटना में उनके निधन के बाद से यह प्रक्रिया धीमी पड़ गई थी। सशस्त्र बलों ने रक्षामंत्री की अध्यक्षता में एक राष्ट्रीय रक्षा समिति के तहत थिएटर कमांडरों के प्रस्ताव के साथ एकीकृत थिएटर कमांड की अंतिम रूपरेखा तैयार की है, लेकिन मानव संसाधन से संबंधित कुछ मामलों पर निर्णय लिया जाना बाकी है।

**रूपरेखा...**

8 राष्ट्रीय रक्षा समिति के प्रस्तावों को अंतिम रूप देने के बाद अब भारत सरकार की मंजूरी का इंतजार

## कांग्रेस का घोषणा पत्र झूठ का पुलिंदाः पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/रायपुर**
छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए आज कांग्रेस ने घोषणा पत्र जारी किया इसपर छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए इसे कांग्रेस का लबारी पत्र बताते हुए कहा कि ऐसा ही एक लबारी पत्र कांग्रेस ने पिछली बार भी जारी किया था, जनता ने उसपर भरोसा किया था लेकिन सत्ता में आने के बाद पिछले 5 साल में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सिर्फ. जनविरोधी कार्य किए, कांग्रेस को तो नया लबारी पत्र जारी करने की जरूरत भी नहीं थी, पुराने घोषणा पत्र का ही एक भी वादा ठीक से पूरा नहीं हुआ है 5 साल मुख्यमंत्री रहने के नाते भूपेश बघेल का ये दायित्व था कि वो पहले पिछले घोषणा पत्र के वादों का हिसाब दें।
इसके साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि इस लबारी पत्र में कोई दम नहीं है।

## रक्षा उद्योग में दी 100 फीसदी एफडीआई को मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारत ने पहली बार** रक्षा उद्योग में 100 फीसदी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को मंजूरी दे दी है। स्वीडिश कंपनी साब ने रक्षा परियोजना में भारत का पहला 100 फीसदी एफडीआई हासिल किया है। यह मंजूरी हरियाणा में फैक्टरी की स्थापना करने के लिए दी गई है। इस फैक्टरी में एंटी आर्मर, एंटी टैंक, बंकर और कार्ल-गुस्ताफ एम4 रॉकेट लॉन्चर का भी निर्माण किया जाना है। भारतीय सेना पहले से ही कंधे से दागे जाने वाले रॉकेट का इस्तेमाल कर रही है। इन रॉकेट



लॉन्चरों का यूक्रेन-रूस युद्ध में जमकर इस्तेमाल हो रहा है। भारत ने अभी तक रक्षा उद्योग में 74 फीसदी तक एफडीआई की अनुमति दी है। हालांकि 2015 में एफडीआई मंजूरी के नियमों में ढील दी गई थी, लेकिन अब तक कोई भी विदेशी कंपनी रक्षा क्षेत्र में 100 फीसदी एफडीआई की अनुमति नहीं ले पाई थी। यह पहला मौका है, जब स्वीडिश कंपनी साब ने रक्षा परियोजना में भारत का पहला 100 फीसदी एफडीआई हासिल किया है।

**पहली बार..**

8 स्वीडिश कंपनी ने रक्षा परियोजना में भारत का पहला 100% एफडीआई हासिल किया

**नियुक्ति होगी** प्राइवेट बिल्डर का मामला स्वयं देखेंगे- मनोहर लाल, तीन लाभार्थियों को मौके पर दिए पेंशन शुरू होने संबंधी कागजात

## 'रेडियोग्राफर के पदों पर भर्ती हुए युवाओं को जल्द दी जाएगी नियुक्ति'

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि रेडियोग्राफर के पदों पर भर्ती हुए युवाओं को जल्द ही नियुक्ति दी जाएगी। सप्ताह भर में डॉक्यूमेंट स्क्रूटनी के बाद बाकी प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने यह बात रविवार को करनाल के वार्ड नंबर 10 में आयोजित जनसंवाद के दौरान कही। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार अंत्योदय के लक्ष्य के साथ काम कर रही है। हमने पिछले 9 साल में विभिन्न योजनाओं के तहत लगभग एक




करोड़ लोगों को लाभ पहुंचाया है। हमारा उद्देश्य है कि हर गरीब परिवार का जीवन स्तर ऊंचा हो और हर परिवार आर्थिक रूप से मजबूत हो। उन्होंने कहा कि मैं आप सभी के बीच से एक छोटा सा कार्यकर्ता हूं। प्रदेश के लगभग दो करोड़ अस्सी लाख लोग मेरा परिवार हैं। मैं आपके बीच में आपके सामने आ रही समस्याओं के समाधान के लिए आया हूं।

**जनसंवाद**

8 तीन लोगों को परिवार पहचान पत्र के माध्यम से ऑटोमेटिकली पेंशन शुरू होने संबंधी कागजात भी सौंपे

**प्राइवेट बिल्डर का मामला स्वयं देखेंगेः** जनसंवाद के दौरान बहुत से लोगों ने प्लॉट से संबंधित समस्या बताई। इस दौरान एक प्राइवेट बिल्डर का मामला आने पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्राइवेट बिल्डर का मामला उनके संज्ञान में है। उन्होंने कहा कि वे इस मामले को स्वयं देखेंगे और लोगों को आ रही समस्या का समाधान करेंगे।

**तीन लाभार्थियों को मौके पर दिए पेंशन शुरू होने संबंधी कागजातः** जनसंवाद के दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वार्ड नंबर 10 के 60 वर्ष की उम्र पार कर चुके तीन लोगों को परिवार पहचान पत्र के माध्यम से ऑटोमेटिकली पेंशन शुरू होने संबंधी कागजात भी सौंपे।

## केदारनाथ धाम पहुंचे सांसद राहुल गांधी

**टीम एक्शन इंडिया/रूद्रप्रयाग**
**कांग्रेस** सांसद राहुल गांधी रविवार (5 नवंबर) को तीन दिन के निजी दौरे पर उत्तराखंड पर हैं। वे केदारनाथ धाम पहुंच गए। पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा और 2024 लोकसभा चुनाव में जीत के लिए उन्होंने यहां पूजा-अर्चना की। उत्तराखंड कांग्रेस ने पर लिखा- राहुल उत्तराखंड की धार्मिक यात्रा पर हैं। इस दौरान कोई राजनीतिक आयोजन नहीं होगा। इससे पहले 2015 में राहुल गांधी पैदल यात्रा करके केदारनाथ धाम पहुंचे थे।

राहुल गांधी भारत यात्रा के बाद दोबारा स्वर्ण मंदिर गए थे। यह दौरा भी पूरी तरह धार्मिक और निजी रखा गया था। वे 48 घंटे



अमृतसर में और 4 घंटे हरमंदिर साहिब में रुके। जहां उन्होंने लंगर, पानी और जूतों की सेवा की। राहुल गांधी भारत यात्रा के बाद दोबारा स्वर्ण मंदिर गए थे। यह दौरा भी पूरी तरह धार्मिक और निजी रखा गया था। वे 48 घंटे अमृतसर में और 4 घंटे हरमंदिर साहिब में रुके। जहां उन्होंने लंगर, पानी और जूतों की सेवा की। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा ने तेलंगाना के मुलुगु जिले के रामप्पा मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद चुनाव प्रचार की शुरूआत की। रैली के बाद प्रियंका दिल्ली लौट गईं, जबकि राहुल तीन दिन वहीं रुके थे। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा ने तेलंगाना के मुलुगु जिले के रामप्पा मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद चुनाव प्रचार की शुरूआत की।

**बाबा के दर पर**

8 राहुल उत्तराखंड की धार्मिक यात्रा पर हैं। इस दौरान कोई राजनीतिक आयोजन नहीं होगा : कांग्रेस

# नंदीशाला में व्यवस्था सुधरने की बजाय बिगड़ती ही जा रही है...

## कुमासपुर नंदीशाला में एक दिन के लिए भी चारे का स्टॉक नहीं

**टीम एक्श इंडिया/सोनीपत** कुमासपुर नंदीशाला में भले ही निगम ने व्यवस्था में सुधार करवाने व गौवंश की देखरेख के लिए टीम का गठन किया है, लेकिन नंदीशाला में व्यवस्था सुधरने की बजाय बिगड़ती ही जा रही है। निगम ने गौवंश के पेट भरने के लिए एक माह का चारा रखने के निर्देश दिए थे, लेकिन निर्देश के करीब डेढ़ माह बाद भी हालात ज्यों के त्यों है। आलम यह है कि कुमासपुर नंदीशाला में एक दिन के लिए भी चारे का स्टॉक नहीं है। दरसअल नगर निगम की तरफ से कुमासपुर गांव में संचालित नंदीशाला में करीब 1 हजार 350 गौवंश हैं, जिनके रखरखाव व खानपान की जिम्मेदारी नगर निगम ने एक निजी एजैंसी को प्रति पशु



40 रूपए दे रखी है, लेकिन एजैंसी तरफ से जुलाई माह से ही लापरवाही व मनमानी से काम करने के आरोप लगे हैं। सितम्बर माह में मेयर निखिल मदान, सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा, डिप्टी मेयर मनजीत गहलावत व निगम के डी.एम.सी. हरदीप सिंह ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एजैंसी की तरफ से गौवंश के साथ की गई बेकद्री की सभी हदें पार मिली। एक तरफ गौवंश के लिए चारा नहीं मिला तो दूसरी तरफ मृत गौवंश के शवों को मिट्टी नहीं मिली। इस दौरान निगम प्रशासन ने व्यवस्था को सुधारने के लिए कमेटी गठित की। कमेटी ने

**निरीक्षण**

**8 निगम ने गौवंश के पेट भरने के लिए एक माह का चारा रखने के निर्देश दिए थे,हालात ज्यों के त्यों हैं**

कुमासपुर नंदीशाला में व्यवस्था सुधार के लिए एक माह तक चारे का स्टॉक रखने के निर्देश दिए, लेकिन मौजूदा समय में इस तरह के हालात हैं कि नंदीशाला में एक दिन के चारे का भी स्टॉक नहीं है। हालात यह है कि जल्द ही स्थिति नहीं सुधरी तो मृत गौवंश की संख्या फिर बढ ?ा शुरू हो जाएगी।

**117 गौवंश की नहीं हो सकी जांच, निगम कर रहा लीपापोती**

कुमासपुर नंदीशाला में गौवंश की हो रही बेकद्री की सूचना मिलने के बाद मेयर, पार्षदों व निगम अधिकारियों ने निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान रिकार्ड अनुसार 117 गौवंश कम मिले। इतनी संख्या में कम हुए गौवंश कहां गए अभी तक निगम प्रशासन जांच नहीं कर पाया है। निरीक्षण के दौरान ही निगम के उच्चाधिक्कारियों ने एजैंसी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए और नंदीशाला में मृत अवस्था में मिले करीब 12 गौवंश के शवों का पोस्टमार्टम की बात कही गई, लेकिन निगम प्रशासन अब तक कोई कार्रवाई नहीं कर सका। एजैंसी को बचाने के लिए अधिकारियों की तरफ से सिर्फ लीपापोती ही की जा रही है।

# लोगों को नशे से दूर रहने के लिए किया जागरूक

**शपथ**

**8 प्रतिदिन ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है**

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)** नशा मुक्त हरियाणा अभियान को लेकर हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा प्रतिदिन ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है तो दूसरी और ब्यूरो हरियाणा द्वारा नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। इस कार्य के लिए हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह आईपीएस साहब को बागडोर



सौंपी गई है। उनके दिशानिर्देशों से एवं पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन, आईपीएस, कुमारी निकिता खट्टर, आईपीएस और अनिल कुमार साहब के मार्गदर्शन में निरंतर नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। जागरूकता कार्यक्रम के लिए उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा को नियुक्त किया गया है। वे प्रतिदिन साइकिल पर सवार होकर हरियाणा के अलग अलग जिलों में नशे के विरुद्ध जागरूकता सन्देश दे रहे हैं। इस कड़ी में वे आज साइकिल पर सवार होकर लाडवा सड़क से होते हुए गुजरे। आने जाने वाले और अनेक स्थानों पर रुककर लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया। पिछले तीन वर्षों में ब्यूरो द्वारा 1778 नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं।

# भारतीय संविधान सर्वश्रेष्ठ संविधान : सूरजभान




**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/ शाहबाद (दलबीर मलिक)** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के सदस्य सूरजभान कटारिया ने कहा है कि आज विश्वभर में भारतीय संविधान से हमारा देश विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसित हो रहा है !
कटारिया ने आज यहां जलेबी पुल स्थित गुरु रविदास मंदिर प्रांगण में गुरु रविदास अमर ज्योति जागरण मिशन के द्वारा आयोजित संविधान दिवस के अवसर पर अध्यक्षता करते हुए कहा कि हमारे देश का संविधान भारत रत्न बाबासाहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी द्वारा रचयिता है और यह भारतीय संविधान सर्वश्रेष्ठ संविधान है समय-समय पर अनेक देशों ने भारतीय संविधान का लोहा माना है और उससे प्रेरणा ली है।

**जागरण मिशन**

**8 आज विश्वभर में भारतीय संविधान से हमारा देश विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसित हो रहा ह**

संविधान दिवस पर मुख्य प्रवचन करने के लिए विशेष रूप से पंजाब से गुरु रविदास साधु संप्रदाय समिति के प्रधान संत निर्मल दास महाराज जी ने जहां गुरु रविदास जी की शिक्षाओं को अपने जीवन में धारण करके जीवन सफल बनाना चाहिए! संत महाराज निर्मल दास जी के गुरु रविदास जी के संदेश प्रवचनों से शाहबादवासी गदगद हुए, उपस्थित श्रद्धालुओं ने गुरु रविदास अमृत शक्ति अमर रहे और बाबा साहब अंबेडकर अमर रहे की जय घोष करके धार्मिक माहौल बनाया।

# पुष्य नक्षत्र में दी गई औषधी वरदान के समान: डॉ. सुनीति

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** पुष्य नक्षत्र के अवसर पर शनिवार को श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग द्वारा गर्भावस्था पूर्व योजना और बांझपन के उपचार हेतु निःशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 60 से अधिक माता-पिता को नस्य कर्म, स्वस्थ शिशु की प्राप्ति हेतु आहार-विहार व गर्भवती महिलाओं के लिए योग की भी जानकारी उपलब्ध करवाई गई।विभागाध्यक्ष डॉ जितेश कुमार पांडा ने बताया कि सुबह सात से 10 बजे तक पुष्य नक्षत्र का समय रहा। जिसमें शहरवासियों के साथ-साथ सुदूरवर्ती क्षेत्र के दंपति जो गर्भ धारण करना चाहते हैं या



निसंतान है और बहुत लंबे समय से गर्भधारण नहीं कर पा रहे, उनको नस्यकर्म करवाया गया। दरअसल आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति में नस्य थेरेपी एक महत्वपूर्ण उपाय है, जो गला, नाक और मस्तिष्क संबंधी विकारों को दूर करने में इस्तेमाल की जाती है। नस्य का सम्बन्ध नाक की नली से है, इस उपचार में आयुर्वेदिक औषधि को नाक के माध्यम से शरीर में पहुंचाने का काम किया जाता है। जिसमें देसी घी, कई प्रकार के तेल और क्वाथ शामिल हैं। डॉ. सुनीति ने बताया कि हर बीमारी में नस्य अलग-अलग होता है। बांझपन में नस्य से हाइपो थैलमस पिचुटरी ओवेरियन एक्सिस एक्टिवेट करता है, साथ ही मासिक धर्म की अनियमितता, अंडे का न बनना जैसी समस्या भी दूर होती है व नस्य द्वारा तनाव कम होता है, दंपति को जो बच्चा होगा वह शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार से मजबूत होगा। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेंद्र चौधरी, चिकित्सा उपधीक्षक डॉ. सुरेंद्र सहरावत व पीजी स्कॉलर मौजूद रहे।

# स्वामी रामानंद बने गरीबदासी संत समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**खरखौदा सोनीपत/सोमपाल सैनी**
रविवार को खरखौदा के निकटवर्ती गाँव गोपालपुर में हरियाणा के प्रसिद्ध संत गरीबदास के अनुयाई संत व भक्तों की एक बड़ी बैठक संत योग आश्रम के प्रांगण में महंत रामानंद शास्त्री की अध्यक्षता में संपन्न हुई।
इस बैठक में संत समाज व भगत समाज से जुड़ी हुई विभिन्न समस्याओं तथा आवश्यकताओं के ऊपर विस्तृत चर्चा की गई। संत वाणी के साथ-साथ सनातन के प्रचार की बात, बच्चों में संस्कार ज्यादा पनपे इसके ऊपर विचार, समाज में फैल रहे नशे तथा कुरीतियों का विरोध साथ ही समाज में महिलाओं को उचित सम्मान तथा अवसर प्रदान करने की अनुशंसा की गई।
इस अवसर पर गरीबदासी संत व भक्तों ने एक मत होकर अपने भेख के प्रचार प्रसार की शपथ ली तथा गोपालपुर गांव स्थित योग आश्रम के महंत स्वामी रामानंद शास्त्री को समस्त गरीबदासी संत समाज का राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वसम्मति से चुना। जिसके लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी आए हुए संत व भक्तों का आभार प्रकट किया।

# स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन ने किया दिवाली मिलन समारोह का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत** जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने के लिए काम करने वाली स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन द्वारा सैक्टर -14 स्थित कम्युनिटी सेंटर में आयोजित तीन दिवसीय दिवाली मेले में कल शनिवार को सुरेंद्र मदान वार्ड 3 पार्षद एवं वाइस चेयरमैन निगम फाइनेंस एंड कांट्रैक्ट कमेटी सोनीपत व धर्मपत्नी मोनिका मदान के साथ शिरकत की। इस अवसर पर आयोजकों ने



बच्चों द्वारा बनाई गई एक खूबसूरत सीनरी भेंट की। इस दौरान लक्की ड्रा के माध्यम से निकाला गया इनाम, संबंधित व्यक्ति को देकर सम्मानित किया गया।

# रोटरी, रोटरेक्ट व इनरव्हील की तरफ से लगाया गया 14वां दिवाली मेला

**समारोह**

**8 सामाजिक संस्थाओं द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों को ज्यादा तवज्जो देते है**

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/लाडवा (दलबीर मलिक)** लाडवा के शिवाला रामकुंडी में शहर की अंतर्राष्ट्रीय सामजिक संस्था रोटरी, रोटरेक्ट व इनरव्हील क्लब की तरफ से 14वां विशाल दिवाली मेला लगाया गया। जिसमें समाजसेवी व नेता संदीप गर्ग ने मुख्यातिथि के रुप में शिरक्त की।
संदीप गर्ग ने कहा कि रोटरी द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए सरकार द्वारा चलाए जा रहे समाज सम्बंधित कार्यक्रमों में भागीदारी की अपील करते हुए कहा कि लोग सरकार व कानून से ज्यादा सामाजिक संस्थाओं द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों को ज्यादा तवज्जो देते है और रोटरी खुद उस दिशा में प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि करोना काल के बाद रोटरी द्वारा फिर से यह दिवाली मेले की शुरूआत की गई है। इस प्रकार के कार्यक्रमों से आपसी भाईचारा बढ़ता है।



उन्होंने कहा कि जो बच्चे इस बार प्रतियोगिताओं में ईनाम प्राप्त नहीं कर पाए हैं। उन्हें भी निराश होने की जरुरत नहीं हैं। आगे ईनाम लेने के लिए प्रयास करते रहना चाहिए। प्रोजेक्ट चेयरमैन दुर्गेश गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि रोटरी, रोटरेक्ट व इनरव्हील क्लब की तरफ से 14वां विशाल दिवाली मेला शिवाला रामकुंडी पर लगाया गया जिसमें विभिन्न प्रकार की स्टाल लगाई गयी व बच्चों के लिए झूलों का प्रबंध किया गया। बच्चों के लिए डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें जूनियर सोलो डांस में प्रांजल ने प्रथम, कंचन शर्मा ने द्वितीय व कनिका ने तृतीय स्थान हासिल किया वहीँ सीनियर सोलो डांस में देव बादल ने प्रथम, कंगना ने द्वितीय व तरुशी ने तृतीय पुरस्कार जीता। जूनियर ग्रुप डांस प्रतियोगिता में जे आर डी क्रू फरीदाबाद ने प्रथम, बॉम्बे डांस अकडेमी ने द्वितीय व जय हिन्द पब्लिक स्कूल की टीम ने तृतीय पुरस्कार जीता वहीँ सीनियर ग्रुप डांस में जे आर डी क्रू फरीदाबाद टीम ने प्रथम, डी ऐ वी गर्ल्स कॉलेज यमुनानगर ने द्वितीय व आर के एस डी कॉलेज कैथल की टीम ने तृतीय पुरस्कार हासिल किया। लाडवा में पहली बार शहनाज प्रोफेशनल ब्यूटी अक-डेमी के सहयोग से आयोजित फैशन शो प्रतियोगिता में लाडवा के आस पास के क्षेत्र के साथ साथ शाहबाद, अम्बाला, कैथल, फरीदाबाद व पानीपत के प्रतिभागियों ने अपनी रैंप वाक की प्रस्तुति से अलग ही माहौल बना दिया जिसे दर्शकों द्वारा अत्यंत सराहा गया। फैशन शो प्रतियोगिता में लाडवा की किम्मी ने ब्यूटी क्वीन का खिताब हासिल किया वहीँ डी ऐ वी गर्ल्स कॉलेज यमुनानगर की विद्यार्थियों ने द्वितीय व तृतीय पुरस्कार हासिल किया।

# बाल भवन पब्लिक स्कूल में प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**स्कूल प्राचार्य उमेद सिंह ने बताया कि जिला बाल कल्याण परिषद कुरुक्षेत्र द्वारा संचालित बाल भवन पब्लिक स्कूल में हिन्दी कविता पाठ एवं बेस्ट आऊट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। केजी एवं प्रथम कक्षा के मध्य हिन्दी कविता पाठ प्रतियोगिता तथा कक्षा दूसरी से पांचवी कक्षाओं के मध्य बेस्ट आऊट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में सभी विधार्थियों ने बढ़-चढकर भाग लिया। वेस्ट मैटीरियल से बनी वस्तुओं में पैन स्टैंड, डस्टबीन, वाल हैंगिंग, सजावट का समान इत्यादि बनकर



अपनी का प्रदर्शन किया। आकर्षण का केन्द्र रहें छोटे-छोटे बच्चों ने कविताएं सुनाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कविता पाठ प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी में प्रथम सचिन, द्वितीय संजना व मानिक तृतीय स्थान पर रहे। एलकेजी में आर्या प्रथम, केजी कक्षा में युवांश प्रथम, प्रीतिका द्वितीय, तेजस तृतीय रहे। इसी क्रम में पहली कक्षा में नव्या प्रथम, विधान द्वितीय, वेदांशी $तृतीय स्थान पर रही। बेस्ट ऑफ वेस्ट में कक्षा द्वितीय में जसनूर खुशी शर्मा एवम्, खुशी सैनी क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा तृतीय व चतुर्थ मानवी, दीपेश, नौमान, प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा चतुर्थ में ध्रुव शर्मा, पहले स्थान पर, खनक व ओजस दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। कक्षा पांचवी में मोहिशा प्रथम, खुशी द्वितीय व कलपी ने तीसरा स्थान अर्जित किया। विजेता विद्यार्थियों को वार्षिक उत्सव पर सम्मानित किया जाएगा।

**प्रदर्शन**

**8 कक्षा दूसरी से पांचवी कक्षाओं के मध्य बेस्ट आऊट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया**

# छात्र नेता दीपक धनखड़ ने केजरीवाल का स्वागत किया

**रोहतकः** रोहतक में आयोजित शपथ ग्रहण समाहरो में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय सयोंजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शिरकत की । इस अवसर पर समस्त हरियाणा के 11 हजार पदाधिकारियों को शपथ दिलाई । शपथ ग्रहण समारोह की शुरूआत से पहले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सर्किट हाउस रोहतक में मुख्य पदाधिकारी से मिले । छात्र नेता दीपक धनखड़ ने शहीद ए आजम भगत सिंह , बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर एवं किसान मसीहिया दीनबंधु छोटू राम जी की प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया।

# विधायक बड़ौली भगवान राम-राधा कृष्ण व स्वतंत्रता सेनानियों की झांकी में हुए शामिल

**टीम एक्सन इंडिया/सोनीपत करणी** सेना, गौ रक्षक तथा हिन्दूवादी संगठनों द्वारा राई विधानसभा के गांव अटेरना, जाखौली, झुण्डपुर, पावसरा, मनौली, खुर्मपुर और भैरा बाकीपुर में निकाली गई भगवान राम, राधा-कृष्ण व स्वतंत्रता सेनानियों की झांकी में विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। उन्होंने झांकी में शामिल लोगों को उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि भगवान राम व कृष्ण सभी श्रृद्धालुओं की मनोकामनाएं पूरी करेंगे। विधायक ने कहा कि भगवान राम व कृष्ण ने हमेशा लोगों को सत्य और धर्म पर आगे



बढ़ते हुए समाज का कल्याण करने की बात कहीं इसलिए हमें उनके बताए गए रास्ते पर चलते हुए मानव जाति के कल्याण के लिए कार्य करने चाहिए। इसके अलावा भगवान के बताएं गए रास्ते पर आगे बढ़ते हुए हमारे क्रांतिकारी वीर स्वतंत्रता सेनानियों ने भारत माता को आजाद करवाने और देश के कल्याण के लिए अनेक यातानाएं सही। इसलिए हमें उन स्वतंत्रता सेनानियों को कभी नहीं भूलना चाहिए। इस मौके पर राजीव जैन, तरूण देवीदास, अरूण चौहान, दीपक चौहान, डॉ० राकेश राणा, सुनील रोहिल्ला, मनीष राई, सुदेश प्रजापति, मनीष पार्षद कुण्डली, अरविंद अटेरना, सुशील तथा जयराम सहित हजरों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# आप जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में सचिव शपथ ग्रहण समारोह के लिए हुए रवाना

## आप संयोजक अरविंद केजरीवाल एक बार फिर कार्यकर्ताओं में भरेंगे जोश: जगबीर जोगनाखेड़ा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** आम आदमी पार्टी ने हरियाणा में अपना संगठन पूरी तरह से विकसित कर दिया है। पहले ब्लॉक अध्यक्ष फिर सर्कल इंचार्ज और अब प्रत्येक गांव और शहरी वार्डो में कमेटी सचिव नियुक्त किये हैं। अब आम आदमी पार्टी की गांव,डेरे, कॉलोनी और वार्डो में मजबूत पकड़ हो चुकी है। चुनावी लड़ाई लड़ने को आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और नेता पूरी तरह से तैयार हो चुके है। ये शब्द आम आदमी पार्टी के कुरुक्षेत्र जिलाध्यक्ष जगबीर जोगनाखेड़ा ने ग्राम व शहरी सचिवों के काफिले को रोहतक में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में रवाना होने के दौरान कहे।



इस मौके पर पंजाब लघु उद्योग एवम निर्यात निगम चैयरमेन एवम थानेसर प्रभारी दलबीर सिंह ढिल्लों,कुरुक्षेत्र लोकसभा अध्यक्ष सुमित हिंदुस्तानी,प्रदेश सहसचिव विशाल खुबबड़ सहित नवनियुक्त सचिव व कार्यकर्ता मौजूद रहे।पंजाब लघु उद्योग एवम निर्यात निगम चैयरमेन एवम थानेसर प्रभारी दलबीर सिंह ढिल्लों ने कहा कि आम आदमी पार्टी का कार्यकर्ता बूथ स्तर तक मजबूर हो चुका है। तमाम छोटे से लेकर बड़ा कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का काम करते हुए उन्हें पार्टी से जोड़ने का काम कर रहा है।जगबीर जोगनाखेड़ा ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ की हड्डी होता है।बिना कार्यकर्ता के पार्टी का कोई संगठन नही होता। पार्टी बूथ स्तर तक मजबूती पकड़ रही है और घर घर जाकर कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों से लोगों को अवगत करवा रहे हैं। जगबीर ने कहा कि निश्चित रूप से रोहतक में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान कार्यकताओं में जोश भरने का काम करेंगे। जोगनाखेड़ा ने कहा कि प्रदेश की जनता मौजूदा सरकार से बेहद परेशान और खफा है। प्रदेश की जनता आम आदमी पार्टी की नीतियों और दिल्ली व पंजाब सरकार की योजनाओं से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हो रही है। निश्चित रूप से आगामी विधानसभा चुनावों में प्रदेश में आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी।

**प्रतियोगिता**

**8 फिर सर्कल इंचार्ज और अब प्रत्येक गांव और शहरी वार्डो में कमेटी सचिव नियुक्त किये हैं**




# गांव रतनगढ़ से शुरू की छात्र परिवहन सुरक्षा योजना

### छात्र परिवहन सुरक्षा योजना के तहत गांव से दूर के स्कूल में जाने के लिए सरकार विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाएगी परिवहन सेवा: मनोहर लाल, प्रथम चरण में करनाल और उसके बाद प्रदेशव्यापी योजना से स्कूली बच्चों को मिलेगा फायदा

**जनसंवाद**

**8 स्कूल में जाने के लिए अब परिवहन विभाग की ओर से बस सेवा उपलब्ध करवाई जाएगी**

**टीम एक्शन इंडिया/ करनाल/राजकुमार प्रिंस**

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि गांव में 50 से अधिक विद्यार्थी होने पर दूर-दराज के स्कूल में जाने के लिए अब परिवहन विभाग की ओर से बस सेवा उपलब्ध करवाई जाएगी। जिस गांव में 30 से 40 विद्यार्थी हैं वहां पर मिनी बस, जिस गांव में 5 से 10 विद्यार्थी हैं वहां पर शिक्षा विभाग की ओर से परिवहन व्यवस्था उपलब्ध करवाई जाएगी। यह सुविधा छात्र परिवहन सुरक्षा योजना के तहत उपलब्ध करवाई जाएगी। इस योजना को करनाल के गांव रतनगढ़ के जनसंवाद कार्यक्रम में शुरू करने की घोषणा की है। इस योजना को प्रथम चरण में करनाल जिला और उसके बाद प्रदेश के अन्य जिलों में लागू की जाएगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल करनाल के गांव रतनगढ़ में जनसंवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गांव रतनगढ़ के लोगों की समस्याएं सुनी और जगदीश निवासी जुंडला व दयानंद निवासी रतनगढ़ को पेंशन की सौगात, युवाओं को खेल प्रांगण जैसी सुविधा, रतनगढ़ और दौलतपुर गांव के बीच स्थित डेरे के 10 घरों में जाने के लिए 2 या 3 करम के रास्ते बनाने के लिए जमीन मालिक से बातचीत करने और गांव में बिजली के नए कनैक्शन देने, गांव निवासी ओम प्रकाश को रेडक्रॉस के माध्यम से रिक्शा देने, गांव की बेटी प्रियंका की मांग पर गांव के साथ लगती ड्रेन को बारिश से पहले पक्का करने, गांव फूसगढ़ निवासी सुरजीत की शिकायत पर सैक्टर 32 के पुलिस इंचार्ज को चेतावनी दी और बेटियों की मांग पर पंचायती राज फंड से मेन रोड से गांव तक सडक पर लाईटिंग की व्यवस्था करने की सौगात दी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि करनाल विधानसभा क्षेत्र के 20 वार्डों और 6 पंचायतों सहित 26 जगहों में से 23 जगहों पर जनसंवाद कार्यक्रम के माध्यम से लोगों की शिकायतें सुन चुके हैं और इस दौरान जितनी भी शिकायतें दर्ज करवाई गई हैं उनमें से अधिकतर का समाधान किया गया है। उन्होंने गांव रतनगढ़ के जनसंवाद कार्यक्रम में विद्यार्थियों को गांव से दूर स्कूलों तक जाने के लिए परिवहन व्यवस्था की सौगात दी है जिसकी शुरूआत सोमवार से रतनगढ़ से शुरू कर दी जाएगी। इस गांव में सोमवार को सुबह 7 बजे रोडवेज विभाग की बस विद्यार्थियों का इंतजार करेगी। यह बस विद्यार्थियों को स्कूल ले जाने और फिर घर छोड़ने का काम करेगी। यह योजना करनाल के बाद पूरे प्रदेश में लागू की जाएगी। जहां पर 30 से 40 बच्चे होंगे वहां पर मिनी बस उपलब्ध करवाई जाएगी और जिस गांव में 5 से 10 बच्चे होंगे वहां पर ऑटो रिक्शा जैसी सुविधा मिलेगी। यह सुविधा विद्यार्थियों को निशुल्क उपलब्ध करवाई जाएगी।

## एसएचओ और एक एक्सईन को किया सस्पेंड

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहरलाल रविवार को एक्शन मोड में नजर आए। उन्होंने करनाल नगर निगम के वार्ड नम्बर 20 में जनसंवाद के दौरान लोगों द्वारा की गई शिकायत पर संज्ञान लेते हुए सदर थाना एसएचओ अजायब सिंह को तत्काल सस्पेंड करने के आदेश देते हुए एसपी को आगामी कार्यवाही करने के आदेश दिए। इसके साथ ही एक अन्य मामले में संतोषजनक जवाब नहीं दे पाने पर नगर निगम की एक्सईन प्रियंका सैनी को भी मौके पर ही सस्पेंड करने के आदेश दिए। मुख्यमंत्री रविवार को जनसंवाद कार्यक्रम के तहत उचाना गांव में पहुंचे थे। उन्होंने ना केवल युवाओं बल्कि बुजुर्गों और महिलाओं से भी बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अभी तक प्रदेशभर में वे जनसंवाद के लगभग 95 कार्यक्रम कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि अप्रैल से शुरू हुए जनसंवाद के कार्यक्रम प्रदेश के प्रत्येक गांव और स्थानीय निकाय इकाइयों के प्रत्येक वार्ड में आयोजित किये जायेंगे। इसके लिए सभी मंत्रियों, सांसदों, विधायकों को जिम्मेदारी सौंपी गयी है और कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का उद्देश्य हर गरीब व्यक्ति की समस्याओं को समझना और उसका समाधान करना है। उन्होंने बताया कि करनाल नगर निगम क्षेत्र में आयुष्मान/चिरायु योजना के तहत अब तक 3752 लोगों के ईलाज पर 14 करोड़ से अधिक राशि प्रदेश सरकार खर्च कर चुकी है। इतना ही नही प्रदेशभर में आयुष्मान चिरायु योजना के तहत लोगों के ईलाज के लिए प्रदेश सरकार एक हजार करोड़ रुपये की राशि का भुगतान कर चुकी है। उचाना गांव की एक युवती द्वारा अपने स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या बताए जाने और बच्ची के पालन पोषण के लिए सहायता राशि की मांग करने पर मुख्यमंत्री ने तत्काल अपनी तरफ से 50 हजार रुपये देने की घोषणा ही नहीं की बल्कि युवती के खाते में पैसे ट्रांसफर करने के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए



### प्रदेश में 60 साल की आयु पूरी कर चुके एक लाख लोगों की पेंशन स्वतः बनी- मनोहर

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने रविवार को रामनगर में वार्ड-19 के जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान बिजली बिल न भेजे जाने की एक शिकायत पर दोषी अधिकारी को सस्पेंड करने के लिए एसई बिजली बोर्ड को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जब कंज्यूमर बिजली बिल भरना चाहता है और उसका बिल नहीं भेजा जा रहा, यह गलत है। इस मामले की जांच करके तत्काल आरोपी कर्मचारी को सस्पेंड किया जाए। जनसंवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा है कि परिवार पहचान पत्र में दर्ज डाटा के आधार पर प्रदेश में 60 साल की आयु पूरी कर चुके एक लाख से अधिक लोगों की पेंशन स्वतः बनी है। अब गरीबों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को लाभ स्वतः मिलना शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि उनके हलके में जनसंवाद के अब 26 में से केवल तीन कार्यक्रम बाकी हैं जो जल्द आयोजित किये जायेंगे।

# नेशनल गेम्स में हरियाणा ने तोड़ा 2022 का रिकॉर्ड

### 2022 में हरियाणा ने जीते थे 38 गोल्ड मेडल, अभी तक 48 जीते गोल्ड मेडल, वूमेन की 10 मी पिस्टल शूटिंग में तीनों पदक हरियाणा ने जीते, हरियाणा महिला फुटबॉल टीम ने पश्चिम बंगाल को हराकर जीता ब्रॉन्ज मेडल

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ दीपिका शर्मा**

हरियाणा के खिलाड़ियों ने गोवा में चल रहे 37वे नेशनल गेम्स में साल 2022 के गोल्ड सहित पदक तालिका का रिकॉर्ड तोड़ते हुए इतिहास रच दिया है। हरियाणा के खिलाड़ियों ने 2022 में कुल 38 गोल्ड मेडल जीते थे, लेकिन अभी तक हरियाणा के खिलाड़ियों ने 37वें नेशनल गेम्स में 48 गोल्ड मेडल, 33 सिल्वर और 46 ब्रॉन्ज मेडल जितने में सफलता हासिल की है। जबकि अभी नेशनल गेम्स खत्म होने में 4 दिन बाकी हैं। हरियाणा दल के इंचार्ज और हरियाणा ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष, पूर्व मंत्री श्री मनीष कुमार ग्रोवर ने हरियाणा सरकार की नई खेल नीति, सभी खिलाड़ियों, कोच व तमाम फेडरेशन के पदाधिकारियों को इसका श्रेय दिया है।

रविवार को वूमेन की 10 मीटर पिस्टल शूटिंग में हरियाणा ने तीनों पदक जीतकर इतिहास रच दिया। खिलाड़ी पलक ने गोल्ड मेडल, रिदम सांगवान ने सिल्वर मेडल और दृष्टि सांगवान ने ब्रॉन्ज मेडल प्रदेश को दिलाया।

हरियाणा महिला फुटबॉल टीम ने पश्चिम बंगाल को हराकर ब्रॉन्ज मेडल जीतने में सफलता हासिल की है। उधर तीरंदाजी के मुकाबले में कंपाउंड राउंड मिक्स में मोहित और किरण ने प्रदेश को सिल्वर मेडल दिलाया जबकि लड़कों के इंडियन राउंड मुकाबले में खिलाड़ी सोनू, सुनील, राहुल और साहिल ने संयुक्त रूप से प्रदेश के लिए सिल्वर मेडल जीतने में सफलता हासिल की। गोल्ड के लिए लड़कियों के व्यक्तिगत मुकाबले सोमवार को खेले जाएंगे। हरियाणा स्प्रिंट रोइंग टीम के सिंगल इवेंट मुकाबले में सुमन देवी गोल्ड मेडल और मिक्स्ड टीम इवेंट में ब्रॉन्ज के लिए खिलाड़ी सोमवार को अपने मुकाबले खेलेंगे।




## भ्रष्टाचारियों को गले लगाते हैं मोदी, आवाज उठाने वालों को भेजते हैं जेल: केजरीवाल

**रोहतक:** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी भ्रष्टाचारियों को तो गले लगाते और आवाज उठाने वालों को जेल भेज देते है। केजरीवाल ने कहा कि उन्हें चाहे गोली मरवा दो, लेकिन मरने के बाद भी प्रधानमंत्री को सोने नहीं दूंगा। वे रविवार को रोहतक में आयोजित आप पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में बोल रहे थे। केजरीवाल ने प्रधानमंत्री मोदी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि उन्हें गिरफ्तार करने के लिए षड्यंत्र रचा जा रहा है। वे बोले, चाहे मोदी उन्हें गोली मरवा दें।

## कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता हमारी प्राथमिकता: देवेन्द्र बबली




**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/झज्जर**

हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि ग्रामीण विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, उन्होंने अधिकारियों को विकास कार्यों में गति व उच्च गुणवत्ता के साथ काम करने के दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता जांचने के लिए सोशल ऑडिट की व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए अधिकारियों की कमेटी बनाई जा रही है। यह कमेटी कार्य की गुणवत्ता के साथ दस्तावेज भी देखेगी। इसलिए अधिकारी सेवाभाव और जिम्मेदारी से कार्य करें। श्री बबली ने कहा कि हमारा विभाग विकास कार्यों पर खर्च होने वाले एक एक पैसे का हिसाब जनता को देगा। वे रविवार को झज्जर स्थित संवाद भवन में अधिकारियों की बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष ध्यान होना चाहिए।

**प्राथमिकता**

**8 विकास कार्यों की गुणवत्ता जांचने के लिए सोशल ऑडिट की व्यवस्था की जा रही है**

विकास कार्यों को निश्चित समय अवधि में पूरा किया जाए ताकि ग्रामीणों को समय पर लाभ मिल सके। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए जा रहे कम्युनिटी सेंटर, ई - लाइब्रेरी, ग्रे वाटर मैनेजमेंट के तहत जोहड़ का निर्माण, गांव की फिरनी, पक्की गलियां व पीने के पानी की व्यवस्था सहित विभिन्न विकास परियोजनाओं की विस्तार से जानकारी ली। विकास कार्यों को गुणवत्ता पूर्वक करवाने के लिए स्थानीय लोगों का सहयोग भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि गांवों के विकास कार्यों में धन राशि की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस नीति के तहत विकास कार्य करवा रही हैं। सभी गांवों के चहुंमुखी विकास के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है।

## 20 हजार की रिश्वत लेते एएसआई महेंद्र को रंगे हाथों किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ**

भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार चलाए जा रहे अभियान के तहत आज हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम द्वारा पलवल जिला सिटी थाने के एएसआई महेंद्र को 20000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। इस बारे में जानकारी देते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने सूचना के आधार पर आरोपी को पकड़ने के लिए जाल बिछाया और उसे रंगे हाथों पकड़ने में सफलता हासिल की। शिकायतकर्ता द्वारा आरोपी एएसआई महेंद्र द्वारा पलवल के सिटी पुलिस थाने में दी गई एफआईआर में से नाम निकालने तथा कार का नंबर हटाने की एवज में कार्यवाही करने को लेकर ?20000 की रिश्वत की मांग की गई थी। जिसके बाद एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने प्राप्त शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मी को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया । यह पूरी कार्रवाई गवाहों के समक्ष पूरी पारदर्शिता बरतते हुए निष्पक्ष रूप से की गई। इस मामले में आरोपी के खिलाफ फरीदाबाद के एंटी करप्शन ब्यूरो में मामला दर्ज करते हुए उसकी गिरफ्तारी की गई है। एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम द्वारा सभी आवश्यक सबूत जुटाते हुए जांच की जा रही है।

# जनता की सुविधा के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए गए 3 हजार नए भवन: देवेंद्र सिंह बबली

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ काजल रानी**

हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में शहरों जैसी सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में पहल की है। सरकार द्वारा पंचायतीराज संस्थाओं को पर्याप्त धन उपलब्ध करवाया जा रहा है ताकि गांवों में बेहतर सुविधाएं दी जा सकें। कोविड संक्रमण काल के दौरान का भी इन संस्थाओं को 1100 करोड़ रुपये जारी किया गया है। देवेंद्र सिंह बबली रोहतक में अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक के उपरांत जिला परिषद की चेयरपर्सन के कार्यालय में प्रेस प्रतिनिधियों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जनता के फंड के सदुपयोग के लिए व्यवस्था परिवर्तन किया है। ग्रामीण क्षेत्र में विकास कार्यों की गति को बढ़ाने के लिए जिला अनुसार समीक्षा बैठक आयोजित की जा रही है। सरकार द्वारा खंड स्तर तक शक्तियों का विकेंद्रीकरण किया गया है ताकि विकास कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करवाया जा सकें। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को आपसी तालमेल बढ़ाने के निर्देश दिये गए है। सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में 3 हजार नए भवनों का कार्य पूर्ण किया गया है। इनमें ई-लाइब्रेरी, पार्क, व्यायामशाला इत्यादि शामिल है। इसके अलावा शिवधाम योजना के तहत श्मशान घाटों में सुविधाएं, फिरनी इत्यादि को पक्का करने के कार्य भी जारी है। साफ-सफाई के दृष्टिगत भी विशेष कदम उठाये गए है। प्रदेश के 18 हजार तालाबों का सौंदर्यीकरण के लिए चयन किया गया है, जिनमें से 11 हजार तालाबों पर कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि सरकार के पास विकास कार्यों के लिए पर्याप्त धनराशि है। सरकार द्वारा शुरू की गई नई व्यवस्था के तहत धनराशि के दुरुपयोग पर अंकुश लगाया गया है। एसवाईएल नहर के संदर्भ में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार को माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए हरियाणा को उसके हक का पानी देना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों को शपथ दिलवाकर उनकी जिम्मेवारी का अहसास करवाया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में उठाये गए कदमों से आम जनता का सरकार के प्रति विश्वास बहाल हुआ है।

# ग्रामीण विकास को लेकर न की जाए राजनीति: देवेंद्र सिंह बबली

### विकास कार्यों की गति को बढ़ाएं अधिकारी, विकास कार्यों की धन राशि खर्च करने में न करें अनावश्यक देरी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

प्रदेश के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण विकास के प्रति वचनबद्ध है। सरकार द्वारा गांवों में शहर जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में पहल की है। अधिकारी सरकार के आदेशों की पालना सुनिश्चित करें तथा आपसी तालमेल बढ़ाते हुए निर्धारित अवधि में गुणवत्ता के साथ विकास कार्यों को धरातल पर उतारे। विकास कार्यों के पूरा होने पर उनका भुगतान भी यथाशीघ्र निपटाये। देवेंद्र सिंह बबली रोहतक के जिला विकास भवन के सभागार में विकास एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों के साथ सरकार की योजनाओं एवं ग्रामीण विकास के कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपनी कार्यशैली में बदलाव लाये तथा विकास कार्यों की गति को बढ़ाये। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जनता के धन के सदुपयोग के लिए व्यवस्था बनाई है तथा पुरानी व्यवस्था को बदला है। सरकार द्वारा रेजोल्यूशन मैनेजमेंट सिस्टम के तहत विकास कार्यों की प्रक्रिया की समय अवधि तथा अधिकारियों की जिम्मेदारियां तय की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने जिला परिषद के कार्यों के क्रियान्वयन में हुई देरी के जांच के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अधिकारी विकास कार्यों की गति को बढ़ाये। उन्होंने निंदाना गांव में व्यायामशाला इत्यादि विकास कार्यों की जांच करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने खंड अनुसार उपलब्ध धनराशि की समीक्षा की तथा अधिकारियों को शेष फंड से विकास कार्य शीघ्र शुरू करवाने के दिशा-निर्देश दिये। अधिकारी सरपंचों के साथ बैठक आयोजित कर गांवों की मुख्य समस्याओं की जानकारी हासिल करें तथा गांवों का दौरा भी करें।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जनप्रतिनिधियों के मानदेय में बढ़ोतरी करके उनका मान-सम्मान बढ़ाया है। अधिकारी जनप्रतिनिधियों के मानदेय का समय पर भुगतान भी स्पष्ट करवाये। सरकार द्वारा विकास कार्यों के लिए आवंटित फंड का पारदर्शिता से प्रयोग किया जाये। पंचायती राज अधिनियम के तहत जनप्रतिनिधियों के अधिकारों की व्याख्या की गई है। उन्होंने कहा कि मनरेगा के कार्य को गति देने के लिए मनरेगा सहायक लगाये जायेंगे। अधिकारी ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दें तथा टेंडर की प्रक्रिया के बारे में जनप्रतिनिधियों को गुमराह न करें। इस अवसर पर जिला परिषद की चेयरपर्सन मंजू हुड्डा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी महेश कुमार, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी जितेंद्र शर्मा, अधीक्षक अभियंता राकेश गोयल, मुख्यालय के अधिकारीगण तथा पंचायत समितियों के चेयरमैन, सदस्यगण व विभिन्न गांवों के सरपंच तथा जिला के पांचों खंडों के विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

**वचनबद्ध**

**8 सरकार द्वारा गांवों में शहर जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में पहल की है**

# सार्वजनिकों स्थानों से हाईटेंशन तारों को हटाने के लिए 157 करोड़ रुपये किए जाएंगे खर्च: ऊर्जा मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के ऊर्जा मंत्री श्री रणजीत सिंह ने कहा कि पूरे प्रदेश में ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के रिहायशी इलाकों, पार्क, तालाब व अन्य सार्वजनिक स्थानों से सभी हाईटेंशन तारों को हटाने के लिए 157 करोड़ रुपये की तकनीकी अप्रूवल मिल चुकी है, दिवाली के बाद सभी स्थानों पर इस कार्य को पूर्ण कर दिया जाएगा। पराली प्रबंधन तकनीकों को अपनाकर बिजली उत्पादन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि फिरनी से 3 किलोमीटर अंदर आने वाली सभी ढाणियों में बिजली कनेक्शन दिलाने का सारा खर्च प्रदेश सरकार वहन करेगी, इससे ज्यादा दूरी के कामों के लिए 50 प्रतिशत खर्च स्वयं कनेक्शन धारक करेंगे, बाकी 50 प्रतिशत प्रदेश सरकार खर्च करेंगी। ऊर्जा मंत्री ने रविवार को हिसार के स्थानीय लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा आयोजित बिजली पंचायत में जन-समस्याओं को सुनने के बाद प्रेस वार्ता को सम्बोधित कर रहे थे। बिजली पंचायत में चार जिलों की लगभग 7 ग्राम पंचायत, जन प्रतिनिधियों तथा विभिन्न गांवों से आए हुए लोगों ने ऊर्जा मंत्री के समक्ष अपनी समस्याएं रखी, जिनमें से अधिकतर सड़क पर पुराने खंबे, लटकी बिजली की तारें, ट्रांसफार्मर लगाने, तीन फेज सप्लाई लाइन, रिहायशी क्षेत्रों से 11 व 33 किलोवाट की लाईनों में आने वाले अवरोधों को हटाने, शिफ्ट करने व कसने तथा ढाणियों में बिजली से संबंधित शिकायतें सामने आई।

**हाईटेंशन**

**8 सार्वजनिक स्थानों से सभी हाईटेंशन तारों को हटाने के लिए 157 करोड़ रुपये की तकनीकी अप्रूवल मिल चुकी हैं**

## संपादकीय

# स्वयं की क्षमता, ऊर्जा को पहचाने

**स्वयं** की क्षमता, शक्ति एवं ऊर्जा को पहचानना आज के नव युवकों के लिए अत्यंत आवश्यक है। स्वयं के विकास से तात्पर्य खुद के लिए रोजगार की तलाश और राष्ट्रीय हित में योगदान भी हो सकता है।

भारत की विशाल आबादी के हिसाब से भारत नौजवानों का देश है और भारत सरकार के लिए इतने युवा लोगों के लिए नौकरी उपलब्ध कराना संभव भी नहीं है कि सभी युवकों के लिए समुचित नौकरी का प्रबंध या इंतजाम कर सके। ऐसे में पढ़े-लिखे नौजवानों का यह महती दायित्व बन जाता है कि वह स्वयं की क्षमता को पहचान कर मेक इन इंडिया या स्वावलंबी होने का भरसक प्रयास करें। स्वयं की क्षमता को पहचानने वाला व्यक्ति समाज में एक आदर्श बनकर उभरता है और उसकी प प्रसिद्धि समाज में स्वयं हो जाती है। युवक स्वयं का रोजगार बनाकर न सिर्फ खुद की बेरोजगारी दूर करता है, बल्कि वह दूसरों के लिए भी रोजगार का साधन बन जाता है। यह राष्ट्रीय हित में अत्यंत आवश्यक समीचीन तथा राष्ट्रीय विकास के लिए एक अच्छे सूचक के रूप में सामने आता है। स्वयं अपनी क्षमताओं को पहचानना एवं अपने अंदर के उद्यमी को रोजगार के लिए उपयोग में लाना मनुष्य का एक तरह का अलंकार या आभूषण ही है जो मनुष्य के लिए सुखी होने का बड़ा स्त्रोत है। वैसे भी नौकरी करके युवा एक तरह से परतंत्र, पराधीन हो जाता है और अपनी क्षमताओं का खुलकर प्रयोग नहीं कर पाता यही कारण है कि राष्ट्र के समग्र विकास में उसकी क्षमताओं का सही उपयोग नहीं हो पाता। राष्ट्रीय योजना मेक इन इंडिया के अंतर्गत आव्हान किया गया है कि नौजवानों को अपनी शिक्षा,तकनीकी शिक्षा एवं स्किल का उपयोग कर भारत देश के लिए हर तरह के आवश्यक वस्तुओं का स्वयं निर्माण करें एवं दूसरे नौजवानों के लिए आदर्श स्थापित करें जिससे संपूर्ण देश स्वावलंबी बने। स्वयं की क्षमताओं को पहचानने वाला व्यक्ति स्वतंत्र ,स्वाभिमानी होकर स्वयं पर पूर्ण विश्वास करने वाला आत्मविश्वासी व्यक्ति होता है। ऐसे में भविष्य में राहों में जितनी भी मुश्किल है या कठिनाई आती है उसका वह अपने ज्ञान और आत्मविश्वास के साथ मुकाबला करने से नहीं चूकता है। अपनी क्षमताओं को पहचानने के कारण व्यक्ति अत्यंत सरल, सहज एवं आत्मविश्वासी होकर दूसरों की मदद करने से भी पीछे नहीं हटता। स्वयं का रोजगार तलाशने या अपने लिए कोई उद्यम बनाने में युवाओं में जो ज्ञान प्राप्त होता है फल स्वरूप वह युवा अत्यंत त्यागी तथा समाज के लिए सेवा भाव भी रखने वाला होता है। स्वावलंबन से दूसरों पर निर्भर होने की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती एवं अपने ही ज्ञान तथा क्षमता से वह उन्नति के सोपान चढ़ते जाता है, एवं राष्ट्र के लिए एक धरोहर की तरह होता है। खुद की क्षमता पहचान कर अपना उद्यम डालने से न सिर्फ समाज में विकास होता बल्कि देश में भी विकास के योगदान में एक बड़ा मील का पत्थर साबित होता है। ऐतिहासिक तौर पर भी खुद की क्षमता पहचानने एवं अपनी उर्जा को सही दिशा में लगाने के कारण बड़े-बड़े महापुरुषों का जन्म हुआ है। जितने भी बड़े महापुरुष हुए हैं, वे पैदाइशी महापुरुष नहीं थे उन्होंने अपनी क्षमता, शक्ति एवं ज्ञान को पहचान कर उसमें समुचित एवं निरंतर परिश्रम कर एक नए मुकाम को हासिल किया था।

# रंगत खोते हमारे सामाजिक त्यौहार



सत्यवान सौरभ

> अब रंग प्रदर्शन भर रह गये हैं और मिलन मात्र औपचारिकता। हम त्योहार के दिन भी हम अपनो से, समाज से पूरी तरह नहीं जुड़ पाते। जिससे मिठाइयों का स्वाद कसैला हो गया है। बात तो हम पूरी धरा का अंधेरा दूर करने की करते हैं, लेकिन खुद के भीतर व्याप्त अंधेरे तक को दूर नहीं कर पाते। त्योहारों पर हमारे द्वारा की जाने वाली इस रस्म अदायगी शायद यही इशारा करती है कि हमारी पुरानी पीढियों के साथ हमारे त्योहार भी विदा हो गये। हमारे पर्व त्योहार हमारी संवेदनाओं और परंपराओं का जीवंत रूप हैं जिन्हें मनाना या यूँ कहें की बार-बार मनाना, हर साल मनाना हर समाज बंधु को अच्छा लगता है

**बाजारीकरण** ने सारी व्यवस्थाएं बदल कर रख दी है। हमारे उत्सव-त्योहार भी इससे अछूते नहीं रहे। शायद इसीलिए प्रमुख त्योहार अपनी रंगत खोते जा रहे हैं और लगता है कि त्योहार सिर्फ औपचारिकताएं निभाने के लिए मनाये जाते हैं। किसी के पास फुरसत ही नहीं है कि इन प्रमुख त्योहारों के दिन लोगों के दुख दर्द पूछ सकें। सब धन कमाने की होड़ में लगे हैं। गंदी हो चली राजनीति ने भी त्योहारों का मजा किरकिरा कर दिया है। हम सैकड़ों साल गुलाम रहे। लेकिन हमारे बुजुर्गों ने इन त्योहारों की रंगत कभी फीकी नहीं पड़ने दी। आज इस अर्थ युग में सब कुछ बदल गया है। कहते थे कि त्योहार के दिन न कोई छोटा। और न कोई बड़ा। सब बराबर। लेकिन अब रंग प्रदर्शन भर रह गये हैं और मिलन मात्र औपचारिकता। हम त्योहार के दिन भी हम अपनो से, समाज से पूरी तरह नहीं जुड़ पाते। जिससे मिठाइयों का स्वाद कसैला हो गया है। बात तो हम पूरी धरा का अंधेरा दूर करने की करते हैं, लेकिन खुद के भीतर व्याप्त अंधेरे तक को दूर नहीं कर पाते। त्योहारों पर हमारे द्वारा की जाने वाली इस रस्म अदायगी शायद यही इशारा करती है कि हमारी पुरानी पीढियों के साथ हमारे त्योहार भी विदा हो गये। कृषि प्रधान होने के कारण प्रत्येक ऋतु परिवर्तन हंसी-खुशी मनोरंजन के साथ अपना-अपना उपयोग रखता है। इन्हीं अवसरों पर त्योहार का समावेश किया गया है,जो उचित है। प्रथम श्रेणी में वे व्रतोत्सव, पर्व-त्योहार और मेले है, जो सांस्कृतिक हैं और जिनका उद्देश्य भारतीय संस्कृति के मूल तत्वों और विचारों की रक्षा करना है। इस वर्ग में हिन्दूओं के सभी बड़े-बड़े पर्व-त्योहार आ जाते है, जैसे - होलिका-उत्सव, दीपावली, बसन्त,श्रावणी, संक्रान्ति आदि। संस्कृति की रक्षा इनकी आत्मा है। दूसरी श्रेणी में वे पर्व-त्योहार आते है,जिन्हे किसी महापुरूष की पुण्य स्मृति में बनाया गया है। जिस महापुरूष की स्मृति के ये सूचक है, उसके गुणों, लीलाओं, पावन चरित्र, महानताओं को स्मरण रखने के लिए इनका विधान है। इस श्रेणी में रामनवमी, कृष्णाष्टमी, भीष्म -पंचमी, हनुमान- जयंती, नाग-पंचमी आदि त्योहार रखे जा सकते हैं।

यानि यहां हर दिन में एक त्यौहार अवश्य पड़ता है। अनेकता में एकता की मिसाल इसी त्यौहार पर्व के अवसर पर देखी जाती है। रोजमर्रा की भागती-दौड़ती, उलझनों से भरी हुई ऊर्जा प्रधान हो चुकी, वीरान सी बनती जा रही जिंदगी में ये त्यौहार ही व्यक्ति के लिए सुख, आनंद, हर्ष एवं उल्लास के साथ ताजगी भरे पल लाते हैं। यह मात्र हिंदू धर्म में ही नहीं वर- विभिन्न धर्मों, संप्रदायों पर लागू होता है। वस्तुतः ये पर्व विभिन्न जन समुदायों की सामाजिक मान्यताओं, परंपराओं और पूर्व संस्कारों पर आधारित होते हैं। सभी त्यौहारों की अपनी परंपराएं, रीति -रिवाज होते हैं। ये त्यौहार मानव जीवन में करुणा, दया, सरलता, आतिथ्य सत्कार, पारस्परिक प्रेम, सद्भावना, परोपकार जैसे नैतिक गुणों का विकास कर मनुष्य को चारित्रिक एवं भावनात्मक बल प्रदान करते हैं। भारतीय संस्कृति के गौरव एवं पहचान ये पर्व, त्यौहार सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से अति महत्वपूर्ण हैं। सामाजिक त्योहार और अंतर-विद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के आत्मविश्वास और पारस्परिक कौशल के निर्माण में सहायता करने के लिए अद्भुत अवसर प्रदान करते हैं। पारस्परिक कौशल में दूसरों के साथ प्रभावी ढंग से संवाद करने और बातचीत करने की क्षमता शामिल है और आत्मविश्वास स्वयं और स्वयं की क्षमताओं में विश्वास है, जो दोनों दूसरों के साथ सकारात्मक संबंध बनाने के लिए आवश्यक हैं। सामाजिक त्योहार विभिन्न संस्कृतियों, भाषाओं और परंपराओं के संपर्क में लाते हैं, जो उनके क्षितिज को व्यापक बना सकते हैं और उन्हें दूसरों के प्रति सहानुभूति और समझ विकसित करने में मदद कर सकते हैं। नए दोस्त और संपर्क बना सकते हैं, जो समुदाय से अधिक जुड़ाव महसूस करने और अपनेपन की भावना विकसित करने में मदद कर सकते हैं। ये आयोजन इसे विकसित करने का एक शानदार तरीका है क्योंकि वे बहुत सारे लोगों को एक साथ लाते हैं, और इस तरह एकता और भाईचारे की भावना पैदा करते हैं। ये जीवन के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों के प्रति अधिक स्वीकार्य, सहिष्णु और समावेशी होना सिखाते हैं। बाजारीकरण ने सारी व्यवस्थाएं बदल कर रख दी है। हमारे उत्सव-त्योहार भी इससे अछूते नहीं रहे। शायद इसीलिए प्रमुख त्योहार अपनी रंगत खोते जा रहे हैं और लगता है कि हम त्योहार सिर्फ औपचारिकताएं निभाने के लिए मनाये जाते हैं। किसी के पास फुरसत ही नहीं है कि इन प्रमुख त्योहारों के दिन लोगों के दुख दर्द पूछ सकें। सब धन कमाने की होड़ में लगे हैं। गंदी हो चली राजनीति ने भी त्योहारों का मजा किरकिरा कर दिया है। हम सैकड़ों साल गुलाम रहे। लेकिन हमारे बुजुर्गों ने इन त्योहारों की रंगत कभी फीकी नहीं पड़ने दी। आज इस अर्थ युग में सब कुछ बदल गया है। कहते थे कि त्योहार के दिन न कोई छोटा। और न कोई बड़ा। सब बराबर।

लेकिन अब रंग प्रदर्शन भर रह गये हैं और मिलन मात्र औपचारिकता। हम त्योहार के दिन भी हम अपनो से, समाज से पूरी तरह नहीं जुड़ पाते। जिससे मिठाइयों का स्वाद कसैला हो गया है। बात तो हम पूरी धरा का अंधेरा दूर करने की करते हैं, लेकिन खुद के भीतर व्याप्त अंधेरे तक को दूर नहीं कर पाते। त्योहारों पर हमारे द्वारा की जाने वाली इस रस्म अदायगी शायद यही इशारा करती है कि हमारी पुरानी पीढियों के साथ हमारे त्योहार भी विदा हो गये। हमारे पर्व त्योहार हमारी संवेदनाओं और परंपराओं का जीवंत रूप हैं जिन्हें मनाना या यूँ कहें की बार-बार मनाना, हर साल मनाना हर समाज बंधु को अच्छा लगता है। इन मान्यताओं, परंपराओं और विचारों में हमारी सभ्यता और संस्कृति के अनगिनत सरोकार छुपे हैं। जीवन के अनोखे रंग समेटे हमारे जीवन में रंग भरने वाली हमारी उत्सवधर्मिता की सोच मन में उमंग और उत्साह के नये प्रवाह को जन्म देती है। हमारा मन और जीवन दोनों ही उत्सवधर्मी है। हमारी उत्सवधर्मिता परिवार और समाज को एक सूत्र में बांधती है। संगठित होकर जीना सिखाती है । सहभागिता और आपसी समन्वय की सौगात देती है । हमारे त्योहार, जो हम सबके जीवन को रंगों से सजाते हैं, सामाजिक त्यौहार एक अनूठा मंच प्रदान करते हैं इनमे साथियों के साथ सहयोग करने, मिलने और सामूहीकरण करना, अपनी प्रतिभा दिखाने और विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं के बारे में सिखाने और सीखने की क्षमता होती है। ये कौशल हमारे जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा हैं और अक्सर हमारे जीवन के लगभग सभी पहलुओं के मूल में होते हैं। इसलिए, वर्तमान समय में इनकी प्रासंगिकता का जहां तक प्रश्न है, व्रत - त्यौहारों के दिन हम उक्त देवता को याद करते हैं, व्रत, दान तथा कथा श्रवण करते हैं जिससे व्यक्तिगत उन्नति के साथ सामाजिक समरसता का संदेश भी दिखाई पड़ता है। इसमें भारतीय संस्कृति के बीज छिपे हैं।

पर्व त्यौहारों का भारतीय संस्कृति के विकास में अप्रतिम योगदान है। भारतीय संस्कृति में व्रत, पर्व -त्यौहार उत्सव, मेले आदि अपना विशेष महत्व रखते हैं। हिंदुओं के ही सबसे अधिक त्योहार मनाये जाते हैं, कारण हिन्दू ऋषि - मुनियों के रूप में जीवन को सरस और सुन्दर बनाने की योजनाएं रखी है। प्रत्येक पर्व - त्योहार, व्रत, उत्सव, मेले आदि का एक गुप्त महत्व हैं। प्रत्येक के साथ भारतीय संस्कृति जुडी हुई है।



## कविता

आंखों ही आंखों में मुस्कुरा देना तुम।

हर एहसास दिल में न दबा देना तुम,
होठों से जरा तिरछा मुस्कुरा देना तुम'

ये तो दिल की लगी है, न घबराना,
आंखों ही आंखों में मुस्कुरा देना तुम।

नया नया रूप है तुम्हारे जीवन का,
न सम्भले तो बहक न जाना तुम।

आ जाओ जरा सूरज की रोशनी में,
भले रातों में चांदनी सा बन जाना तुम,

रातों के टिमटिमाते जुगनू हैं हम,
हमें राह दिखाता सितारा बन जाना तुम।

हमे देख छुपने की अदा बड़ी प्यारी,
सामने आओ तो,पलकें झुका देना तुम।

जज्बातो के एहसास पुराने हमारे,
दुनिया के लब्जों से टूट न जाना तुम।

कोशिशों से कई,दीदार होता है तेरा संजीव,
बीच राहों में अकेला,न छोड़ जाना तुम।

संजीव ठाकुर

**अशोक भाटिया**

**देश के** सबसे अमीर उद्योगपति और रिलायंस इंडस्ट्रीज के मालिक मुकेश अंबानी को लगातार धमकियां मिल रही है। बीते चार दिनों में उन्हें तीन बार धमकियां मिल चुकी है। पहले 20 करोड़, फिर 200 और अब 400 करोड़ की फरौती की धमकी मिली । जुर्म के इतिहास में ये शायद अपनी तरह का पहला मामला होगा जब महज पांच दिनों के अंदर किसी से किसी ने इतनी बड़ी रंगदारी मांगी होगी हो। रंगदारी भी किसी ऐसे वैसे शख्स से नहीं, बल्कि 6.50 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति के मालिक और एशिया के सबसे अमीर आदमी मुकेश अंबानी से मांगी गई। आरोपी इतने बेखौफ थे कि हर बार भेजे गए ई-मेल में जान से मारने की धमकी देते हुए रंगदारी की रकम बढ़ाते जा रहे थे। उनकी इस करतूत ने मुंबई पुलिस से लेकर तमाम सिक्योरिटी एजेंसियों को भी सोचने पर मजबूर कर दिया। हालांकि, एक हफ्ते के अंदर ही मुंबई पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। ज्ञात हो कि 27 अक्टूबर की शाम को मुकेश अंबानी की कंपनी के ईमेल आईडी पर एक गुमनाम शख्स एक ई-मेल भेजता है। ई-मेल में सीधे अंबानी के नाम धमकी लिखी है, "यदि तुमने हमें 20 करोड़ रुपए नहीं दिए तो हम तुम्हें जान से मार देंगे, हमारे पास भारत के सबसे अच्छे शूटर्स हैं। इसके अगले ही दिन दूसरी ई-मेल आती है। चूंकि ये धमकी सीधे-सीधे रिलायंस इंड्रस्ट्रीज के मालिक मुकेश अंबानी को दी गई थी, इसलिए कंपनी में खलबली मच जाती है। मुकेश अंबानी के सिक्योरिटी इंचार्ज की ओर शिकायत मिलने के साथ ही पुलिस मामले की जांच शुरू कर देती है। पुलिस मामले के बारे में कोई जानकारी जुटा पाती, उससे पहले 28 अक्टूबर को दूसरा ई-मेल आ जाता है।

हालाँकि बिजनेस टायकून मुकेश अंबानी को मिले धमकी भरे ई-मेल की जांच कर रही मुंबई पुलिस ने शनिवार को तेलंगाना और गुजरात से दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पिछले आठ दिनों में अंबानी की कंपनी की ऑफिशियल ई-मेल आईडी पर तीन धमकी भरे ई-मेल भेजे गए थे, जिनमें 400 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी गई थी। पैसे नहीं देने पर उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई थी। आरोपी लड़कों में से एक की पहचान गणेश रमेश वनरापति (19) के रूप में हुई है, जिसे मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने तेलंगाना के वारंगल से गिरफ्तार किया है। दूसरे आरोपी की पहचान शादाब खान (21) के रूप में हुई है। उसे गुजरात से पकड़ा गया है। इससे पहले रिलायंस फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे एक अस्पताल में मुकेश अंबानी और उनके परिवार के सदस्यों को जान से मारने की धमकी के कॉल आए जो अरबपति उद्योगपति को मिली सबसे अद्भुत धमकीथी ।मुंबई पुलिस ने सर एच. एन रिलायंस फाउंडेशन हॉस्पिटल में बीते दो दिनों के दौरान कथित तौर पर फोन करने के लिये बिहार में दरभंगा से राकेश कुमार मिश्रा (30) नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया था । आरोपी कथित तौर पर अस्पताल को बम से उड़ाने और अंबानी, उनकी पत्नी नीता और बेटे आकाश व अनंत को मारने की धमकी दे रहा था।

## विचार

# भारतीय मुसलमानों पर तिहाड़ी प्रवचन

**तनवीर जाफरी**

**जिस टी** वी चैनल ने फतेह का फतवा नामक कार्यक्रम 2017 में प्रसारित किया था और उस कार्यक्रम का मुख्य ऐंकर पाकिस्तान मूल के कनाडाई लेखक तारिक फतेह को बनाकर इस्लाम पर तरह तरह के सच्चे-झूठे आरोप मढ़कर इस्लाम को बदनाम करने व साथ ही भारतीय हिंदू-मुस्लिम समाज को बांटने का प्रयास किया था उसी दौर में उसी टी वी चैनल के ऐंकर के रूप में एक नफरती पत्रकार ने समाज में केवल नफरत परोस कर स्वयं को अतिवादियों के चाहते के रूप में स्थापित कर लिया था । इनका पूरा नाम जानने के लिये गूगल में केवल तिहाड़ी शब्द टाइप करें आपको इनकी हकीकत लेख ,समाचार और वीडीओ आदि सभी रूप में देखने,सुनने व पढ़ने को मिल जायेगी। झूठे समाचार देने,सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने,अपने ट्वीट डिलीट करने,अपने ही प्रसारित समाचारों का खंडन करने,पत्रकारिता को कलंकित करने से लेकर रिश्वत लेने और रिश्वत आरोपी के रूप में जेल जाने आदि तक में इनकी पूरी दक्षता है। टाई सूट वाले इस स्टूडियो पत्रकार को उच्च स्तरीय सुरक्षा मिली हुई है। आज किन्हीं कारणों से अपने उस पुराने टीवी चैनल को छोड़ कर अन्य चैनल में अपने उन्हीं विध्वंसक इरादों के साथ विभाजनकारी प्रवचन देते फिर रहे हैं। भाजपा का आई टी सेल इनकी ऐसी झूठी,मनगढ़ंत और नफरत फैलाने वाली संक्षिप्त क्लिप को अपने राष्ट्रव्यापी ट्रोलर्स नेटवर्क में पोस्ट करता है। और झूठ और नफरत का यह बाजार इन जैसे तिहाड़ियों के झूठे व वैमनस्यपूर्ण प्रवचन से और भी जहरीला होता जा रहा है। पिछले दिनों तिहाड़ी की ऐसी ही एक क्लिप वाट्सएप यूनिवर्सिटी के माध्यम से मुझ तक भी पहुंची। 5 मिनट 12 सेकेंड की इस क्लिप में तिहाड़ी की शुरूआती टिपण्णी इन शब्दों में थी ----आज जिस तरह से भारत के बहुत सारे मुसलमान अपने देश का साथ देने के बजाय भारत का विरोध करने वाले मुस्लिम देशों का साथ दे रहे हैं उसका आभास देश के संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को आज से 77 वर्ष पहले ही हो गया था। इसलिये आज आप हमारी यह बात जरूर ध्यान से सुनियेगा क्यूंकि जो आज आपके दिमाग में चल रहा है वह डा भीम राव आंबेडकर के दिमाग में 77 साल पहले चल रहा था। इस टिप्पणी के बाद तिहाड़ी ने डॉ अंबेडकर द्वारा वर्ष 1945 में पाकिस्तान और भारत का विभाजन नामक लिखी पुस्तक के कुछ अंशों का जिक्र करते हुये और डॉ आंबेडकर के मुस्लिम जगत के बारे में व्यक्त विचारों में अपने जहरीले शब्दों का तड़का लगाते हुये यह साबित करने के लिये अपना पूरा जोर लगा दिया कि भारतीय मुसलमान भरोसे के लायक नहीं। इनके लिये जिहाद पहले है,इनका भाईचारा केवल मुसलमानों के लिए है अन्य के लिये नहीं। भारत के मुसलमान भारत को इस्लाम का नहीं,युद्ध का घर मानते हैं और भारत के मुसलमान कभी भी अपने देश के लिये ईमानदार साबित नहीं होंगे।अगर विदेशी मुस्लिम ताकतें जिहाद की घोषणा करना चाहती हैं तो इसमें भारत के मुसलमान उनकी सहायता भी कर सकते हैं। भारत के मुसलमान सिर्फ जिहाद की घोषणा ही नहीं कर सकते बल्कि उसकी सफलता के लिये विदेशी इस्लामिक ताकतों की मदद भी ले सकते हैं। आदि आदि। बीच बीच में तिहाड़ी यह सफाई भी देते रहे कि -भारत के मुसलमानों के लिये यह विचार डॉ आंबेडकर के थे ,हमारे नहीं । डॉ अंबेडकर की इसी पाकिस्तान और भारत का विभाजन नामक पुस्तक का हवाला देते हुये तिहाड़ी ने आगे बताया कि -मुसलमानों के भाईचारे का फायदा सिर्फ उनके अपने लोगों को ही मिलता है और जो गैर मुस्लिम हैं यानी हिन्दू हैं उनके लिये सिर्फ घृणा और शत्रुता ही बची है। मुसलमानों की वफादारी उस देश के लिये नहीं होती जहाँ वह रहते हैं ,बल्कि उनकी वफादारी उस धर्म के लिये होती है जिसका वे पालन करते हैं। और मौजूदा परिस्थिति में अंबेडकर की यह बातें बिल्कुल फिट बैठती हैं। यही बात भारत के मुसलमानों के साथ भी है वे शायद इसे अपनी मातृभूमि नहीं मानते और हमसे हजारों किलोमीटर दूर जो मुसलमान बैठे हैं उन्हें अपना भाई समझते हैं। फिर तिहाड़ी अपनी टिप्पणी में जोड़ते हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
**9999889104, 9250706656**
ई-मेल : **actionindiaharyana@gmail.com**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# असाध्य रोग-दोष का शमन करनेवाले प्रसिद्ध वैद्य अश्विनी कुमार

**अशोक प्रवृद्ध**

**प्राचीन भारत चिकित्सा के क्षेत्र में अत्यंत** विकसित था। धन्वंतरि, सुश्रुत, चरक सदृश्य अनेक ऋषि- मुनियों ने चिकित्सा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान प्रदान किया है। परंतु इन प्राचीन चिकित्सकों में असाध्य रोग-दोष का शमन करनेवाले प्रसिद्ध वैद्य अश्विनी कुमार का नाम सर्वाधिक प्राचीन है। मान्यतानुसार विशुद्ध आयुर्वेद के ज्ञाता अश्विनी कुमार दो जुड़वां भाई थे। अश्विनी का अर्थ शक्तिशाली और पूर्णता से है। अश्विनी देव से पैदा होने के कारण ही इन्हें अश्विनी कुमार कहा गया। अश्विनी कुमार ने वृद्ध च्यवन ऋषि को पुनः जवान किया था। उन्होंने शरीर को स्वस्थ रखने और रोगमुक्ति हेतु अनेक उपायों से संसार को अवगत कराया। वर्तमान में प्राचीन भारत के प्रसिद्ध वैद्यद्वय अश्विनी कुमार का नाम चिकित्सा जगत में बड़े ही श्रद्धा व आदर के साथ लिया जाता है। वैदिक व पौराणिक ग्रंथों में भी अश्विनी कुमार के प्रसिद्धि का वर्णन अंकित है। वैदिक तैंतीस देवताओं की सूची में अश्विनी कुमारों का नाम भी शामिल है। स्वामी दयानंद सरस्वती विरचित सत्यार्थ प्रकाश के अनुसार ईश्वर एक है, और सिर्फ वही उपासनीय है। ऋग्वेद 1/164/ 39 के अनुसार जिसमें सब देवता स्थित हैं, वह जानने और उपासना करने योग्य ईश्वर है। परमेश्वर देवों का देव होने से महादेव इसीलिए कहाता है कि वही सब जगत की उत्पत्ति, स्थिति, प्रलयकर्त्ता, न्यायाधीश, अधिष्ठाता है। देवता शब्द से ईश्वर का ग्रहण करना भूल है। देवता दिव्य गुणों से युक्त होने के कारण कहाते हैं। जैसे पृथ्वी, परंतु वैदिक ग्रंथों में कहीं इसको ईश्वर अथवा उपासनीय नहीं माना गया है। तैंतीस कोटि के देवता के संबंध में यजुर्वेद 14/31 में त्रयस्त्रिंशता॰ कहा गया है। शतपथ ब्राह्मण कांड 14/ 6/ 3-7 में त्रयस्त्रिंशता॰ की व्याख्या करते हुए कहा गया है कि तैंतीस देव में 8 वसु, 11 रुद्र, 12 आदित्य और 2 अश्विनी मिलाकर कुल 33 देवता शामिल हैं। पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, चन्द्रमा, सूर्य और नक्षत्र सब सृष्टि के निवास स्थान होने से आठ वसु। प्राण, अपान, व्यान, उदान, समान, नाग, कूर्म्म, कृकल, देवदत्त, धनंजय और जीवात्मा ये ग्यारह रुद्र इसलिए कहाते हैं कि जब शरीर को छोड़ते हैं तब रोदन करानेवाले होते हैं।

# चुनावी मौसम: मन में लड्डू फूटने का मौसम

**डॉ. सुरेश कुमार**

**बड़बोलू भैया जब भी बा**त करते हैं आंकड़ों की बरसात करते हैं। उनका मानना है कि सामने वाले से झूठ भी बोलो तो आंकड़ों का चोला ओढ़कर बोलो। इससे झूठ भी सच लगने लगता है। इन दिनों वे भुखमरों को सुखजियो, बेरोजगारों को रोजगारों, बलात्कारियों को चमत्कारियों के रूप में दशार्ते हुए हर सुबह टीवी खिड़की पर दिख जाते हैं। आजकल वे हवाई किलों के विकासी बम चौतरफा फोड़ रहे हैं और बेमौसम बरसात हो जाने पर नेहरू जी व खानदान का आगा-पीछा गिनने की कला साधकर स्वयं को पहुँचा हुआ एनलिस्ट समझते हैं। अंदाज उनका ऐसा था मानों उनसे बहस करने वालों को कालर से रंगेहाथों पकड़ लिया हो। बाकी खिसियानी हँसी के साथ पेश होने के आलावा और क्या कर सकते थे । वे जारी रहे झ्र देश को स्वतंत्रता 2014 के बाद, दाढ़ी वाले दिव्य पुरुष के उद्भव से हुआ। उससे पहले आदमी नंगा और गुफाओं में रहता था। इसलिए जनता को समय-काल का ध्यान रखना चाहिए, खासकर उनको जो मतदाताओं के रूप में आगे चलकर भेड़चाल का हिस्सा बन जाते हैं। देखो आगे, चलो पीछे। यही नीति है, यही मन्त्र है, इसी में जान बचाने का फामुर्ला छिपा हुआ है। देश को प्रेम करने के लिए सर कटाने की नहीं, दाढ़ी बढ़ाकर आँसू बहाने की कला आनी चाहिए। याद रखिए यही वह कला है, जो बिना डिएनए बदले मतदाताओं को भेड़ बनाता है और मिमियाना डिफाल्ट कर देता है। बड़बोलू भैया एक नयी व्यवस्था का प्रचार कर रहे हैं। उनकी मानें तो जान कर खुश होना पड़ेगा कि नये लोकतंत्र में विपक्ष नहीं होगा। क्या जरुरत है विपक्ष की। बिना मतलब की रस्साकशी। पता नहीं कुछ ईमानदार कैसे बेवकूफों की तरह विपक्ष को मरने नहीं देते और सत्ता पक्ष है कि उन्हें जीने नहीं देते। चलिए किसी न किसी दिन विपक्ष खेत का नजरबट्टू बनकर जरूर बनेगा।

तब संसद की शोभा के लिए विपक्ष की कुर्सियों पर वही पुतले रख देंगे। वैसे भी देश में सत्ता पक्ष को छोड़कर शेष मृत पुतलों की ही भूमिका निभा रहा है। बहस की जगह भजन कीर्तन चलेगा और देश में दैवीय ऊर्जा बहेगी । जिस तरह शादी की बस में सब खुशी-खुशी यात्रा करते हैं, वहीं संसद में होगा। अभी सारा भ्रष्टाचार वोट के कारण होता है। विपक्ष नहीं होगा तो वोट का झंझट

# लंबित कार्यों को तेजी से पूरा करने की मांग की

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत/ शहर की** बिजली-पानी एवं अन्य विकास से जुडी समस्याओं को लेकर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल से भेंट करके जल्द से जल्द लंबित कार्यों को तेजी से पूरा करवाकर जनता को राहत दिलवाने की मांग की।

राजीव जैन ने शनिवार सांय को चंडीगढ़ में माँगो से सम्बंधित पत्र सौंपते हुए मुख्यमंत्री को बताया कि शहर के बाहर बनने वाले नए बस स्टैंड, ऑडिटोरियम, ट्रैफिक पार्क, व्यापर भवन का निर्माण मुख्यमंत्री घोषणा के बाद भी शुरू नहीं हुआ है और नगर निगम कार्यालय का निर्माण भी अधूरा पड़ा है। हरसाना कलां में काम्प्लेक्स तैयार होने के बावजूद डेरी शिफ्टिंग तथा सेक्टर



3 में ऑटो मार्किट शिफ्टिंग का काम नहीं हो पा रहा है।

भाजपा नेता ने बताया कि इसके अतिरिक्त लाइन पार मंडी क्षेत्र

**मांग**

**8 राजीव जैन ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल से भेंट करके जल्द से जल्द लंबित कार्यों को तेजी से पूरा करवाने की मांग की**

में बिजली की समस्या को देखते हुए पुरानी तहसील की खाली पड़ी जमीन पर 33 के०वी० सब स्टेशन, पानी की समुचित आपूर्ति के लिए जाजल में दो और रैनीवेल का निर्माण, हिन्दू कॉलेज वाले फ्लाईओवर के मंडी की तरफ जाने वाले रास्ते को चौड़ा करने, ड्रेन नंबर 6 को कवर करने के काम में तेजी लाने तथा कामी रोड पुल से नाहर सिंह शमशान घाट तक के ड्रेन के हिस्से को भी कवर करने, मॉडल टाउन क्षेत्र में वर्किंग वोमेन हॉस्टल की खाली जमीन पर पार्क का निर्माण करने की मांग भी मुख्यमंत्री के सामने रखी गई।

इसके अतिरिक्त राजीव जैन ने शहर की व्यस्तम मार्किट कच्चे कवार्टर के बाहर बनी ई०ऐस० आई० डिस्पेंसरी को शिफ्ट कर पार्किंग बनाने, क्लॉथ मार्किट के पास

स्कुल की जमीन पर पार्किंग बनाने, सेक्टर 15 से एम०जी० मॉल तथा गेटवे स्कूल के सामने वाली सेक्टर रोड की सड़कों का निर्माण पूरा करवाने एवं कैलाशपुर गांव की जमीन भी राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करवाने बारे भी मुख्यमंत्री से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने आश्वाशन दिया कि जल्द से जल्द सभी विभागों से रिपोर्ट लेकर इन कार्यों को पूरा करवाने का प्रयास किया जायेगा ।

# गौ माता को राष्ट्रीय माता घोषित करवाने के लिए महायज्ञ आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अंबाला शहर** खतौली स्थित भगवान परशुराम गौशाला में गौ माता को राष्ट्रीय माता का दर्जा दिलाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अंबाला में पहली बार हुआ जिसमें कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि गाय माता को बनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा ने की। इस दौरान गौ माता को राष्ट्रीय माता का दर्जा दिलाने के लिए 108 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान हवनयज्ञ का संचालन वैदिक वाटिका आश्रम भम्भोली यमुनानगर से आए आचार्य गोपाल शर्मा ने किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर भगवान परशुराम गौशाला के सदस्यों की ओर से फूलों की वर्षा के साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा का स्वागत किया गया। इस अवसर पर विनोद शर्मा ने हवनयज्ञ में आहुति डाली और माथा टेका। इस दौरान आए अधिकतर वक्ताओं ने गौ माता को राष्ट्रीय माता का दर्जा देने की मांग की। वहीं कार्यक्रम के समापन अवसर पर गौशाला की तरफ से विनोद शर्मा को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। वहीं इस अवसर पर एनसीसी स्कूल के बच्चों ने अपनी प्रस्तुति देकर सभी को तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया। इस अवसर पर बोलते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा ने कहा कि हमारे समाज व हमारी संस्कृति में गाय माता का उच्चतम स्थान है। जिस उद्देश्य को लेकर आज का कार्यक्रम आयोजित किया गया है उसका विशेष महत्व है। शर्मा ने कहा कि बचपन में हमारे घर की रसोई की सेनिटाइजेशन होती थी वह गाय के गोबर से होती थी। ऐसे में गाय और गाय के गोबर के महत्व को समझ सकते हैं। साइस भी यह बात मान चुकी है कि गाय का गोबर एक बेहतर सेनिटाइजर है। शर्मा ने कहा कि गाय के साथ जुड़ा हर पहलू अपने आप में संदेश है। उन्होंने कहा कि गाय की अवहेलना करना सही नही है। हमारा अधिकार है और यह हमारी ड्यूटी है कि गाय की सेवा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वह गौशाला प्रबंधक का धन्यवाद करते हैं कि उन्होंने 108 कुंडीय महायज्ञ किया है।

उन्होंने कहा कि जहां एक तरफ धूए की कारण वातावरण को दूषित माना जाता है तो वहीं इस हवनयज्ञ से वातावरण साफ होता है। मन साफ होता है और हम तो घरों में गुग्गल का धुआं दिया करते थे, लेकिन धुएं धुएं में अंत है। हमें इस बात को समझना होगा। शर्मा ने कहा कि गाय माता को राष्ट्रीय माता का दर्जा दिलाने के लिए जो भी सहयोग होगा वह पीछे नहीं रहेंगे। इस अवसर पर चेयरमैन अरुण राणा, संस्थापक एवं प्रधान देवीराम, सह संथापक पवन अग्रवाल, सरंक्षक शीशपाल मोर व प्रमोद अग्रवाल, मुख्यासलाहकार राजिंद्र कौशिक, कार्यकारी प्रधान दिपांशु अग्रवाल, उपप्रधान प्रशांत मिश्रा व राजन बारी, महासचिव नरेंद्र शर्मा, सहसचिव संतशरण वर्मा, कोषाध्यक्ष मुकेश शर्मा, सह कोषाध्यक्ष यूडी शर्मा, सदस्य विनोद कुमार, सुरेंद्र कालड़ा, श्याम लाल गर्ग, बिजेंद्र शर्मा मोहड़ी, अशोक शर्मा, महिंद्र सिंह, इंद्रजीत सिंह लक्की, पवन प्रमार सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### चोरों ने दिन दहाड़े दुकान से चुरा लिए 2 लाख 70 हजार रुपए, मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/ संतोष कुमारी नारनौल। अटेली** कस्बा की अनाज मंडी स्थित एक दुकान से अज्ञात चोर दिनदहाड़े 2 लाख 70 हजार रुपए निकाल ले गए। पीड़ित दुकानदार को जब इसकी सूचना लगी तो उसके होश उड़ गए। दुकानदार ने इस बारे में पुलिस को सूचना दी है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मंडी अटेली की नई अनाज मंडी में पूरणमल नामक व्यापारी ने एक दुकान जिसका नंबर 60 है, की हुई है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित दुकानदार ने बताया कि गत दिवस सुबह-सुबह करीब 6 बजे दुकान पर आया। उसने आधा शटर खोला। शटर खोलने के बाद वह अखबार पढ़ने लग गया। इसके बाद वह सुबह साढ़े 6 बजे पास में ही कहीं घूमने के लिए निकल गया। सुबह 7:30 बजे वह घूम कर वापस आया। इसके बाद वह दुकान के बाहर बैठ गया। उसका भाई ओमप्रकाश सुबह 8 बजे करीब दुकान पर आया। तब उसने दुकान की गद्दी पर पैसे बिखरे हुए देखे। इस पर उन्होंने दुकान के अंदर बनी हुई गोदरेज की अलमारी को चेक किया तो वह खुली हुई पाई। उन्होंने अलमारी के अंदर देखा तो उसमें रखे हुए 2 लाख 70 हजार रुपए गायब मिले। जिसके बाद उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। वहीं आसपास के सीसीटीवी कैमरे भी पुलिस खंगाल रही है।

### दीपक शर्मा को स्टेट वाइस प्रेसिडेंट ऑफ हरिया के पद पर नियुक्त किया गय



**पानीपत/कमाल हुसैन रविवार** को नेशनल ह्यूमन राइट्स ऑगेर्नाइजेशन ऑफ इंडिया द्वारा दीपक शर्मा को स्टेट वाइस प्रेसिडेंट ऑफ हरियाणा के पद पर नियुक्त किया गया। इस दौरान डॉक्टर प्रदीप चौहान द्वारा पत्र जारी करते हुए बताया कि आज तत्काल प्रभाव से दीपक शर्मा को हरियाणा स्टेट का वाइस प्रेसिडेंट नियुक्त किया जाता है, वहीं इस दौरान दीपक शर्मा ने बताया कि जिस प्रकार से नेशनल ह्यूमन राइट्स ऑगेर्नाइजेशन ऑफ इंडिया द्वारा जो जिम्मेदारी उन्हें सौपी गई है, वो उसके प्रति पूर्ण रूप से समर्पित रहेंगे और भारतीय संविधान की रक्षा करते हुए मानवाधिकारों का पालन करते हुए कार्य करेंगे। जहां भी मानव अधिकारों का हनन होता होगा वो उनकी आवाज उठाएंगे और भारतीय संविधान के प्रति अपना कर्तव्य बनाए रखेंगे। जिस प्रकार से उन्हें आज यह जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसके लिए उन्होंने पूरे संगठन का आभार व्यक्त किया और सभी साथियों का धन्यवाद किया।

### विधायक बड़ौली को छठ पूजा का निमंत्रण देने उनके निवास स्थान पर पहुंचे सैकड़ों लोग

**सोनीपत:**
**राई** से विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली को छठ पूजा का निमंत्रण देने के लिए सैकड़ों लोग उनके निवास स्थान पर पहुंचे। लोगों के निमंत्रण को स्वीकार करते हुए विधायक ने उपस्थित लोगों को आश्वासन दिया कि वे 18 नवंबर को आयोजित छठ पूजा कार्यक्रमों में अवश्य शिरकत करेंगे और उनसे जो भी सहयोग की अपेक्षा की जा रही है वो जरूर सहयोग देंगे।
विधायक ने कहा कि हिंदू धर्म में छठ पूजा का विशेष महत्व है। यह पर्व तीन दिनों तक चलता है। पंचाग के अनुसार छठ पूजा का यह पावन पर्व हर साल कार्तिक मास में शुक्ल पक्ष की षष्ठी को मनाया जाता है। यह व्रत संतान की लंबी उम्र, उत्तम स्वास्थ्य और उज्जवल भविष्य की कामना के लिए रखा जाता है। उन्होंने कहा कि यह सबसे कठिन व्रतों में से एक माना जाता है। 36 घंटों तक कठिन नियमों का पालन करते हुए इस व्रत को रख जाता है। छठ पूजा का व्रत रखने वाले लोग चौबीस घंटो से अधिक समय तक निर्जल उपवास रखते हैं। इस मौके पर नगर पालिका कुण्डली के वाई चेयरमैन अशोक भारद्वाज, कुंदन कुमार, लाला यादव, गणेश शाह, कामेश्वर प्रसाद, गौतम सिंह, मनोज यादव सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# 'बीते 9 वर्षों में भाजपा जजपा सरकार ने प्रदेश की की जनता के साथ छल किया'

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत, कमाल हुसैन पूर्व मुख्यमंत्री** भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान हरियाणा कांग्रेस व राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में हरियाणा में कांग्रेस का 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान सफलतापूर्वक चल रहा है। कांग्रेस का एक एक कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर उन्हे कांग्रेस सरकार की हितैषी नीतियों से अवगत करा रहे हैं। सचिन कुंडू ने हल्का पानीपत ग्रामीण की *काबड़ी



रोड़ हरि नगर* में 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान चलाया गया और जनता को संबोधित करते हुए। प्रदेश सरकार की नाकामियों को उजागर करते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपाझजजपा सरकार की खराब मानसिकता को जनता के समक्ष पेश किया। आगे बोलते हुए सचिन कुंडू ने कहा कि हल्का पानीपत ग्रामीण की समस्त कालोनियों में किसी प्रकार की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। सड़कें टूटी हुई हैं व जगह जगह खड्डे हुए पड़े हैं, सीवरेज नहीं हैं नालियों बंद पड़ी हैं का पानी रास्तों में भर रहा है, जगह जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं जिससे कई प्रकार की बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है, पीने के पानी की कोई सुविधा नहीं है। जनता अपने मूलभूत अधिकारों के लिए बेहद परेशान है।
परंतु सरकार ने कालोनीवासियों की मांगो को नजरंदाज कर दिया है ।
वर्तमान सरकार में किसान अत्यंत दुखी हैं।

## जिला युवा उत्सव का आयोजन 17 और 18 नवंबर को

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन आगामी** 17 व 18 नवंबर को तकनीकी शिक्षा विभाग की ओर से जिला युवा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त वीरेंद्र कुमार दहिया ने शुक्रवार को जिला सचिवालय के सभागार में उक्त विषय से संबंधित बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि इस जिला युवा उत्सव के लिए ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन होगा और पानीपत आईटीआई में जाकर एकल और टीम स्पर्धा में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि टीम स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 15 हजार रुपए का नगर पुरस्कार दिया जाएगा। टीम में 10 प्रतिभागी ही हो सकते हैं। किसी भी टीम की परफॉर्मेंस रिकॉर्डिंग बेस पर नहीं होगी। सभी परफॉर्मेंस लाइव होंगी। इसके लिए साज संगीत भी टीम के सदस्य ही बजाएंगे। द्वितीय पुरस्कार 10 लोगों की टीम को 11 हजार और तृतीय स्थान पर आने वाली 10 लोगों की टीम को 7 हजार 500 का पुरस्कार दिया जाएगा। इसी तरह एकल स्पर्धा में प्रथम आने वाले प्रतिभागी को 1 हजार 500 द्वितीय को 1 हजार 100 और तृतीय को 750 रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए 9729377420 मोबाइल नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

## मेयर मदान ने रविवार को विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में लिया भाग

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत नगर** निगम मेयर निखिल मदान रविवार को शहर के आई टी आई चौक पर पहुँचे जहाँ निगम द्वारा आईटीआई चौक को इनर व्हील कल्ब स्वर्ण को सौंपा गया। अब आई टी आई चौक इनर व्हील कल्ब चौक के नाम से जाना जाएगा। साथ ही इस चौक का रख रखाव भी इनर व्हील कल्ब द्वारा किया जायेगा। इस मौके पर राजेश दहिया,निर्मला शर्मा,मंजू छिक्कारा, उषा भंडारी,साधु राम,इंदु भौरिया,रेखा राणा,रेखा सरोहा,प्रिंस सरोहा,पूनम भनोट,विभा कुमार,सुमन खन्ना



चौधरी आदि मौजूद रहे। वहीं मेयर निखिल मदान ने समाजसेवी संस्था स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन द्वारा सेक्टर 14 सामुदायिक केंद्र में आयोजित दीवाली मेले में शिरकत की और मेले में बच्चों द्वारा हस्त कला से बनाई गई विभिन्न वस्तुओं का अवलोकन किया। मेयर निखिल मदान ने कहा कि स्प्रेड स्माइल संस्था के सामाजिक कार्य बेहद सराहनीय है। इस अवसर पर नितिन जैन सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

**पानीपत/कमाल हुसैन आई.बी पीजी** कॉलेज (पानीपत) में कंप्यूटर विभाग ने गतिविधि प्रस्ताव लेखन का आयोजन किया गया। जिसमे बी.एस.सी कक्षा द्वितीय वर्ष के विधार्थियो ने भाग लिया` इस प्रतियोगिता मे 13 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमे से अमनजीत और आशु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया` मालिनी और हिमांशी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं आदित्य और जयकिसन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया` ये गतिविधि कंप्यूटर विभाग के प्रो. मिलन के द्वारा आयोजित करवाई गई प्राचार्य डॉ. अजय गर्ग ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने से विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ता है।

# भगवान परशुराम सेवा समिति द्वारा मासिक भवन यज्ञ आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) भगवान** परशुराम सेवा समिति रजि (1069) अम्बाला कैन्ट का मासिक हवन यज्ञ भगवान परशुराम मंदिर नग्गल करधान अम्बाला कैन्ट में समिति के पुरोहित पंडित दीपलाल जयपुरी द्वारा विधि विधान से अहोई माता का पूजन एवम 108 दुर्गा गायत्री मंत्र द्वारा यज्ञ करवाया गया इस हवन में मुख्य यजमान समिति के सदस्य सन्दीप शर्मा ओर उनकी धर्मपत्नी रीना शर्मा थे। हवन के बाद समिति के महासचिव सुरिंदर



राजू शर्मा ने बताया कि आज के बदलते युग मे जहाँ पश्चिमी सभ्यता के लोग भारतीय वेद पद्यति को अपना रहे है, वही दूसरी और हम भारतीय अपने तीज त्योहारों को भूलते जा रहे है। अहोई अष्टमी का व्रत सभी माताएं अपनी संतान की लंबी आयु के लिए रखती है।
इस शुभ अवसर पर
समिति के सचिव राजेश गोल्डी ने बताया की जो व्यक्ति कार्तिक माह में शुद्ध सात्विक वृति धारण करके किसी मंदिर तालाब के निकट प्रति दिन गऊ ग्रास, श्वान ग्रास,काग ग्रास, अग्नि ग्रास, दान करता है। तो उसके जीवन मे सभी प्रकार की परेशानिया दूर होती है।
इसके अतिरिक्त सुरिंदर राजू ने बताया कि नग्गल करधान में मंदिर बनने से आस पास के गाँव मे लोगों में पूरा जन समर्थन मिल रहा है। सुरिंदर राजू शर्मा ने कहा कि समिति ने 80 ऋ ओर 12 अ में भी रजिस्ट्रेशन करवा लिया है जो भी सदस्य समिति को दान देंगा ओर 80सी में टेक्स का फायदा ले सकता है।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान: एसडीएम ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण




**टीम एक्शन इंडिया/गोहाना (सोनीपत)**
**जिला** निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ० मनोज के निर्देशन में मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के तहत सभी बीएलओ अपने मतदान केन्द्रों पर उपस्थित होकर लोगों के दावे व आपत्ति प्राप्त कर रहे है। इस कड़ी में एसडीएम आशीष कुमार ने गांव रूखी, माहरा, भैंसवान, गामड़ी तथा गढ़ उजालेखां स्थित मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया और संबंधित बीएलओ को दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि एक जनवरी 2024 को पात्रता तिथि मानकर होने वाले फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण का कार्य गत माह से आरंभ हो चुका है। फोटोयुक्त मतदाता के पुनरीक्षण कार्य हेतु नौ दिसम्बर तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त किए जाएंगे। जिसके लिए आगामी 02 व 03 दिसम्बर (शनिवार एवं रविवार) को भी विशेष अभियान के तहत सभी मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर लगाए जाएंगे।
इस दिन बीएलओ निर्धारित मतदान केन्द्रों पर बैठकर मतदाता सूचियां में पात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में जोडने व मृतक एवं स्थाई तौर पर स्थानांतरित मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटाने का कार्य करेंगे। एसडीएम ने युवाओं, महिलाओं व ग्रामिणों का आह्वद्दान किया कि जिन्होंने अभी तक अपनी वोट नहीं बनवाई है तो वे तुरंत अपनी वोट बनवाएं और देश के लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने के लिए अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि पात्र व्यक्ति दावे एवं आपत्तियों के फार्म ऑनलाइन भी अथवा वोटर हेल्पलाइन एप पर 09 दिसंबर 2023 तक भर सकते हैं। निर्धारित तिथि तक आने वाले दावे एवं आपत्तियों का निपटारा 26 दिसंबर 2023 तक दिया जाएगा एवं 5 जनवरी 2024 को अंतिम फोटो युक्त मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।
एसडीएम ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जिले के सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपने-अपने बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने की अपील भी की गई है , ताकि फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाया जा सके।

# ऋषि निवार्ण दिवस पर प्रभात फेरी निकालेगी

## वैदिक प्रवक्ता आचार्य नरेश द्वारा वेदों उपदेश होंगे

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन आर्य** केंद्रीय सभा पानीपत महषि दयानंद सरस्वती के निर्वाण दिवस पर 6 नवंबर से 9 नवंबर तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों में प्रभात फेरियां निकालेगी साथ ही 10 नवंबर को आर्य समाज खेल बाजार में समारोह आयोजित करेगी ये जानकारी आर्य केंद्रीय सभा की प्रधान बेला भाटिया ने अपने आर्य समाज हुड्डा स्थित कार्यालय से एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करके दी। बेला भाटिया ने बताया की 6 नवंबर को प्रभात फेरी पटेल नगर नहेरू पार्क से



आरंभ होकर आर्य समाज पटेल नगर में।,7 नवंबर को एल्डिको गेट नंबर 2 से आरंभ होकर सेक्टर 3 एल्डिको सुरेश आर्य के निवास स्थान पर ,8 नवंबर को

**धव्जा**

**8 10 नवंबर को आर्य समाज का खेल बाजार में समारोह आयोजित होगा। जिसमे ध्वजारोहन कर यज्ञ होगा**


आर्य समाज माडल टाउन से आरंभ होकर वापिस आर्य समाज माडल टाउन पर ही तथा 9 नवंबर को प्रभात फेरी आर्य समाज हुड्डा से आरंभ होकर होटल डेज के साथ आर्यन सेल्स वाली गली में दलबीर आर्य के निवास्थान पर संपूर्ण होगी ।
बेला भाटिया ने बताया की प्रभात फेरियां में ऋषि महिमा के गीत तथा ईश्वर भक्ति के भजन गाए जाएंगे। बेला भाटिया ने बताया की 10 नवंबर को आर्य समाज का खेल बाजार में समारोह आयोजित होगा।
जिसमे ध्वजारोहन कर यज्ञहोगा तथा भजनोपदेशक भीष्म आर्य द्वारा ऋषि महिमा तथा ईश्वर भक्ति के भजनों का गायन तथा वैदिक प्रवक्ता आचार्य नरेश द्वारा वेदों उपदेश होंगे और समाज के प्रति किए गये ऋषि के उपकारो को स्मरण किया जायेगा।

## राज्य ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार की अंतिम तिथि 2 दिसंबर

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/ कमाल हुसैन अतिरिक्त** उपायुक्त वीना हुड्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि औद्योगिक, वाणिज्य राजकीय संस्थागत, समूह, आवासीय भवनों को ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में श्रेष्ठ उपाय करने व तकनीक अपनाने, ऊर्जा दक्षता हासिल करने के दृष्टिगत राज्य ऊर्जा संरक्षण पुरस्कारों से अलंकृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग एवं हरियाणा की ओर से वर्ष 2022झ2023 के लिए विभिन्न श्रेणियां के पात्र उपभोक्ताओं से आवेदन मांगे गए हैं।आवेदन करने की अंतिम तिथि 2 दिसंबर 2023 की गई है। वीना हुड्डा ने बताया कि इनोवेशन, नई प्रौद्योगिकी, अनुसंधान एवं विकास परियोजनाएं जिसमें नवीन परियोजना शामिल हों, ऊर्जा संरक्षण से अनुसंधान और नवाचार ऊर्जा दक्षता अपशिष्ट से ऊर्जा एवम नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र, कुशल प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन में श्रेष्ठ कार्य करने वाली संस्थाएं इसके लिए आवेदन कर सकती हैं। राज्य ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार में नगद राशि,स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।









# दिल्ली में दमघोंटू जहरीली हवा का कहर

## रविवार को दिल्ली में हवा की गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में रही, हालांकि समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक में मामूली गिरावट के साथ 504 के मुकाबले 410 दर्ज की गई

**परेशानी**

**8 चारों तरफ कोहरे की तरह नजर आने वाला स्मॉग छाया हुआ है। जिस वजह से लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है**





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**देश की** राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण के कारण लोगों का बुरा हाल है। चारों तरफ कोहरे की तरह नजर आने वाला स्मॉग छाया हुआ है। जिस वजह से लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है। सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी फोरकास्टिंग के अनुसार, लगातार चौथे दिन रविवार को दिल्ली में हवा की गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में रही, हालांकि समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में मामूली गिरावट के साथ शनिवार को 504 के मुकाबले 410 दर्ज की गई। सफर इंडिया द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, लोधी रोड क्षेत्र में वायु गुणवत्ता 385 (बहुत खराब) दर्ज की गई, जबकि दिल्ली विश्वविद्यालय क्षेत्र में 456 (गंभीर) है। कालिंदी कुंज क्षेत्र से एएनआई ड्रोन कैमरा फुटेज में हवा में धुंध की एक मोटी परत दिखाई दी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, दिल्ली भर में वायु गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में बनी हुई है। रविवार सुबह आया नगर में एक्यूआई 464, द्वारका सेक्टर-8 में 486, जहांगीरपुरी में 463 और आईजीआई एयरपोर्ट (टी3) के आसपास एक्यूआई 480 दर्ज किया गया। प्रदूषण को कम करने के लिए एनडीएमसी सिविक सेंटर के आसपास पानी का छिड़काव किया जा रहा है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा, "केंद्र सरकार के आकड़े बताते हैं कि पंजाब में पराली पिछले साल से कम जलाई गई है। पंजाब के पराली के धुएं का दिल्ली पर उतना असर नहीं है, जितना हरियाणा और उत्तर प्रदेश का है क्योंकि हवा में गति ही नहीं है। हवा चलेगी तभी तो पंजाब का धुंआ दिल्ली तक आएगा। अभी दिल्ली में चारों ओर का धुंआ आया है। हरियाणा और उत्तर प्रदेश की पराली का धुंआ दिल्ली पहुंच रहा है।

मौसमी बदलाव से जल्दी आया स्मॉग का दौर:

हवाओं के रुख व रफ्तार और तापमान के मिले-जुले असर से स्मॉग का दौर भी जल्दी आ रहा है। 1970 से 1993-94 तक नवंबर मध्य में दिखने वाली स्मॉग की चादर 1995 के बाद से अक्तूबर से ही दिखने लगी। नवंबर शुरू होते ही हालात गंभीर हो गए हैं। स्मॉग की मोटी परत के कारण कई लोगों को सांस संबंधित व स्वास्थ्य से जुड़ी अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है

दिल्ली और एनसीआर की हवाओं के बड़े खलनायक भौगोलिक स्थिति

दिल्ली हर तरफ से जमीन से घिरी है। हवाओं के मामले में इसकी स्थिति कीप जैसी है। पड़ोसी राज्यों की मौसमी हलचल का सीधा असर दिल्ली-एनसीआर में पड़ता है। चारों तरफ से आने वाली हवाएं कीप सरीखे दिल्ली-एनसीआर में फंस जाती हैं। नतीजा गंभीर स्तर के प्रदूषण के तौर पर दिखता है।

### मिक्सिंग हाइट व वेंटिलेशन इंडेक्स में गिरावट

**सर्दी** में मिक्सिंग हाइट (जमीन की सतह से वह ऊंचाई, जहां तक आबोहवा का विस्तार होता है) कम होती है। गर्मियों के औसत चार किमी के विपरीत सर्दियों में यह एक किमी से भी कम रहता है। वहीं, वेंटिलेशन इंडेक्स (मिक्सिंग हाइट और हवा की चाल का अनुपात) भी संकरा हो जाता है। इससे प्रदूषक ऊंचाई के साथ क्षैतिज दिशा में भी दूर-दूर तक नहीं फैल पाते। पूरा इलाका ऐसे हो जाता है, जैसे कंबल से उसे ढंक दिया गया हो। हवा की मिक्सिंग हाइट 3000 मीटर रही। जबकि वेंटिलेशन इंडेक्स 9000 वर्ग मीटर प्रति सेकेंड रहा।



## दिल्ली में हवा की गुणवत्ता हो रही



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली में हवा की गुणवत्ता दिन-ब-दिन खराब हो रही है। (रविवार) भी दिल्ली की हवा काफी प्रदूषित रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने सुबह 6 बजे आंकड़े जारी किए। आंकड़ों के मुताबिक दिल्ली के आया नगर और जहांगीरपुरी में वायु का गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 464 रिकॉर्ड किया गया। द्वारका में यह 486 और आईजीआई एयरपोर्ट पर 480 दर्ज किया गया।

गैस चैंबर बनी राजधानी में कल (शनिवार) जरूर वायु प्रदूषण के स्तर में आंशिक सुधार हुआ था, लेकिन सांसों पर संकट टला नहीं है। हवा में घुले प्रदूषक तत्वों की वजह से आंखों में जलन और सांस लेने में हो रही तकलीफ से समूचे एनसीआर के लोग परेशान हैं। कल पड़ोसी राज्यों से पराली का धुआं पहुंचने और वातावरण में धूल के कारण दिल्ली स्माग के चादर में पूरा दिन लिपटी रही। इस वजह से एनसीआर के ज्यादातर शहरों में हवा की गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में ही रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार शनिवार को लगातार तीसरे दिन वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 400 से अधिक रहा। आज भी स्थिति बेहद नाजुक है। सोमवार और मंगलवार को भी इसमें बदलाव होता नहीं दिख रहा। शनिवार को ग्रेटर नोएडा देश में सबसे अधिक प्रदूषित शहर रहा। वहां का एक्यूआई 490 दर्ज किया गया। गाजियाबाद को छोड़कर एनसीआर के अन्य सभी शहरों फरीदाबाद, गुरुग्राम और नोएडा में हवा की गुणवत्ता खराब श्रेणी में रही।

### प्रदूषण का साया: रद्द हो सकता है श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच मैच

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**श्रीलंका और** बांग्लादेश के बीच मुकाबले पर बारिश या आंधी-तूफान का साया नहीं है, लेकिन दिल्ली में प्रदूषण ने खिलाड़ियों की समस्या को बढ़ा दी है। वायु प्रदूषण के कारण सोमवार को होने वाले मुकाबले पर संदेह मंडरा रहा है। यह देखना होगा कि खिलाड़ियों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी जाती है या नहीं। राष्ट्रीय राजधानी में एक बार फिर जहरीली धुंध की मोटी परत छा गई है, जिससे दोनों टीमों को कम से कम एक बार अपना अभ्यास सत्र रद्द करना पड़ा है।

## नशे के लिए पैसे न देने पर युवक ने पेट्रोल डालकर घर में लगाई आग

**जांच जारी**

**8 आग में युवक और उसके पिता झुलस गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**मंडावली** इलाके में नशे के लिए पैसे नहीं देने पर एक युवक ने पेट्रोल डालकर घर में आग लगा दी। आग में युवक और उसके पिता झुलस गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस युवक के चाचा की शिकायत पर मामला दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। घायल युवक और उसके पिता की पहचान राहुल और मोहन के रूप में हुई है। राहुल के चाचा तुलसीदास ने बताया कि वह साउथ गणेश नगर इलाके में किराये के मकान में रहते हैं और रिक्शा चलाते हैं। उनके भाई मोहन इंद्रापुरम में रहते हैं और वहां चाय की दुकान चलाते हैं। उनका बेटा





राहुल दिल्ली में तुलसीदास के साथ रहता है। वह नशे का आदी है। उन्होंने बताया कि राहुल के ज्यादा नशा करने की वजह से उन्होंने अपने भाई को आने के लिए कहा था। 2 नवंबर को उसके भाई मोहन राहुल को समझने के लिए आए थे। वह उसे अपने मकान की पहली मंजिल पर समझा रहे थे। इसी दौरान राहुल आवेश में आ गया और कमरे में पेट्रोल डालकर आग लगा दी।

आग में कमरे में रखा सारा सामान जल गया और इसके चपेट में आकर राहुल और उसके पिता झुलस गए। लोगों की मदद से आग बुझाने के बाद दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलने के बाद पुलिस अस्पताल पहुंची। दोनों बयान देने के स्थिति में नहीं थे। पुलिस ने राहुल के चाचा का बयान दर्ज किया।

## जेएनयू के 16 स्टूडेंट्स को पूछताछ के लिए भेजा गया नोटिस

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी स्टूडेंट्स यूनियन (जेएनयूएसयू) के चार सदस्य और 12 हॉस्टल अध्यक्षों को कुलपति आवास के बाहर प्रदर्शन करने के मामले में पूछताछ के लिए नोटिस भेजा गया है। इसको लेकर आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी किया गया है। इस मामले में प्रॉक्टर एन. जनार्दन राजू से तत्काल कोई जवाब नहीं आया है।

नोटिफिकेशन के मुताबिक छात्रों को 7 नवंबर को प्रॉक्टर के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। यह पूछताछ बीते 19 सितंबर को वीसी आवास के बाहर किए गए प्रदर्शन को लेकर होगी। इस संबंध में मुख्य सुरक्षा अधिकारी ने शिकायत दर्ज कराई थी।


## दिल्ली: दूषित हवा कहीं कमजोर न कर दे आपकी याददाश्त?

**दुष्प्रभाव**

**8 फेफड़ों से लेकर हृदय और मानसिक स्वास्थ्य पर भी दूषित हवा के दुष्प्रभाव देखे जा रहे हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राजधानी** दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण का बढ़ता स्तर हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। फेफड़ों से लेकर हृदय और मानसिक स्वास्थ्य पर भी दूषित हवा के दुष्प्रभाव देखे जा रहे हैं। राष्ट्रीय राजधानी में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) पिछले एक हफ्ते से 400-500 के बीच बना हुआ है। अध्ययनकर्ताओं ने पाया कि लंबे समय तक इस तरह के वायु प्रदूषण के संपर्क में रहना आपके मस्तिष्क की क्षमता को प्रभावित करने वाली हो सकती है, यहां तक कि ये आपकी याददाश्त को भी कम करने वाला एक संभावित कारक है। वायु प्रदूषण किस प्रकार से हमारी सेहत को प्रभावित करता है, इसको समझने के लिए किए गए अध्ययन में पाया गया है



कि वायु प्रदूषण वाले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों में अल्जाइमर और पार्किंसंस जैसे रोग होने का जोखिम 56 प्रतिशत अधिक हो सकता है। अल्जाइमर, उम्र के साथ याददाश्त कम करने वाली स्वास्थ्य समस्या है। हार्वर्ड टी.एच. के एक मेटा-विश्लेषण अध्ययन के अनुसार सूक्ष्म कणीय वायु प्रदूषकों (पीएम2.5) के संपर्क में आने से अल्जाइमर और डिमेंशिया रोग विकसित होने का खतरा बढ़ सकता है। पीएम2.5 के कारण न्यूरोलॉजिकल स्वास्थ्य समस्याओं के बढ़ने का भी खतरा रहता है, इसलिए जरूरी है कि आप प्रदूषण से बचाव करें। अध्ययन से पता चलता है कि डिमेंशिया रोग में याददाश्त काफी कम होने लगता है, वायु प्रदूषण इसके प्रमुख जोखिम कारकों में से एक है।

पार्किंसंस रोग के हो सकते हैं शिकार: एक अन्य अध्ययन में पाया गया कि वायु प्रदूषण के कारण पार्किंसंस रोग होने का भी खतरा हो सकता है। पार्किंसंस रोग मस्तिष्क का ऐसा विकार है जिसमें आपके शरीर में कई अनपेक्षित या अनियंत्रित गतिविधियां जैसे कंपकंपी, संतुलन और समन्वय में कमी जैसी दिक्कतें हो सकते हैं। जैसे-जैसे बीमारी बढ़ती है, लोगों को चलने और बात करने में भी कठिनाई हो सकती है। वायु प्रदूषण का संपर्क इस रोग के जोखिम को भी बढ़ाने वाला पाया गया है।

## प्रदूषण रोकने के लिए किया जा रहा पानी का छिड़काव

**गंभीर स्थिति**

**8 र वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की उप समिति की बैठक हुई। इसमें इसका फैसला लिया गया**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राजधानी** दिल्ली में लगातार चौथे दिन हवा की गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में बनी हुई है। अब प्रदूषण को रोकने के लिए दिल्ली फायर सर्विसेज ने दिल्ली सरकार के साथ हाथ मिलाया है। राजधानी के हॉटस्पॉट इलाकों में फायर टेंडरों से पानी का छिड़काव किया जा रहा है, ताकि प्रदूषण को कम किया जा सके।

दिल्ली फायर सर्विस के डायरेक्टर अतुल गर्ग ने बताया, 'आज सुबह से पानी का छिड़काव शुरू कर दिया गया है। हमने 13 हॉट स्पॉट की पहचान की है और हमारा फोकस फिलहाल इन्हीं जगहों पर है। हमारे पास उपलब्ध सभी वाहनों का इस्तेमाल इसके लिए किया जा रहा है। अभी 11 गाड़ियों को ड्यूटी पर लगाया गया है। दिवाली के बाद और भी वाहनों को तैनात किया जाएगा।' वहीं, दिल्ली में एक्यूआई 'गंभीर' (450 से ऊपर) श्रेणी में पहुंचने के चलते ग्रैप का चौथा चरण लागू हो गया है। इसको लेकर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की उप समिति की बैठक हुई। इसमें इसका फैसला लिया गया। इसके तहत दिल्ली-एनसीआर में हर श्रेणी के निर्माण कार्य बंद हो जाएंगे। इस दौरान ट्रकों पर प्रतिबंध लग जाएगा।


## हजरत निजामुद्दीन: हाजिरी लगाने देश-विदेश से पहुंचे जायरीन

**सजदा**

**8 दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री इमरान हुसैन ने मुख्य अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**महबूब-ए-इलाही** हजरत निजामुद्दीन औलिया के 720वें पांच दिवसीय उर्स शरीफ के समापन पर दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री इमरान हुसैन ने मुख्य अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस मौके पर दरगाह हजरत निजामुद्दीन औलिया के चीफ इंचार्ज सैय्यद काशिफ अली निजामी ने मंत्री इमरान हुसैन व अन्य गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी में देश में अमन शांति और आपसी सौहार्द के लिए खास दुआएं की। उर्स के मौके पर यहां बहुत ही खूबसूरत नजारा देखने को मिला। पूरे दरगाह परिसर को फूलों और लाइटों से सजाया गया था। जगह-जगह लंगर और कव्वालियों का एहतमाम दरगाह कमेटी ने किया था। हमेशा की तरह सभी धर्म के मानने वालों को



यहां देखा गया। कुल मिलाकर आपसी सौहार्द का बेहतरीन माहौल दरगाह परिसर में देखने को मिला। कव्वालियों का लुत्फ लेते भी जायरीन को देखा गया। इस अवसर पर मंत्री इमरान हुसैन ने कहा कि पीर पैगम्बर, ऋषि मुनियों के दरबार से सभी सवालियों को बिना किसी धार्मिक भेदभाव के फायदा मिलता है। मैंने भी महबूब-ए-इलाही के दरबार में पूरे देश की तरक़्की व खुशहाली के लिए दुआ मांगी है।

सैय्यद काशिफ अली निजामी ने मेहमानों की दस्तारबंदी भी की। उन्होंने कहा कि हमेशा की तरह इस वर्ष भी देश के विभिन्न राज्यों सहित विदेशों से भी जायरीन अपनी मुरादें लेकर महबूब-ए-इलाही के दरबार में पहुंचे।हजारों की संख्या में प्रतिदिन जायरीन के लिए लंगर की व्यवस्था भी की गई। अन्य कव्वालों सहित मशहूर कव्वाल निजामी ब्रदर्स, सूफी ब्रदर्स हमसर हयात, चाँद ब्रदर्स ने भी कव्वालियां पेश कर अपनी हाजिरी दर्ज कराई है।

इस मौके पर विधायक प्रवीण कुमार, उर्स कमेटी दिल्ली सरकार के चेयरमैन एफ आई इस्माईली, दिल्ली अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व चेयरमैन जाकिर खान, निगम पार्षद समीर अहमद, सर्व समाज राष्ट्रीय महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ताहिर सिद्दिकी, फेस समूह के चेयरमैन डॉ मुश्ताक अंसारी पहुंचे।

## पराली की ईंट से बनेंगे सस्ते और टिकाऊ घर, वैज्ञानिकों ने तकनीक की विकसित

**तकनीक**

**8 पराली से होने वाले प्रदूषण के समाधान के लिए आईआईटी के वैज्ञानिक शोधार्थियों ने ईंट बनाने की तकनीक विकसित की है**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**पराली** अब दिल्ली एनसीआर की हवाओं को खराब नहीं करेगी। पराली से होने वाले प्रदूषण के समाधान के लिए आईआईटी दिल्ली के वैज्ञानिक और शोधार्थियों ने इससे ईंट बनाने की तकनीक विकसित की है। इसका फायदा किसानों के साथ पर्वतीय क्षेत्रों के लिए लोगों को भी होगा। किसानों को पराली की कीमत मिलेगी और लोगों को सस्ता व टिकाऊ मकान। वैज्ञानिकों की मानें तो पराली की ईंट से उन क्षेत्रों में भी तुरंत मकान बनाया जा सकता है, जो भूंकप और बाढ़ जैसी आपदाओं से प्रभावित होते हैं।

आईआईटी दिल्ली के निदेशक प्रो. रंगन बनर्जी ने कहा कि कैंपस में शनिवार को 16वें ओपन हाउस का आयोजन किया गया। ओपन हाउस में लगभग 50 कार्यात्मक डेमो और 100 रिसर्च को पोस्टर के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। हमारा मकसद स्कूली छात्रों को आईआईटी दिल्ली में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में काम और आधुनिक तकनीक से रूबरू कराना है। जिससे उनमें भी इस क्षेत्र में काम करने के प्रति रुचि पैदा हो सके।

## उत्तर भारत में वायु प्रदूषण से सांसों का संकट, दक्षिण की हवाएं स्वच्छ और सेहतमंद


**सूचकांक**

**8 ग्रेटर नोएडा सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर रहा। इसका वायु गुणवत्ता सूचकांक 490 दर्ज किया गया**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**पूरे उत्तर** भारत की हवाएं इस वक्त खराब हैं। दिल्ली-एनसीआर में सांसों पर आपातकाल लगा हुआ है। लेकिन देश की बड़ी आबादी स्वच्छ व सेहतमंद हवा में सांस ले रही हैं। दक्षिण भारत की हवाएं तुलनात्मक रूप से साफ हैं। इनमें से कई शहरों में प्रदूषण का नामोनिशान नहीं है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने जिन 200 शहरों का वायु गुणवत्ता सूचकांक जारी किया, उनमें से 26 शहरों का सूचकांक 50 से नीचे है। जबकि 28 शहरों में आंकड़ा 300 से पार है। नौ शहरों में तो संकट सांसों पर आ गया है। यहां का सूचकांक 400 से ऊपर है। इसमें दिल्ली समेत नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद व फरीदाबाद शामिल हैं।

सीपीसीबी के आंकड़ों के मुताबिक, ग्रेटर नोएडा सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर रहा। इसका वायु गुणवत्ता सूचकांक 490 दर्ज किया गया। हवा की गुणवत्ता के दूसरे छोर पर सबसे अच्छी हवा तमिलनाडु के अलियलूर की रही। शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक महज 12 था। इस मामले में दूसरा



नंबर तमिलनाडु के रामनाथपुरम का है। यहां की हवा की गुणवत्ता 14 दर्ज की गई। हवा की गुणवत्ता के मामले में उत्तर व दक्षिण भारत के बीच साफ-साफ विभाजक रेखा दिखती है।

खराब से बेहद खराब श्रेणी के ज्यादातर शहर उत्तर भारत के हैं और अच्छी से संतोषजनक स्तर की हवाओं वाले ज्यादातर शहर दक्षिण भारत के। दिल्ली-एनसीआर के वायु प्रदूषण के शोधार्थी और सेंट्रल युनिवर्सिटी, राजस्थान के प्रोफेसर डॉ. जय प्रकाश बताते हैं कि इसमें भूगोल के साथ मौसमी दशाओं की बड़ी भूमिका है। सिंधु-गंगा के मैदान में धूल के महीने कणों का हवाएं दूर तक ले जाती हैं। पंजाब से पराली का धुंआ, राजस्थान की रेतीली हवाएं दिल्ली-एनसीआर पर असर डालती है। जबकि दक्षिण में नमी ज्यादा होने से धूल धरती पर बैठ जाती है। इसमें घनी बसावट का भी अपना योगदान है।

**धूल के महीन कण हैं सबसे बड़े प्रदूषक:** विशेषज्ञ बताते हैं कि उत्तर व दक्षिण के प्रदूषण में भारी अंतर के पीछे की वजह मौसमी दशाएं और भौगोलिक बनावट व बसावट है। सिंधु-गंगा मैदान के बड़े प्रदूषक धूल के महीने कण पीएम-10 व पीएम-2.5 हैं। सर्दियों की हवा में नमी कम होने धूल के महीने कण जमीन पर नहीं बैठ पाते। वहीं, मैदानी क्षेत्र में उत्तर पश्चिमी, उत्तर-उत्तर-पश्चिमी व उत्तर पूर्वी से चलने वाली तेज हवाएं दूर तक प्रदूषकों को ले जाती हैं। पराली का धुंआ पंजाब व हरियाणा से दिल्ली-एनसीआर तक पहुंच जाता है। इससे इन दिनों की तरह हर सर्दी घनी बसावट का यह इलाका स्मॉग की मोटी चादर से ढंक रहता है। इसके विपरीत अरब सागर, बंगाल की खाली और हिंद महासागर से घिरे दक्षिण भारत में तेजी से मौसमी बदलाव नहीं होते। फिर, नमी ज्यादा होने से धूल के कण धरती पर बैठ जाते हैं। जो भी प्रदूषण होता है, वह स्थानीय होता है। वैश्विक मॉडल का अध्ययन करने की जगह सरकारों को अपने देश का ही अध्ययन कर वायु प्रदूषण की स्थिति से निपटने की कोशिश करनी चाहिए।

दिल्ली हर तरफ से जमीन से घिरी है। हवाओं के मामले में इसकी स्थिति कीप जैसी है। पड़ोसी राज्यों की मौसमी हलचल का सीधा असर दिल्ली-एनसीआर में पड़ता है।

## न्यूज फ्लैश

### पहली यूपीएससी कॉन्क्लेव स्वर्ण जयंती का हुआ आयोजन

**राई:** मोतीलाल नेहरू स्पोर्टस स्कूल राई के प्रांगण में रविवार को पहली यूपीएससी कॉन्क्लेव स्वर्ण जयंती समारोह की सुबह का आयोजिन किया गया, जिसमें 42 साल पहले राई स्पोर्टस स्कूल से अपनी शिक्षा पूरी कर हाल में हिमाचल प्रदेश के डीजीपी के पद पर सेवाएं दे रहे संजय कुण्डू बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए बच्चों को जीवन में आगे बढ? का मूल मंत्र दिया। डीजीपी कुण्डू ने कहा कि हमारे समय में सुविधाओं का सबसे ज्यादा अभाव था, जिसके कारण बहुत कम बच्चे ही उच्च शिक्षा ग्रहण कर पाते थे। लेकिन आज समय बदल चुका है आज हरियाणा में देश के प्रमुख शिक्षण संस्थान है जहां पर बच्चे अपने अच्छे कैरियर का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे समय से ही शिक्षा के क्षेत्र राई स्पोर्टस सकूल का बहुत नाम था क्योंकि जो बच्चा यहां से शिक्षा ग्रहण करता था वो अपने जीवन में जरूर कामयाब होता था। देश में सैकड़ों ऐसे आईएएस, आईपीएस, आईएफएस, आईआरएस अधिकारी व अनेक अच्छे बिजनेसमैन होंगे, जिन्होंने यहां से स्कूली शिक्षा ग्रहण की है। इस श्रेय यहां के अध्यापकों को जाता है क्योंकि यहां पर बच्चों को सफलता के रास्ते में आगे ले जाने के लिए मजबूत नींव को तैयार किया जाता है।
डीजीपी ने कहा कि स्कूली शिक्षा ही बच्चों को सफल रास्ते पर आगे ले जाने में नींव का कार्य करती है, इसलिए स्कूली शिक्षा के दौरान पूरी मेहनत और लगन के साथ शिक्षा ग्रहण करें।
उन्होंने कहा कि हमारे समय में बहुत कम लोग थे जो हमें बता सकते थे कि आपको जीवन में आगे क्या करना है लेकिन आज के समय हर स्कूल में बच्चों की कैरियर काउंसलिंग की जाती है। उन्होंने कहा कि बच्चों को सफल बनाने में कैरियर काउंसलिंग का अहम रोल होता है, इसलिए अपना एक रास्ता चुनकर उसी रास्ते पर ईमानदारी के साथ आगे बढ़े आपको जीवन में सफल होने से कोई नहीं रोक सकता। कार्यक्रम के दौरान मोतीलाल नेहरू स्पोर्टस स्कूल राई के प्रिंसिपल एंड डायरेक्टर कर्नल अशोक मोर ने कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यातिथि और अन्य अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आप जैसे अधिकारियों की वजह से ही आज राई स्पोर्टस स्कूल का नाम पूरे देश में अव्वल स्थान पर रहता है। इस मौके पर अन्य अतिथियों में आईएएस अरूनीश चावला, आईएएस दुष्यंत निराला, आईएएस प्रतिभा दहिया, आईएएस जितेन्द्र यादव, आईपीएस कुलविंदर, आईपीएस जितेन्द्र राणा, आईपीएस विजय ढूल, आईआरएस मोनिका राणा, आईआरएस प्रोमी धनानिया भी मौजूद रही।

### मैक्स वेली स्कूल का प्रतिबिंब समारोह में छात्रों ने दिया नवरस का संदेश



**राई।** बढ़खालसा रोड मैक्स वाली स्कूल के वार्षिक उत्सव समारोह के उपलक्ष में प्रतिबिंब समारोह बड़े ही उत्साह से धूमधाम से मनाया गया । समारोह में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंद्र दहिया ने शिरकत की । विशिष्ट अतिथि राई स्पोर्ट्स स्कूल के निदेशक एवं प्रधानाचार्य कर्नल अशोक मोर , ट्री मैन देवेंद्र सुरा , नेवी से सेवानिवृत्ति में मेजर सतपाल मलिक , समाजसेवी बिट्टू मदान ने शिरकत की । सभी अतिथियों का स्कूल में पहुंचने पर स्कूल के चैयरमैन राजकुमार बत्रा व प्रधानाचार्य रितु चिलानी ने बुका देकर स्वागत किया ।
कार्यक्रम की शुरूआत ओएसडी वीरेंद्र दहिया ने सभी अतिथियों के सहयोग से मां सरस्वती की फोटो के समक्ष दीप प्रज्वलित करके की । कार्यक्रम में स्कूल के छात्रों द्वारा रंगारंग संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए स्कूल के छात्रों ने कार्य कर्मों के माध्यम से पर्यावरण रक्षा ,जीवन सुरक्षा व सामाजिक बुराइयों को दूर करने का संदेश दिया । इसके अलावा छात्रों ने भगवान शिव पार्वती वी राधा कृष्ण के सांस्कृतिक कार्यक्रमों से वातावरण को भक्तिमय बनाया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत कार्यकर्मों की अतिथियों व अभिभावकों ने बहुत सराहना की । ओएसडी वीरेंद्र दहिया ने संबोधित करते हुए कहा कि जब कोई हम से मधुर शब्दों में बात करती है, तो हमारे भीतर प्रेम क्यों उमड़ता है। जब कोई बदमाश किसी कमजोर को सताता है, तो हमें क्रोध क्यों आता है। हम सबों के मन में नौ तरह के रति, हास, क्रोध, शोक, उत्साह, जुगुप्सा, भय, विस्मय और निर्वेद भाव होते हैं ।

किसी बाहरी परिस्थिति या उद्दीपन के कारण इन्हीं भावों से रस का संचार होता है और हमारे भीतर प्यार, करुणा या क्रोध उत्पन्न होता है ।जब हम बाहरी दुनिया में कुछ देखते या सुनते हैं, तो हमारे मन में मौजूद किसी एक भाव को बाहर आने के लिए एक सहारा मिलता है। स्पोर्ट्स स्कूल के निदेशक एवं प्रधानाचार्य कर्नल अशोक मोर ने छात्रों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की सराहना की ।
कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। बाद में स्कूल के चेयरमैन राजकुमार बत्रा हुए प्रधानाचार्य रितु चीलानी ने कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों व अभिभावकों का आभार व्यक्त किया । प्रधानाचार्य ने अभिभावकों को स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट से अवगत कराया।

# पराली जलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही के निर्देश

## एसडीएम डा. निर्मल नागर ने तहसीलदार, गिरदावर व पटवारियों की ली बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर । एसडीएम डा.** निर्मल नागर ने पराली जलाने पर पूर्ण पाबंधी लगाने और पराली जलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने को लेकर तहसीलदार,पटवारी और संबंधित अधिकारियों कि रविवार को बैठक ली। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि वे सभी आपस में तालमेल बना कर प्रत्येक गांवों का दौरा करें। इस दौरान अगर कही भी कोई पराली जलाता हुआ मिले तो उसके विरुद्ध भारतीय दण्ड



संहिता की धारा 188 संपठित वायु बचाव एवं प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम 1981 व कानूनी धारा 107(51) के तहत सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे यमुना के साथ लगते गांवों में निरंतर दौरा करें, क्योंकि इन गांवों में पराली जलाने के केस अधिक संख्या में आए हैं। उन्होंने आदेश दिए कि गैप के चरण-3 के आदेशों की सख्ती से पालना करवाएं और किसानों को पराली न जलाने को लेकर जागरूक करें। सभी पटवारी, ग्राम सचिव अपने से संबंधित गांवों में उपलब्ध रहे और गांव के सरपंच से तालमेल कर गांव के सभी चौकीदारों को निर्देश दे कि वे लगातार गांवों में मुनादी करवाएं कि कोई भी व्यक्ति पराली न जलाएं अन्यथा उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीआरएम स्कीम के तहत गांव में जो सीएससी बनाई गई है उनकी सूचि सभी एसडीएम और संबंधित अधिकारियों के पास भेजे ताकि जरूरी पडने पर इन कृषि यंत्रों का लाभ उठाया जा सके।
उन्होंने पुलिस अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे जब किसी कार्य से फील्ड में जाते हैं तो अगर आपको कहीं कोई पराली जलाता हुआ मिले तो उसके खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत कार्यवाही करें।

## आप नेता के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी की रैली में रवाना हुए कार्यकर्ता



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
रोहतक में आम आदमी पार्टी की रैली के लिए गन्नौर हलके से आप नेता महेंद्र चिरस्मी के नेतृत्व में गाड़ियों के काफिले के साथ काफी संख्या में कार्यकर्ता रवाना हुए। इससे पूर्व कार्यकताओं ने महेंद्र चिरस्मी के नेतृत्व में उत्साह के साथ आम आदमी पार्टी के समर्थन में नारे लगाए। महेंद्र ने कार्यकताओं को रैली में जाने से पूर्व संबोधित करते हुए कहा कि रैली में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व पंजाब के साथ मुख्यमंत्री भगवंत मान भी मौजूद रहेंगे। इस रैली में 130 करोड़ लोगों को साथ लेकर भारत को दुनिया का नंबर वन देश बनाने का संकल्प लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आम आदमी का जनाधार दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है। रैली में उमड़ी भीड़ साबित कर देगी कि प्रदेश की मौजूदा सरकार की कार्यप्रणाली से प्रदेश का आम आदमी कितना परेशान है।

## तहसीलदार ने गन्नौर क्षेत्र के बूथों का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर मतदाता सूचियों** के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर सरकार द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रविवार को तहसीलदार मनोज कुमार ने गन्नौर विधानसभा के पबनेरा स्कूल में बने बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी बीएलओ अपनी ड्यूटी पर पूर मिले। तहसीलदार ने ग्रामीण प्रतिनिधियों से अपील करी कि वे वोट बनवाने में बीएलओ का सहयोग करें और लोगों को वोट बनवाने के लिए जागरूक करें। तहसीलदार मनोज कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन नए वोटरों के वोट बनाने के लिए गंभीर है उसी के चलते जिला निर्वाचन विभाग द्वारा लोगों को



जागरूक करने के लिए एक वैन भी चलाई गई है। उन्होंने बताया कि नए वोट बनाने के अलावा कोई वोटर अपना पता बदलवाना चाहते है वे भी अपने नजदीक बूथ पर बीएलओ को फार्म भरकर दे सकते हैं।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से मोटरसाइकिल चालक की मौत

**गन्नौर ।** पुरखास गांव के पास ड्यूटी से घर लौट रहे मोटरसाइकिल चालक को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मोटरसाइकिल चालक सड़क पर गिर कर घायल हो गया। घायल को अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां चिकित्सकों ने घायल को मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई ने मामले की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी। शिकायत में पुरखास गांव के नरेंद्र ने बताया कि उसका भाई नगर निगम सोनीपत में ठेकेदार के पास काम करता है। 4 नवंबर को उसका भाई अपनी मोटरसाइकिल पर ड्यूटी के बाद अपने घर आ रहा था। जब वह पुरखास गांव के पास पहुंचा तो पीछे से उसकी मोटरसाइकिल को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी।

## आयुमंथन 2.0 कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने आयुर्वेद के विभिन्न क्षेत्रों और उनके प्रभावों को लेकर चर्चा की

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली रविवार** को दिल्ली के लोधी रोड स्थित श्री सत्य साँई ऑडिटोरियम में आयोजित आयुमंथन 2.0 कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने आयुर्वेद के विभिन्न क्षेत्रों और उनके प्रभावों को लेकर चर्चा की। आयोजक एमिल हेल्थकेयर एंड रिसर्च सेंटर की निदेशक डॉ नितिका कोहली ने बताया कि इस वर्ष राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस को स्वास्थ्य और सम्पदा के उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद सिर्फ चिकित्सा नहीं बल्कि ऐसा विज्ञान है जिसका मूल ही दिव्य है। कार्यक्रम के दौरान आयुमंथन वेबसाइट का उद्घाटन भी हुआ जहां आयुर्वेद के वैज्ञानिक तथ्यों को सार्वजनिक किया जाएगा। विश्व आयुर्वेद परिषद के राष्ट्रीय सचिव डॉ सुरेंद्र चौधरी ने कहा




कि आज के दौर में एआई तकनीक की माँग पारंपरिक चिकित्सा में भी तेजी से बढ़ रही है जो हमारे देश के चिकित्सा छात्रों को नए अवसर प्रदान कर रहा है। इसी तरह पोषण आहार, स्पोर्ट्स मेडिसिन और आयुर्वेद कॉस्मेटोलॉजी जैसी विशेषज्ञा के साथ भी आगे बढ़ा जा सकता है।
कार्यक्रम में जीवा आयुर्वेद के संस्थापक वैध प्रताप चौहान, उज्जैन स्थित नर्मदे आयुर्वेदम पंचकर्मा के निदेशक वैध प्रज्ञान त्रिपाठी, वैध संजय भोई और वैध सनातन मिश्रा ने आयुर्वेद की कोई अहम भूमिकाओं के बारे में बताया।

## 'चीनी मिल पेराई सत्र : चीन मिल कारखाने का रिपेयरिंग कार्य करीब 90 प्रतिशत पूरा'

### जानकारी के अनुसार 21 नवंबर तक पेराई सत्र के चालू होने की जताई जा रही उम्मीद

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत शहर के** कामी सड़क मार्ग स्थित सहकारिता चीनी मिल सोनीपत में कारखाने में रिपेयरिंग का कार्य करीब 90 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है। चीनी मिल व निजी कंपनी के कारिंदे दिन-रात मेहनत करके रिपेयरिंग कार्य को पूरा करने में जुटे है। मिली जानकारी के अनुसार पेराई सत्र को शुरू करने में कारखाने में लगी आग के चलते लेट होने की आशंका जताई जा रही है। मिल प्रबंधन की तरफ से 21 नवंबर तक पेराई सत्र के चलने की उम्मीद है। पेराई सत्र के देर से शुरू होने के चलते गन्ना उत्पादकों को परेशानी का सामना करने पर मजबूर होना पड़ सकता है।
बता दें कि शहर के कामी सड़क मार्ग स्थित सहकारिता चीनी मिल सोनीपत का पेराई सत्र वर्ष 2022-23 नवंबर माह के पहले सप्ताह में शुरू हो गया था। लेकिन पेराई सत्र वर्ष-2023-24 को समय पर शुरू करने के लिए मिल प्रबंधन को कड़ी मशक्त करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। पेराई सत्र समय पर शुरू न होने के कई कारण मिल प्रबंधन की तरफ से बताए जा रहे है। मिल करखाने में रिपेयरिंग का

**प्रबंधन**

**8 चीनी मिल व निजी कंपनी के कारिंदे दिन-रात मेहनत करके रिपेयरिंग कार्य को पूरा करने में जुटे है**

कार्य लगभग 90 प्रतिशत पूरा हो चुका है। हालांकि गत दिनों पहले कारखाने में लगी आग में जरूरी पार्ट जल गया था। जिसको मंगवाने व उसे स्थापित करने पर समय लग सकता है। जिसके कारण मिल का पेराई सत्र 21 नवंबर तक शुरू होने की आशंका जताई जा रही है।
चीफ इंजीनियर चल रहे संस्पेड, पार्ट के समय पर पहुंचने की उम्मीद-मिली जानकारी के अनुसार पेराई सत्र को शुरू करने में प्रबंधन की तरफ से कई अड़चने सामने आ रही है। मौजूदा समय में लापरवाही के आरोप में चीफ इंजीनियर कई महीनों से संस्पेड चल रहे है। कारखाने में निजी कंपनी को रिपेयरिंग का ठेका दे रखा है। वहीं गत दिनों पहले कारखाने में शार्ट सर्किट से लगी आग के कारण कारखाने में मुख्य पार्ट जल गया था। जिसके जल्द आने की उम्मीद जताई जा रही है। पार्ट के आने व स्थापित होने में समय लगेगा। जिसके चलते पेराई सत्र के शुरू होने में देरी हो सकती है। वहीं गन्ना उत्पादक पेराई सत्र को पहले ही सप्ताह में शुरू होने की उम्मीद जता रहे थे।
कांटे का कार्य अभी अधूरा, स्थापित नहीं हो सके पार्ट-गत पेराई सत्र को मिल प्रबंधन की तरफ से 7 नवंबर को शुरू किया था। उस दौरान मिल कारखाने का कार्य समय पर पूरा कर लिया गया था।

## जोनल यूथ फेस्टिवल में शानदार प्रदर्शन किया

**सोनीपतः राजकीय** महाविद्यालय बड़ौता के विद्यार्थियों ने 29 से 31 अक्टूबर तक आयोजित महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के रोहतक-सोनीपत जोन के जोनल यूथ फेस्टिवल में शानदार प्रदर्शन किया। महाविद्यालय के 27 विद्यार्थियों ने यूथ फेस्टिवल की 24 प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन किया और तीन प्रतियोगिताओं में तीसरा स्थान प्राप्त किया। गौड़ ब्राह्मण कॉलेज, रोहतक में आयोजित इस युवा उत्सव में राजकीय महाविद्यालय बड़ौता के बी ए तृतीय वर्ष के छात्र रोबिन ने हरियाणवी कविता पाठ में व अर्जुन ने क्ले मॉडलिंग में तीसरा स्थान प्राप्त किया। बी ए तृतीय वर्ष के छात्र विनय, बी ए द्वितीय वर्ष के छात्र केशव व दीपक की टीम ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में 24 टीमों के बीच सर्वश्रेष्ठ 6 टीमों के चयन के लिए आयोजित लिखित परीक्षा में पहला व मौखिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता विद्यार्थी 4 से 6 नवंबर को आयोजित होने वाले इंटर जोनल यूथ फेस्टिवल में महाविद्यालय की ओर से रोहतक-सोनीपत जोन का प्रतिनिधित्व करेंगे। महाविद्यालय के विद्यार्थियों की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर सभी को सम्बोधित करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सुदेश लाठर ने सभी विद्यार्थियों व सांस्कृतिक समिति की प्रभारी डॉ सरिता मलिक को बधाई दी व इसी प्रकार सफलता के नए आयाम छूने के लिए सभी को प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ मीना देवी, श्री साहिल सभरवाल, डॉ कविता राठी, डॉ राजेश डाबर, डॉ गीता, डॉ ज्योति व डॉ विनोद कुमार उपस्थित रहे।

## निशुल्क नेत्र जांच शिविर में 476 लोगों ने करवाई आंखों की जांच

**राईः गाँव कुंडली** में दादा भैया मंदिर में राजकुमार शर्मा फाउंडेशन के संस्थापक प्रतीक राजकुमार शर्मा माखन भोग वाले ने आँखों का निःशुल्क कैम्प का आयोजन किया । जिसमें 476 लोगों ने अपनी आँखें चेक करवाई । इसके अलावा शिविर में जरूरतमंद लोगों को शर्मा फाउंडेशन की तरफ से निशुल्क चश्मे वितरित किए गए। जांच के दौरान 60 से अधिक की आँखों के ऑपरेशन के योग्य पाए गए बुजुर्गों के फ्री ऑपरेशन किए जाएँगे। डॉ धीरेंद्र सिंह ने कैंप के दौरान लोगों की आंखों की जांच की। शिविर का शुभारंभ करने के बाद ग्रामीणों को संबोधित करते हुए समाजसेवी प्रतीक शर्मा ने कहा कि संस्था द्वारा हलके के गांव में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा संस्था सामाजिक क्षेत्र में विभिन्न कार्य कर रही है ।

## इसीएचएस पालीक्लीनिक का अंबाला से मेजर जनरल ने पहुंचकर पूर्व सैनिकों की समस्याओं को जानकर समाधान करवाया

### अंबाला मिलिट्री अस्पताल से कमांडेंट ब्रिगेडियर अनिल वासुदेव, पूर्व सैनिक सर्विस हेड क्वार्टर के निदेशक कर्नल सौरव पांडे ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत पूर्व** सैनिकों द्वारा जटवाड़ा में पुरखास रोड स्थित इसीएचएस पालीक्लीनिक का अंबाला से मेजर जनरल संजय मेंनी, अंबाला मिलिट्री अस्पताल से कमांडेंट ब्रिगेडियर अनिल वासुदेव, पूर्व सैनिक सर्विस हेड क्वार्टर के निदेशक कर्नल सौरव पांडे ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पिछले दिनों ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक में दवाइयां ना मिलने पर जताए गए विरोध व अन्य समस्याओं को लेकर पूर्व सैनिकों से बातचीत की । पूर्व सैनिकों ने मेजर जनरल संजय मेंनी से कहा कि दवाइयां के लिए सुबह 6 से ही लाइन लगनी शुरू हो जाती है जिस कारण लोग जल्दी-जल्दी आते हैं। जिस पर मेजर जनरल ने आदेश दिए की 8 बजे से पहले किसी को भी दवाई के टोकन न दे। टोकन देने का काम 8 बजे के बाद ही शुरू करें। पूर्व सैनिकों की मांग थी कि कई बार उनका मरीज ज्यादा बीमार होने के कारण दवाई लेने भी नहीं आता ऐसे मरीजों के लिए उनके परिजनों को ही दवाई दे देनी चाहिए जिस पर में जनरल ने कहा कि ऐसा कोई प्रावधान नहीं है फिर भी दवाई लेने आने वाले बीमार रोगियों का विशेष ध्यान रखा जाएगा। इसके अलावा पूर्व सैनिकों की मांग थी कि एक्स में कई बार दवाइयां भी नहीं मिलती।

# बढ़ते वायु प्रदूषण ने बढ़ाई लोगों की चिंता

## नागरिक अस्पताल में आंख, गले व सांस के मरीजों की संख्या बढ़ी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत हवा में** बढ़ रहे प्रदूषण का असर अब अस्पतालों में भी साफ दिखाई देने लगा है। जिले की हवा में प्रदूषण का स्तर 455 पर पहुंच गया है जोकि मानव स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक है। यह स्तर रेड जोन में आता जाता है। इसके चलते नागरिक अस्पताल में शनिवार को मरीजों की भारी भीड़ रही। इनमें अधिकतर मरीज एलर्जी, आंखों में पानी आने व सांस के रहे। ओपीडी केवल आंखों में जलन, सांस लेने में परेशानी वाले मरीजों की करीब 30 से 40 प्रतिशत बढ़ चुकी है।

> गत दिनों से वायु गुणवत्ता बेहद जहरीली होती जा रही है। चारों तरफ धुआं ही दिखाई दे रहा है। अस्पताल में मरीजों की संख्या बेहद ज्यादा बढ़ने लगी है। जिसमें ज्यादातर मरीज आंख, गले व सांस के आने लगे है। अस्पताल प्रबंधन की तरफ से मरीजों को उपचार के लिए जरूर कदम उठाएं जा रहे है। ताकि अस्पताल में आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।
>
> **डा. लोकवीर, प्रधान चिकित्सक अधिकारी नागरिक अस्पताल।**

प्रबंधन की तरफ से मरीजों को उपचार देने के जरूरी कदम उठाने का काम किया जा रहा है।
बता दें कि हवा में प्रदूषण इस कदर बढ़ गया है कि शनिवार को जिले में स्मॉग की चादर से ढका रहा। ग्रामीण क्षेत्रों में तो सुबह के समय सड़क पर दृश्यता बेहद कम रही। वाहन चालकों को पास का भी कुछ नहीं दिखाई दे रहा था। हालांकि सूर्य देवता बादलों की ओट से बीच-बीच में झांक भी रहे थे लेकिन स्मॉग इतना गहरा था कि सूर्य की तपिश बेअसर थी। दिन भर सूर्य देव आंख-मिचौली खेलते रहे। देर शाम तक वायु गुणवत्ता जिले की करीब 414 रही। जोकि रेड जॉन में मानी जाती है। शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को चिकित्सक घरों में रहने की सलाह दे रहे है।
आंखों में जलन व सांस के रोगियों की बढ़ने लगी है परेशानी-जिले की हवा में प्रदूषण का स्तर सुबह 455 दर्ज किया था। जोकि मानव स्वास्थ्य के लिए बेहद ही हानिकारक है। ऐसे में आंखों में जलन और सांस रोगियों को भी परेशानी होने लगी है। नागरिक अस्पताल के साथ-साथ निजी अस्पतालों में भी मरीज पहुंचने शुरू हो गए है। नागरिक अस्पताल की बात की जाए तो यहां पिछले दो दिन से आंखों में जलन के करीब 30 प्रतिशत मरीज सामने आए हैं।
अस्पताल की नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. लतीका ने बताया कि आंखों में पानी आने व जलन की शिकायत लेकर मरीज आ रहे है। इसलिए सभी को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है। इसके अलावा सांस के रोगी भी अस्पताल में उपचार के लिए आ रहे है।

## 'प्रत्येक ग्राम प्रहरी को पता होनी चाहिए की उसके क्षेत्र में कौन आपराधिक प्रवृति का और कौन नशा बेचता है'

**टीम एक्शन इंडिया पानीपत/कमाल हुसैन रविवार को** आर्य पीजी कॉलेज के ऑडिटोरियम में ग्राम व वार्ड प्रहरियों की बैठक का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने ग्राम/वार्ड प्रहरियों को उनकी ड्यूटी बारे पूर्ण जानकारी देकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपराध एवं अपराधियों तथा गैर कानूनी धंधा करने वालों पर प्रभावी ढंग से अंकुश लगाने के लिए प्रत्येक जिला में पुलिस के जवानों को ग्राम/वार्ड प्रहरी के तौर पर नियुक्त किया गया है। सभी पुलिस जवान इस कसौटी पर खरा उतरे। इस दौरान उन्होंने जिले के प्रत्येक गांव व वार्ड को सुरक्षित और अपराधमुक्त बनाने के लिए ग्राम



प्रहरियों को संबंधित गांव के सरपंच, नंबरदार, चौकीदार, पंचों, पार्षदों और अन्य प्रमुख लोगों से संपर्क करने के निर्देश दिए ताकि अपराधी प्रवृत्ति के लोगों का पता लगा कर कठोरता से कार्रवाई की जा सके। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने सभी ग्राम/ वार्ड प्रहरियों को निर्देश दिए कि अगले 15 दिन में गांव/ वार्ड के सभी प्रमुख लोगों से संपर्क कर आसपास के क्षेत्र के अपराधी लोगों का डाटा तैयार करें। गांव/वार्ड में नशा करने वाले, नशा तस्करों, महिलाओं से छेड़छाड़ करने वाले, जुआ, सट्टा व खुर्दा चलाने वाले, लूट, डकैती, चोरी करने वाले तथा चोरी का माल रखने वाले, विदेश में भेजने के नाम पर ठगने वालों, नौकरी दिलवाने के नाम पर पैसे ऐंठने वालों, अवैध हथियार रखने वाले, पीओ तथा धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले व कोन व्यक्ति गुंडागर्दी करता है।

# 'कथा सुनने से जन्म-जन्म के पापों से मिलती है मुक्ति'









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**श्री** राम मंदिर गली नम्बर-7 मजलिस पार्क द्वारा मंदिर वार्षिक उत्सव के उपलक्ष्य में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में भव्य व विशाल कलश यात्रा निकाली गई। इस मौके पर कथावाचक परम श्रद्धेय श्री अरविंद शरण जी महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने से जन्म-जन्म के पापों से मुक्ति मिलती है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री दिल्ली सरकार मंगत राम सिंघल ने कथा पंडाल में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और कथा का श्रवण किया। वहीं नरेश टंडन प्रधान, महामंत्री सुनील खन्ना, कोषाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल के अलावा पूर्व जिलाध्यक्ष अजय शर्मा, समाजसेवी सुरेंद्र त्यागी के साथ-साथ भारी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। इस मौके पर पूर्व मंत्री मंगत राम सिंघल ने कहा कि सभी को कथा में बताई गई बातों को अपने जीवन में उतराना चाहिए।

# शालीमार गांव में मां भगवती का हुआ विशाल जागरण



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शालीमार बाग** विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले शालीमार गांव में गली नंबर-9 में प्रथम मां भगवती जागरण का आयोजन किया गया। इस मौके पर यजमान अमरजीत बिट्टू, सूरज कुमार, वरिष्ठ समाजसेवी राजकुमार चौधरी, पीतांबर मुखिया शिवम कुमार, शिवराज कुमार, वरिष्ठ समाजसेवी पी शर्मा ने भाग लिया।
इस दौरान भव्य झांकियां भी दिखाई गई। इस अवसर पर राजकुमार चौधरी ने कहा कि हम सभी को मां भगवती की सच्चे मन से आराधना करनी चाहिए। जो भक्त सच्चे मन से मां भगवती की आराधना करता है। मां भगवती उसकी मनोकामनाएं अवश्य ही पूर्ण करती है। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

# त्रीनगर: परिषद ने नि:शुल्क हेल्थ कैम्प का किया आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**
**आनंदवास** जनकल्याण सेवा परिषद परिवार द्वारा कृष्णा युवा विकास समिति के सहयोग से त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले शकूरपुर वार्ड-62 स्थित के ब्लॉक में निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। कैम्प में डाक्टर नीलम सूरी द्वारा चिकित्सा संबधी सलाह दी गई। इसी दौरान दिष्टि उत्थान ट्रस्ट से सपना मारवाह व अनिता चोपड़ा भी कैम्प में पहुँची। संस्था के महासचिव शाहिद कुरेशी ने बताया कि कैम्प में लगभग 18 तरह के टेस्ट बिल्कुल निःशुल्क रखे गए थे। कुरेशी ने बताया कि शकूरपुर के सैकड़ो लोगों को इस कैम्प का सीधे तौर पर लाभ मिला है। इस आयोजन में आनंदवास जनकल्याण सेवा परिषद की ओर से शाहिद कुरैशी, विनय कुमार, लक्की खान, निसार सिद्दीकी, साहिल, इशांक, रोहन द्वारा के साथ कृष्णा युवा विकास समिति की से अध्यक्ष जयपाल, विक्रम सौदा, नीरज सौदा, मुकेश कनौजिया, विजय पहाड़िया, समेश भड़ाना, विनय लोहट, देवेंद्र, त्रिलोक चंद राजपूत, जसबीर सिंह, सुरेंद्र सौदा, कल्याण रॉय, कर्मवीर पहलवान, दीपक सिंह, दीपक बोहोत, डॉ मोहित भड़ाना का योगदान रहा।

# वजीरपुर : कांग्रेस ने किया मास्क का वितरण




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली के आह्वान पर वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता के साथ कांग्रेस नेता व पूर्व जिलाध्यक्ष हरी किशन जिन्दल और केशवपुरम से एमसीडी का चुनाव लड़े पंकज शर्मा ने दिल्ली में प्रदूषण की स्थिति को देखते हुए वजीरपुर इंडस्ट्रीज एरिया के उधम सिंह पार्क में लोगों में मास्क का वितरित किया और लोगों को प्रदूषण से लड़ने के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार प्रदूषण को लेकर गंभीर दिखाई नहीं दे रही है। आज दिल्ली में प्रदूषण का स्तर काफी ज्यादा बढ़ा हुआ है। दिल्ली के लोग मास्क लगाकर बाहर निकलने को मजबूर है। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष हरीकिशन जिंदल ने बताया कि मुख्यमंत्री ने समय रहते दिल्ली में प्रदूषण को रोकने का कोई प्रयास नहीं किया, दिल्लीवासियों के लिये गैस चैम्बर की स्थिति बनी हुई है।

# सराय पीपल थला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की हुई बैठक




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सराय** पीपल थला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की एक महत्वपूर्ण मीटिंग ब्लॉक अध्यक्ष भारत सिंह राघव की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर व कांग्रेस संगठन को मजबूत करने और कांग्रेस प्रत्याशियों को आगामी लोकसभा चुनाव में जिताने के लिए रणनीति पर चर्चा हुई। मीटिंग में मुख्य अतिथि आदर्शनगर जिला ऑब्जर्वर राकेश रजक, पूर्व जिलाध्यक्ष हरी किशन जिंदल के साथ आदर्श नगर ब्लाक अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल, ओबीसी सेल के अध्यक्ष सुमेर सिंह सैनी, चंद्रभान जैन, अशोक पाल, राकेश सागर, प्रदीप शौकीन, प्रेमचंद नन्हे, मूर्ति देवी, कमलेश शर्मा, लालबाबू पासवान, शेर सिंह शेरा, विजय पासी, साबिर अली, सुरेंद्र सैनी चंद्रपाल आदि कांग्रेस नेता मौजूद थे। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष भारत सिंह राघव ने बताया कि हम सभी को संगठित होकर कार्य करना है और बूथ को मजबूत करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने की ओर विशेष ध्यान देना है।

# राम कुटी मंदिर में श्री श्याम गुणगान महोत्सव में झूमे श्रद्धालु





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नरेला के राम कुटी** मंदिर में श्री लखदातार सेवा मंडल ट्रस्ट की ओर से द्वितीय श्री श्याम गुणगान महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। महोत्सव में हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने श्याम बाबा के समक्ष माथा टेका और मन्नते मांगी। महोत्सव में वृंदावन से आए चित्र-विचित्र जी महाराज, वैष्णवी शर्मा, सुमित सैनी, पूर्णिमा बंसल, अमित भोले ने श्याम प्रभु खाटू वाले के भजनों की एक से बढ़कर एक सुंदर प्रस्तुति देकर सब को झूमने पर मजबूर कर दिया। महोत्सव पश्चात महाप्रसाद भंडारे का भी आयोजन किया गया। बाहरी दिल्ली के नरेला में बवाना रोड़ स्थित रामकुटी मंदिर में श्री लखदातार सेवा मंडल ट्रस्ट की ओर से श्री श्याम प्रभु खाटू वाले के जन्मोत्सव के उपलक्ष में द्वितीय श्री श्याम गुणगान महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाबा श्याम का भव्य एवं अलौकिक दरबार सजाया गया। श्रृंगारित दरबार के समक्ष प्रसिद्ध गौ सेवक राजेंद्र सिंघल ने ज्योति प्रज्वलित कर महोत्सव का शुभारंभ किया। महोत्सव दौरान श्रद्धालुओं के चेहरे पर भक्ति का गजब उत्साह देखते ही बन रहा था। श्री श्याम महोत्सव में बाबा चित्र-विचित्र जी महाराज, वैष्णवी शर्मा, सुमित सैनी, पूर्णिमा बंसल, अमित भोले ने श्याम प्रभु खाटू वाले के भजनों की एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुति देकर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। शाम 7 बजे शुरू हुए श्याम महोत्सव में श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। इस दौरान श्याम बाबा की जय, हारे के सहारे की जय, तीन बाण धारी की जय, के जयकारों से पूरा पंडाल गूंज उठा। श्याम महोत्सव में अलौकिक श्रृंगार, भव्य दरबार, अखंड ज्योत, छप्पन भोग, इत्र फुहार आदि का भी आयोजन किया गया। देर रात तक चले आयोजन का समापन महा आरती के साथ हुआ। इसके पश्चात लखदातार सेवा मंडल की ओर से भंडारे मे महाप्रसाद की व्यवस्था की गई। श्याम गुणगान महोत्सव में श्री लखदातार सेवा मंडल ट्रस्ट से जोगिंदर आढती, राजीव, मुकेश दयानी, सनी शर्मा, विशाल ठाकुर, सुनील गोस्वामी, सोनू मुखिजा, रवि शर्मा, विनय मिश्रा, सनी कुमार, चिराग अग्रवाल, सुमित गुप्ता, अजय कुमार, डॉ. सचिन साहू, मोहित गुप्ता, विक्की मदान, अजय धवन, जितेंद्र कुमार, प्रदुम राजपूत सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# बच्चों को मेलों से मिलती है सकारात्मक ऊर्जा: विधायक राजेश नागर

## विधायक राजेश नागर ने सेक्टर 15 स्थित एपीजे विद्यालय में आयोजित मिराकी मेले का किया उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** सेक्टर 15 स्थित एपीजे विद्यालय ने अपना वार्षिक उत्सव मिराकी मेला के रूप में मनाया। जिसका उद्घाटन विधायक राजेश नागर ने किया। इस अवसर पर मशहूर मोटिवेशनल स्पीकर सोनू शर्मा भी मौजूद रहे। नागर ने कहा कि समारोह हमारे मन को खुशी और उत्साह से भर देता है। इसमें भी जब बच्चे मेलों में शामिल होते हैं तो उनमें सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है। इसलिए बच्चों को मेलों में जरूर ले जाना चाहिए।




उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने फरीदाबाद के सूरजकुंड में पहली बार दीवाली मेले का आयोजन किया है। जिसका लाभ सभी को उठाना चाहिए। नागर ने बच्चों ने कहा कि वह इस प्रकार की गतिविधियों में निरंतर भागीदारी करें। उन्होंने कहा कि पढ़ाई का जीवन में विशेष महत्व है लेकिन हमारे मन और तन का भी परिपूर्ण विकास होना चाहिए। उन्होंने बताया कि हरियाणा के बच्चे खेलों में भी अच्छे परिणाम दे रहे हैं। जिसके लिए बच्चों को प्रयास करने चाहिए। प्रेरक सोनू शर्मा ने अपने विचारों द्वारा छात्रों को जीवन में नैतिक मूल्य को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इससे पहले यहां पहुंचने पर प्रमुख अतिथियों को विद्यालय की प्रधानाचार्या अनीता यादव ने पौधा देकर और शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। उन्होंने बेहतरीन प्रस्तुतियों के लिए छात्रों का मनोबल बढ़ाया एवं अतिथियों और अभिभावकों का धन्यवाद किया। समारोह में आए विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों द्वारा गणेश वंदना प्रस्तुत की गई। वहीं छात्रों ने बेबी शो, एकल नृत्य प्रतियोगिता एवं अन्य आकर्षक रचनात्मक गतिविधियों द्वारा आगंतुकों का मन मोह लिया। अतिथियों ने छात्रों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न प्रकार के खेलों का आनंद उठाया और छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

# रैपर एमसी स्क्वायर के गीतों के नाम रही सांस्कृतिक संध्या

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** सूरजकुंड दिवाली उत्सव पर बड़ी चौपाल पर शनिवार की शाम सांस्कृतिक संध्या हरियाणवी रैपर व युवाओं के दिलों की धड़कन एमसी स्क्वायर (अभिषेक बैसला) के गीतों के नाम रही। हरियाणवी रैपर एमसी स्क्वायर ने एक के बाद एक धमाकेदार हिपहॉप और रैप सॉन्ग प्रस्तुति देकर अपने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। जैसे ही एक रंगारंग प्रस्तुति समाप्त होती वैसे ही दर्शकों की तरफ से एक और एक और.. का शोर सुनाई देने लगा। पूरे कार्यक्रम के दौरान सारा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। पर्यटन निगम के एमडी डॉ नीरज कुमार ने सांस्कृतिक संध्या का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ



किया। खचाखच भरी चौपाल पर दर्शकों के सिर दिवानगी इस कदर हावी थी कि वे कुर्सियों पर खड़े होकर ठूमके पर ठूमके लगाने लगे। जिला पुलिस ने भी दर्शकों के जोश को कम नहीं होने दिया। पुलिस कर्मी बार-बार अनुशासन में रहकर कार्यक्रम का लुत्फ उठाने का आग्रह करते नजर आए।

रैपर एमसी स्क्वायर ने ऊर्जा से ओतप्रोत बदमाश छोरा से सांस्कृतिक संध्या की शुरूआत की।रैपर एमसी स्क्वायर ने हर बोल पर दर्शकों के ऊर्जा के स्तर को चैक किया जिस पर दर्शकों ने पूरे उत्साह के साथ जवाब दिया।

कर लो खोज, कलाकार साइन, बिलॉन्ग करे एचआर से, हिप हॉप जीरो वन सॉन्ग, मिले साठ में, जैसे गानों से पंडाल में गर्माहट का एहसास कराया और दर्शक थिरक उठे।

## संक्षिप्त खबरें

### 40 .076 ग्राम चरस सहित आरोपी को क्राइम ब्रांच सेक्टर-17 की टीम ने आरोपी को किया गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
डीसीपी क्राइम हेमेंन्द्र कुमार मीणा के द्वारा शहर में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए दिए गए दिश निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-17 प्रभारी अशोक कुमार की टीम ने अवैध नशा तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी रोहित(22) पलवल के गांव पृथला का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने गुप्त सूत्रो से प्राप्त सूचना से एस्कोर्ट मुजेसर मैट्रो स्टेशन के पास से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से 40.076 ग्राम चरस/सुल्फा बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-8 में अवैध नशा तस्करी की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने किसी व्यक्ति से करीब 3 महिने पहले 50 हजार रुपए में करीब 500 ग्राम चरस को खरीदा था। जिसमें से आरोपी ने बाकी की चरस को बेच दिया। आरोपी अभी मौके पर भी चरस को बेचने की फिराक में था। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर नियमानुसार कार्रवाई की गई।

### मुख्यमंत्री ने करनाल के गांव रतनगढ़ से शुरू की छात्र परिवहन सुरक्षा योजना

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि गांव में 50 से अधिक विद्यार्थी होने पर दूर-दराज के स्कूल में जाने के लिए अब परिवहन विभाग की ओर से बस सेवा उपलब्ध करवाई जाएगी। जिस गांव में 30 से 40 विद्यार्थी हैं, वहां पर मिनी बस, जिस गांव में 5 से 10 विद्यार्थी हैं, वहां शिक्षा विभाग विद्यार्थियों के लिए परिवहन सुविधा उपलब्ध करवाएगा।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल रविवार को करनाल के गांव रतनगढ़ में जनसंवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने यहां छात्र परिवहन सुरक्षा योजना शुरू करने की घोषणा की है। इस योजना को प्रथम चरण में करनाल जिला और उसके बाद प्रदेश के अन्य जिलों में लागू की जाएगी।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गांव रतनगढ़ के लोगों की समस्याएं सुनी और जगदीश निवासी जुंडला व दयानंद निवासी रतनगढ़ को पेंशन की सौगात, युवाओं को खेल प्रांगण जैसी सुविधा, रतनगढ़ और दौलतपुर गांव के बीच स्थित डेरे के 10 घरों में जाने के लिए 2 या 3 करम के रास्ते बनाने के लिए जमीन मालिक से बातचीत करने और गांव में बिजली के नए कनेक्शन देने, गांव निवासी ओम प्रकाश को रेडक्रॉस के माध्यम से रिक्शा देने, गांव की बेटी प्रियंका की मांग पर गांव के साथ लगती ड्रेन को बारिश से पहले पक्का करने, गांव फूसगढ़ निवासी सुरजीत की शिकायत पर सेक्टर 32 के पुलिस इंचार्ज को चेतावनी दी और बेटियों की मांग पर पंचायती राज फंड से मेन रोड से गांव तक सडक पर लाईटिंग की व्यवस्था करने की सौगात दी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि करनाल विधानसभा क्षेत्र के 20 वार्डों और 6 पंचायतों सहित 26 जगहों में से 23 जगहों पर जनसंवाद कार्यक्रम के माध्यम से लोगों की शिकायतें सुन चुके हैं और इस दौरान जितनी भी शिकायतें दर्ज करवाई गई हैं उनमें से अधिकतर का समाधान किया गया है। उन्होंने गांव रतनगढ़ के जनसंवाद कार्यक्रम में विद्यार्थियों को गांव से दूर स्कूलों तक जाने के लिए परिवहन व्यवस्था की सौगात दी है जिसकी शुरूआत सोमवार से रतनगढ़ से शुरू कर दी जाएगी।

इस गांव में सोमवार को सुबह 7 बजे रोडवेज विभाग की बस विद्यार्थियों का इंतजार करेगी। यह बस विद्यार्थियों को स्कूल ले जाने और फिर घर छोड़ने का काम करेगी। यह योजना करनाल के बाद पूरे प्रदेश में लागू की जाएगी। जहां पर 30 से 40 बच्चे होंगे वहां पर मिनी बस उपलब्ध करवाई जाएगी और जिस गांव में 5 से 10 बच्चे होंगे वहां पर ऑटो रिक्शा जैसी सुविधा मिलेगी।

# युवती को बहला-फुसलाकर होटल में ले गया युवक, किया रेप

**पलवल/टीम एक्शन इंडिया**
पलवल में नाबालिग को बहला-फुसलाकर फरीदाबाद से पलवल ओयो होटल में ले जाकर रेप करने का मामला सामने आया है। जब नाबालिग ने विरोध किया तो उसने उसे जान से मारने की धमकी दी। नाबालिग पीड़िता की शिकायत पर महिला थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रेप समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।मिली जानकारी अनुसार एक नाबालिग लड़की ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि पलवल निवासी सुमित नाम का एक युवक उसे फरीदाबाद से बहला-फुसलाकर अपने साथ पलवल ले आया।

# महिला सशक्तिकरण की जीती जागती मिसाल है श्री कृष्णा पिकल्स

**समानता**

**8 दिवाली मेला उत्सव में ऐसा स्टाल जहां जाते मुंह में भर आता पानी, लोगों को भा रहे अचार, मुरब्बे व सिरके**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** अब महिलाएं भी पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में पुरुषों की बराबरी कर रही हैं तथा समानता का प्रतीक बनकर उभर रहीं हैं। सूरजकुंड मेला परिसर में आयोजित प्रथम दिवाली उत्सव के दौरान श्री कृष्णा पिकल्स स्टाल पर ऐसा देखने को मिला। दिवाली उत्सव में श्री कृष्णा पिकल्स स्टाल



पर स्टाल के मालिक जितेंद्र ने अपनी माता श्रीमती कृष्णा यादव के बारे में बताया कि कैसे शिक्षा से वंचित रहने के बावजूद भी श्रीमती कृष्णा यादव ने कामयाबी का सफर तय किया है। दिल्ली के नजफगढ़ में रहने वाली श्रीमती कृष्णा यादव एक छोटे से कमरे में अचार बनाना का काम शुरू किया था और अब वे अधिक से अधिक महिलाओं को रोजगार दे रही हैं। कृष्णा यादव 'श्री कृष्णा पिकल्स' की मालकिन हैं और आज 4 लघु इकाइयां चला रही हैं, जिनमें अचार से जुड़े 152 उत्पाद तैयार किए जाते हैं। कृष्णा को यह सफलता इतनी आसानी से नहीं मिली, इसके लिए उन्हें काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। अपनी मेहनत के दम पर 2014 में इनोवेटिव आइडिया के लिए राज्य की पहली चैंपियन किसान महिला अवार्ड, 2015 में नारी शक्ति सम्मान और प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति द्वारा सम्मान प्राप्त कर चुकी है। श्री कृष्णा पिकल्स के स्टाल नंबर 974 पर आम, करौना, हरी मिर्च, लाल मिर्च, आंवला, अमड़ा, लहसुन, सरसों, मिक्स, करैला, लेसवा, मशरूम, हल्दी, अंदरक, प्याज, गोभी, गाजर समेत 150 तरह के आचार सहित 14 प्रकार के मुरब्बे और कई प्रकार के सिरके जिन्हें गन्ना, जामुन, सेब से तैयार किया गया है। इन अचारों की कीमत दो सौ रुपये से लेकर चार सौ रुपये किलो तक है और सिरके की कीमत दो सौ रुपये से लेकर ढाई सौ रुपये तक है।

**फोटो :** अचार की खरीदारी करती महिलाएं।

# क्राइम ब्रांच कैट ने 5 नाबालिंग बच्चों को रेस्क्यू कर किया परिजनों के हवाले

**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** हरियाणा सरकार के तहत चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य व डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह की टीम ने 5 नाबालिंग बच्चों को रेस्क्यू कर उनके जीवन को सही दिशा दिखाने के लिए व उनकी देखभाल के लिए परिजनों को प्रेरित करने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि ऑपरेशन मुस्कान के तहत कार्य करते हुए क्राइम




ब्रांच कैट की टीम ने थाना सारन के एरिया से 5 नाबालिंग बच्चे को भीख मांगते व कूड़ा बीनते हुए रेस्क्यू किया है। जिसमें बच्चों की दो की उम्र 12 वर्ष, दो की उम्र 13 व एक की उम्र 10 वर्ष है। पांचों बच्चो का नाम, पता पूछ कर सीडब्ल्यूसी के आदेशानुसार इनके परिजनों के हवाले किया गया। 5 बच्चों के परिजनों को बच्चों की पढ़ाई के लिए प्रेरित किया और हिदायत देते हुए सकुशल बच्चों को परिजनों हवाले किया है।

# देशभर के सरपंचों को ग्रामीण विकास का मंत्र देंगे सुनील जागलान

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
दो बार राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता बीबीपुर के पूर्व सरपंच प्रोफेसर सुनील जागलान को भारतीय गुणवत्ता परिषद के चेयरमैन जक्षय शाह ने देशभर के सरपंचों को ग्रामीण विकास का मूलमंत्र देने के लिए नियुक्त किया है।

भारतीय गुणवत्ता परिषद क्वालिटी विलेज तैयार करने के लिए सुनील जागलान के बीबीपुर मॉडल को एडॉप्ट कर रही है। भारतीय गुणवत्ता परिषद ने सुनील जागलान को देशभर के सभी राज्यों में होने वाले सरपंच संवाद के लिए मुख्य वक्ता के तौर पर चुना गया है, जिसमें कुल 50 कार्यक्रम होंगे।

# बल्लभगढ़ विधान सभा क्षेत्र में कुडा नहीं रहने दूंगा: मूलचंद शर्मा

## कहा, शहर में जहां अन्य स्थानों पर कूडे के ढेर लगे हुए हैं। उन्हें भी एक से दो दिन में साफ कराया जाएगा



**टीम एक्शन इंडिया/बल्लबगढ़/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** कैबिनेट मंत्री श्री शर्मा ने बताया कि शहर में जहां अन्य स्थानों पर कूडे के ढेर लगे हुए हैं। उन्हें भी एक से दो दिन में साफ कराया जाएगा। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने शहर से कूड़ा उठाने वाली इको ग्रीन कंपनी की लापरवाही और कूड़ा उठान का कार्य न किए जाने को मद्देनजर रखते हुए बल्लबगढ़ विधानसभा क्षेत्र में अपने निजी कोष से कूड़ा उठान का कार्य शुरू करा दिया है। गौरतलब है कि केबिनेट मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने शुक्रवार को नगर निगम बल्लबगढ़ जोन के अधिकारियों के साथ अपने कार्यालय पर मीटिंग के दौरान उन्होंने अपने निजी कोष से बल्लबगढ़ विधानसभा क्षेत्र में लगे कूड़ा के ढेरों को उठाने के आदेश दिए थे। जिस पर नगर निगम के कार्यकारी अभियंता ओपी कर्दम और सफाई निरीक्षक बृजमोहन शर्मा की देखरेख में बीती रात 12:00 बजे खत्तो से कूड़ा उठान का कार्य शुरू किया गया। बल्लबगढ़ विधानसभा क्षेत्र के 8 स्थानों पर बने खत्तो से बीती रात को कूड़ा उठवाकर शहर में दिखाई देने वाली गंदगी को दूर करने का काम किया है। जो कूड़े के ढेर शहर में बाकी रह गए हैं। उन्हें आज रात को उठवा दिया जायेगा।

ये हैं बल्लबगढ़ के आठ प्वाइंट बल्लबगढ विधान सभा क्षेत्र में शहर के 8 स्थानों में अंबेडकर चौक के पास अग्रवाल कॉलेज के सामने, बल्लभगढ़ किसान भवन, अज्जी कॉलोनी, राधा नगर ,पेट्रोल पंप सेक्टर- 3 के पास ,पुलिस चौकी रोड सेक्टर-3, तिगांव रोड नियर शराब ठेका और बिजली बोर्ड के पास तिगांव रोड से करीब 18 बड़े डंपर कूड़े को शहर से बाहर किया गया है।

# श्री कृष्ण सेवा सदन का 22वां वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन आर्य समाज मंदिर प्रांगण में किया गया

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** श्री कृष्ण सेवा सदन का 22वां वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन एन.एच.तीन स्थित आर्य समाज मंदिर प्रांगण में किया गया। यह संस्था पिछले 22 वर्षों से लगातार जरूरतमंदों को राशन वितरित करती आ रही है। इसी कड़ी में आज 68 परिवारों को खाद्य सामग्री, गर्म कपड़े, मिठाई व आर्थिक सहायता प्रदान की गई। श्री कृष्ण सेवा सदन के अध्यक्ष प्रवीण कुमार, उपाध्यक्ष मनीष मदान, गोविन्द सिंह, महासचिव एडवोकेट दीपक ठुकराल,



सहसचिव एडवोकेट संदीप सेठी, श्रीमती शांति आर्य, सदस्य सुरेश गुलाटी, दयानंद विरमानी, संतोष मदान, संतराम कथूरिया, श्यामलाल आहूजा, एडवोकेट दीपक गेरा, भाजपा नेता ओमप्रकाश ढींगड़ा, नवदीप सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष यशपाल शर्मा के अलावा आर्य समाज से संजय खट्टर, देव व्रत आर्य मौजूद रहे। श्री कृष्ण सेवा सदन के अध्यक्ष प्रवीण कुमार, उपाध्यक्ष मनीष मदान ने बताया कि उनकी संस्था पिछले 22 वर्षों से शहर के अलग-अलग जरूरतमंद परिवारों का प्रत्येक माह खाद्य सामग्री, आर्थिक मदद के अलावा बच्चों को पाठ्य सामग्री उपलब्ध करवाती आ रही है। सहसचिव संदीप सेठी ने बताया कि संस्था के संस्थापक स्व. चन्द्रभान जी की सोच के अनुरूप से पिछले 22 वर्षों से संस्था समाजिक कार्य में लगे हुए है। अब तक संस्था लगभग 50 से ऊपर स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगा चुकी है। जिसमें सैकड़ों लोगों ने स्वस्थ्य लाभ लिया।

# डिजिटल अरेस्ट मामले में साइबर थाना एनआईटी में ठगी का मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** पुलिस आयुक्त महोदय के द्वारा अपराध पर अंकुश लगाने वह अपराधियों पर नकेल कसने के दिए गए निर्देश पर कार्रवाई करते हुए थाना साइबर एनआईटी में पीड़िता से हुई साइबर ठगी के मामले में मुकदमा दर्ज। पीडिता की शिकायत के मुताबिक 12 अक्टूबर को उसे कस्टम विभाग लखनऊ के अधिकारी बताकर स्काइप पर कॉल किया और कहा कि उसके नाम और आधार कार्ड नंबर से एक पार्सल कंबोडिया जा रहा है। जिसमे 16 पासपोर्ट और 68 एटीएम है, यह पासर्ल सीज कर दिया है। करीब 3.8करोड रुपए



की मनी लॉन्ड्रिंग की है जिसमें उसे 5% चार्ज के रूप में भेजना होगा

आरोपीयो ने डिजिटल अरेस्ट वारंट और अदालत से संबंधित कागजात भेजे।

जिसमें पीडिता को आधार नम्बर और नाम के साथ डिजिटल अरेस्ट दिखाया गया था।

आरोपियो ने पीडिता के फोन की वीडियो ऑफ कर कॉल पर बने रहने,फोन बन्द व कॉल को डिस्कनेक्ट न करने को कहा, पीडिता आरोपियों के निर्देश अनुसार काम करते हुए उनके जाल में फसती चली गई। पिडिता द्वारां ढाई लाख रुपये आरोपियों के खाते में ट्रांसफर करने के बाद आरोपियों ने सीबीआई से अग्रिम जमानत के बेल ऑर्डर भेजे। और कहां की तुम इस केस से फ्री हो गई हो। पीडिता ने वारदात के बारे में भाई को बताया । पीडिता से हुई ठगी के बारे में पता चला तो साइबर थाना एनआईटी में शिकायत दी जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

आरोपियों की तलाश जारी है और उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि फरीदाबाद पुलिस लगातार शहर में स्कूल, कॉलेजों और मार्किट में साइबर जागरुकता अभियान चलाए जा रहे है।

साइबर जागरूकता ही बचाव है साइबर ठगी होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर कॉल कर सूचना दे और उन्हें अपने साथ हुई साइबर ठगी के बारे में जानकारी दें। साइबर टीम द्वारा साइबर अपराधियों के बैंक खातों को फ्रीज करवाने पर साइबर पीड़ित के पैसे वापिस मिल सकते हैं।

# अवैध हथियार सहित आरोपी को क्राइम ब्रांच सेन्ट्रल की टीम ने किया गिरफ्तार

**पूछताछ**

**8 आरोपी देसी कट्टे को नोएडा में किसी से 3000/- रु में अपने शौक के लिए खरीद कर लाया था।**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी क्राइम हेमेंन्द्र कुमार मीणा के द्वारा शहर में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए दिए गए दिश निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेन्ट्रल प्रभारी दीपक लोहान की टीम ने अवैध हथियार सहित



आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी कृष्ण बल्लबगढ़ के गांव जसाना का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से जसाना गांव के एरिया से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से देसी कट्टा के साथ जिंदा रौंद बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ थाना तिगांव में अवैध हथियार की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी देसी कट्टे को नोएडा में किसी अनजान व्यक्ति से 3000/- रु में अपने शौक के लिए खरीद कर लाया था। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 06 नवंबर 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### सिरसा: फर्जी दस्तावेजों से ली जमानत, एफआईआर

**सिरसा:** एक उद्घोषित अपराधी ने कोर्ट में फर्जी दस्तावेज व जमानती प्रस्तुत कर जमानत करा ली। कोर्ट के संज्ञान में ये बात आई तो उसने दस्तावेजों की पड़ताल कराई। सभी दस्तावेज व जमानती फर्जी पाया गया। मामले में आरोपी संजीव कुमार आहूजा और बसंत के खिलाफ सिविल लाइन थाना पुलिस को धोखाधड़ी, फर्जी दस्तावेज तैयार करना व कोर्ट को गुमराह करने के आरोप में केस दर्ज किया गया है। चेक बाउंस मामलों की सिरसा की स्पेशल कोर्ट के रीडर ने शिकायत में बताया है कि वर्ष 2021 में चेक बाउंस के मामले में कोर्ट में आरोपी संजीव कुमार आहूजा के खिलाफ केस चल रहा है। वह इस मामले में कोर्ट में पेश नहीं हुआ तो कोर्ट ने उसे भगोड़ा घोषित कर पुलिस को उसके खिलाफ कोर्ट के आदेश की अहवेलना करने का केस दर्ज करने के आदेश दिया। आरोपी संजीव कुमार ने 7 जून 2022 को कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया था और 50 हजार रुपए की राशि में व्यक्तिगत जमानत बांड प्रस्तुत किए। बठिंडा निवासी बसंत लाल आरोपी संजीव कुमार की जमानत के लिए कोर्ट में पेश हुआ। बसंत लाल ने वर्ष 2016-17 की गांव पट्टी गिल तहसील बठिंडा की जमाबंदी प्रस्तुत की। इसमें बसंत लाल के नाम से संपत्ति दर्ज थी। इसके बाद कोर्ट ने इन दस्तावेजों के आधार पर आरोपी संजीव को जमानत दे दी। कोर्ट को बाद में पता चला कि जमानती का आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज फर्जी हैं। कोर्ट ने बठिंडा तहसीलदार से रिपोर्ट मांगी तो पता चला कि बसंत लाल नाम का कोई व्यक्ति दस्तावेजों में दर्ज पते पर नहीं रहता। हुडा चौकी इंचार्ज प्रदीप कुमार का कहना है कि संजीव कुमार व जमानती बसंत के खिलाफ आईपीसी की धारा 420,467,468,471 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

### ईडी के अधिकारियों के खिलाफ सीबीआई जांच हो : प्रतुल

**रांची:** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला। प्रदेश मुख्यालय में रविवार को पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए प्रतुल ने कहा कि पूरे राज्य में सिस्टम धराशायी हो गया है। संवैधानिक मशीनरी भी ध्वस्त हो गई है। जेल से सरकार चल रही है। जेल में बंद सत्ता के दलाल ईडी के अधिकारियों के खिलाफ षड्यंत्र रच रहे हैं। प्रतुल ने कहा ऐसी खबरें मीडिया में लगातार आ रही है कि सत्ता के शीर्ष में ऑपरेट करने वाले जेल में बन्द दलालों के खिलाफ जांच कर रहे ईडी के अधिकारियों को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सलियों, गैंगस्टरों का सहयोग लिए जाने का षड्यंत्र हो रहा है। ये विचलित और चिंतित करने वाली बात है। प्रतुल ने कहा कि यह भी आरोप लग रहा है कि एक महिला के जरिए ईडी के अधिकारियों के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कराकर उन्हें परेशान करने की कोशिश हो रही है। साथ ही कहा कि जेल के अधिकारियों पर यह संगीन आरोप लगा है कि उन्होंने कैदियों के द्वारा दलालों के खिलाफ शिकायत करने वाले पत्रों को दबा दिया। जांच के दायरे में इसे भी लाया जाए।

प्रतुल ने कहा कि हेमंत सरकार को जवाब देना चाहिए कि ईडी के द्वारा हजारों करोड़ के भ्रष्टाचार की जांच करने के दौरान दोषी पाए गए अफसर के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए दर्जनों पत्र 18 नवंबर, 2022 से 26 सितंबर के बीच राज्य सरकार को लिखा था लेकिन अभी तक राज्य सरकार कुंडली मारकर क्यों बैठी है?

# 'नक्सलियों की छाती को रौंदेगा यूपी का बुलडोजर'

## सीएम योगी ने छत्तीसगढ़ में पहले चरण के चुनाव प्रचार के आखिरी दिन की दो जनसभा व एक रोड शो

**टीम एक्शन इंडिया/सुकमा/बस्तर**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव प्रचार के आखिरी दिन रविवार को दो जनसभा व एक रोड शो किया। अनवरत दूसरे दिन प्रचार के दौरान कांग्रेस व नक्सली सीएम योगी के निशाने पर रहे। सीएम ने कहा कि कांग्रेस के इशारे पर नक्सली तत्वों ने रतन दुबे की हत्या की है। ऐसा करने वालों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। रतन दुबे की हत्या कांग्रेसियों व नक्सलियों की बौखलाहट है। उन्हें पता है कि डबल इंजन की सरकार आ रही है। आते ही यूपी का बुलडोजर इनकी छाती को रौंदेगा। सीएम ने यह भी कहा कि लव जेहाद के नाम पर भाजपा कार्यकताओं, गरीबों, आदिवासियों की हत्या स्वीकार नहीं होगी। वहीं कांग्रेस




को आड़े हाथ लेते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि घोटाले पर घोटाला कांग्रेस का संस्कार बन चुका है। भाजपा सरकार आने दीजिए, इनके घोटालों की जांच कराएंगे।

**लालू के घोटाले से दो कदम आगे जाकर गोबर खा रही कांग्रेस सरकार:** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कोंटा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी स्वयं मुक्का के पक्ष में जनसभा की। बोले-कल ही आपने देखा होगा महादेव ऐप का नया घोटाला आया। कहते हैं कि छत्तीसगढ़ सरकार के नजदीकी लोगों ने लाखों गरीबों का पांच सौ करोड़ से अधिक रुपये ठग लिया है। कांग्रेस की यह सरकार लालू जी के चारे घोटाले से दो कदम आगे जाकर गोबर खा रही है। यहां गोबर, खनन, कोयला, पब्लिक सर्विस कमीशन समेत घोटाले पर घोटाला कांग्रेस का संस्कार बन चुका है। इस संस्कार से उबारने के लिए छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार चाहिए।

### 'माफिया को गरीब के हक पर डकैती की छूट नहीं देनी चाहिए'

**सीएम** योगी ने कहा कि यह सरकार आस्था से खिलवाड़ करती है। यूपी में जब भाजपा सरकार नहीं थी। वहां पर्व-त्योहार नहीं मनाने देते थे। कांवड़ नहीं निकालने देते थे। आज गाजियाबाद से हरिद्वार के बीच कांवड़ यात्रा में 4 करोड़ लोग भाग लेते हैं। उन्हें डीजे, शंख- घंटा-घड़ियाल बजाने की छूट देने के साथ उन पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा भी कराते हैं। सरकार की नीयत साफ होनी चाहिए तो नियंता सब कुछ देता है। गरीब बेबस नहीं होना चाहिए। उसके चेहरे पर लाचारी नहीं होनी चाहिए। गुंडा-माफिया को गरीब की प्रॉपर्टी, हक पर डकैती डालने की छूट नहीं देनी चाहिए।

**कांग्रेसियों व नक्सलियों की बौखलाहट है रतन दुबे की हत्या:** सीएम योगी आदित्यनाथ ने बस्तर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार

**योगी की हुंकार**

**8 कांग्रेस के इशारे पर नक्सली तत्वों ने रतन दुबे की हत्या की है। ऐसा करने वालों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा**

मनीराम कश्यप के समर्थन में वोट की अपील की। सबसे पहले सीएम योगी ने जिला पंचायत सदस्य व भाजपा के जिला उपाध्यक्ष रतन दुबे को श्रद्धांजलि दी। सीएम ने कहा कि कांग्रेस के इशारे पर नक्सली तत्वों ने रतन दुबे की हत्या की है। ऐसा करने वालों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। रतन दुबे की हत्या कांग्रेसियों व नक्सलियों की बौखलाहट है। उन्हें पता है कि डबल इंजन की सरकार आ रही है। आते ही यूपी का बुलडोजर इनकी छाती को रौंदेगा। सीएम ने कहा कि यहां नक्सलवाद का खात्मा होगा। धर्मांतरण की अनैतिक कार्यों को रोकने का कार्य आने वाले समय में डबल इंजन की भाजपा सरकार करेगी। सीएम ने कहा कि साजा से हमारे कार्यकर्ता ईश्वर साहू चुनाव लड़ रहे हैं। उनके गांव की बालिका को लव जेहाद के माध्यम से झूठे प्रलोभन व धोखा देकर उसे मुसलमान बनाने का कुत्सित प्रयास किया गया। बालिका के विरोध व शिकायत पर सुनवाई नहीं हुई। कांग्रेस नेताओं की शह पर ईश्वर के पुत्र भुवनेश्वर साहू की हत्या सिर्फ इसलिए कर दी गई थी कि वे उस बालिका की मदद कर रहे थे। लव जेहाद के नाम पर भाजपा कार्यकर्ताओं, गरीबों, आदिवासियों की हत्या स्वीकार नहीं होगी।

## बचेंगी, बढ़ेंगी और गंगा में आपके साथ खेलेंगी डॉल्फिन



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**जी हां।** अपेक्षाकृत बुद्धिमान और इंसान की दोस्त डॉल्फिन के करतब आप गंगा की लहरों पर देख सकेंगे। दोस्ती बढ़ाकर आप इनके साथ खेल भी सकेंगे। ऐसा आने वाले कुछ वर्षों में इसलिए संभव है क्योंकि चंद रोज पहले उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने लुप्तप्राय हो रही "गांगेय डॉल्फिन" को प्रदेश का जलीय जीव घोषित किया है। सरकार के इस कदम से संबंधित विभाग फोकस के साथ इनके संरक्षण और संवर्धन का प्रयास करेंगे। सुरक्षा और संरक्षण से इनकी संख्या बढ़ेगी। ये गंगा की लहरों पर दिखने लगेंगी। इनके करतब लोगों के आकर्षण का विषय होंगे।

**गंगा में हैं सर्वाधिक डॉल्फिन:** उल्लेखनीय है कि फ्रेश पानी की डॉल्फिन सरयू/शारदा, चंबल, गेरुआ और कुछ और नदियों में भी मिलती हैं, पर गंगा में इनकी संख्या सर्वाधिक है। चूंकि गंगा का सर्वाधिक अपवाह तंत्र उत्तर

**सुरक्षा-संरक्षण**

**8 योगी आदित्यनाथ सरकार ने लुप्तप्राय हो रही "गांगेय डॉल्फिन" को प्रदेश का जलीय जीव घोषित किया**

प्रदेश में ही है। लिहाजा गांगेय डॉल्फिन की संख्या भी उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक है। एक अनुमान के मुताबिक अगर इनकी कुल संख्या 2000 के आसपास है तो उत्तर प्रदेश में इनकी संख्या 1600 से 1700 तक हो सकती है। ऐसे में इनके संरक्षण और संवर्धन की सर्वाधिक जिम्मेदारी भी उत्तर प्रदेश की ही बनती है। राज्य के जलीय जीव का दर्जा देकर योगी सरकार ने इस बाबत प्रतिबद्धता भी जताई है। इसी वजह से आने वाले कुछ वर्षों में ये गंगा नदी के आकर्षण का केंद्र बनेंगी। डॉल्फिन मछली नहीं मैमल (स्तनधारी) जीव हैं। ये मछली जैसे अंडा नहीं देती।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय, देहरादून में राज्य सम्पत्ति विभाग के अन्तर्गत स्वागती पद पर 8 संस्तुत अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए।

## हिमाचल में जल्द मिलेगी बीएसएनएल की 5जी सुविधा

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन**

**हिमाचल** प्रदेश में बी एस एन एल की 5जी सुविधा जल्द ही उपलब्ध होने जा रही है। इसके लिए बी एस एन एल ने टॉवर लगाने का कार्य शिमला ,सोलन ० सिरमौर में आरम्भ कर दिया है। सांसद शिमला संसदीय क्षेत्र ० पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप ने रविवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि अब प्रदेश में नेटवर्क को तेज करने व बी एस एन एल की 5जी सुविधा देने के लिए कार्य आरम्भ हो चूका है जिसके लिए शिमला ,सोलन ० सिरमौर में नए टावर लगाए जा रहा हैं। ये टावर उन स्थानों पर लगाए जा रहे हैं जहां पर नेटवर्क की समस्या आती है। इसके साथ ही 2जी ,3जीव 4जी को भी सुदृढ़ किया जा रहा है।

सुरेश कश्यप ने प्रदेश सरकार को घेरते हुए कहा कि सरकार का दस महीने का कार्यकाल विफलता से भरा है और कोई भी कार्य धरातल पर नहीं हो रहा है। सरकार लगातार कर्ज ले रही है जबकि दूसरी तरफ केंद्र सरकार ने गरीब कल्याण योजना को अगले 5 वर्षों के लिए शुरू कर दिया है ताकि गरीब लोग लाभान्वित हो सकें।

## जनता भाजपा की जनविरोधी नीतियों से परेशान: अजय राय

**लखनऊ: प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर बसपा काल** में मंत्री रह चुके राज बहादुर सिंह, सेवानिवृत्त आईपीएस उमेश कुमार सिंह सहित सैकड़ों लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इन सभी को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने सदस्यता दिलाई। सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में आये सभी आगन्तुकों का स्वागत करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि आज जनता भाजपा की जनविरोधी नीतियों से परेशान हो चुकी है। प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज ही नहीं रह गई है।




## छत्तीसगढ़ में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार बनाएं : बाबूलाल मरांडी

**टीम एक्शन इंडिया/रांची भाजपा प्रदेश अध्यक्ष** बाबूलाल मरांडी ने छत्तीसगढ़ के केशकाल विधानसभा क्षेत्र में रविवार को भाजपा प्रत्याशी नीलकंठ टेकाम के पक्ष में बहिगांव और मुरवेल में जनसभाओं को संबोधित किया। मरांडी ने कहा कि विधानसभा चुनाव में आप केवल प्रत्याशी नहीं चुनने जा रहे, बल्कि एक सरकार चुनने जा रहे। इसलिए पूरी सावधानी के साथ ठोक बजाकर आप सरकार बनाएं।



उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य की कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ को भ्रष्टाचार की गर्त में डूबा दिया। कांग्रेस पार्टी का यह पुराना इतिहास है। कांग्रेस की सरकार को जनता को सेवा से कुछ भी लेना देना नही।कांग्रेस की सरकार कमाने के लिए होती है जबकि भाजपा की सरकार काम करने के लिए बनती है। उन्होंने कहा कि जनता में जब अवसर दिया तो अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने अलग छत्तीसगढ़ राज्य का सपना साकार किया। कई लोक कल्याणकारी योजनाएं चलाई लेकिन भूपेश बघेल सरकार ने राज्य को घोटाले का राज्य बना दिया।


**ब्रज उत्सव** दीपावली के ठीक बाद 14 से 27 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा

## मथुरा ब्रजरज उत्सव की तैयारियां पूरी, 14 नवंबर से आयोजन

**नाटिका**

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

**उत्तर प्रदेश ब्र**ज तीर्थ विकास परिषद 14 नवंबर से दो सप्ताह तक चलने वाले ब्रजरज उत्सव का आयोजन करेगी। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार। इस बार यह उत्सव महान कृष्णभक्त मीराबाई की 525वीं जयंती के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। नाटिका का आयोजन इस उत्सव का नृत्य मुख्य आकर्षण होगा जिसमें फिल्म अभिनेत्री तथा भाजपा की स्थानीय सांसद हेमामालिनी मीराबाई के किरदार में नजर आएंगी।



**पहले यह उत्सव 11 दिन का होता था, लेकिन अब यह उत्सव 14 दिन का होगा:** परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष नगेंद्र प्रताप ने बताया कि उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद की ओर से हर साल आयोजित होने वाला ब्रजरज उत्सव मथुरा ही नहीं, आसपास के जिलों के कलाकारों के लिए एक बड़ा मंच प्रदान

**8 भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की स्थानीय सांसद हेमामालिनी मीराबाई के किरदार में नजर आएंगी**

करता है। इस वर्ष ब्रजरज उत्सव दीपावली के ठीक बाद 14 से 27 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा, जो कि कृष्णभक्त मीराबाई की 525वीं जयंती के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पहले यह उत्सव 11 दिन का होता था, लेकिन अब यह उत्सव 14 दिन तक आयोजित किया जाएगा।